राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा





स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254



@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, बुधवार, 04 फ़रवरी 2026

वर्ष 07, अंक 125, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित



सीतापुर में न्यायालय अभिरक्षा से फरार हुआ विचाराधीन बंदी, पॉक्सो कोर्ट में पेशी के दौरान हुआ फरार..03

ट्रंप के आगे खामनेई का सरेंडर! न्यूक्लियर प्रोग्राम रोकने पर ग्रीन सिग्नल...12


## बीमारी है फैसले में देरी, इसे खत्म किया जाना चाहिए... जानें ऐसा क्यों बोला सुप्रीम कोर्ट

**● सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालयों द्वारा महीनों तक फैसले सुरक्षित रखने को 'चिह्नित बीमारी' बताया है, जो न्याय में बाधा डालती है. सीजेआई ने कहा कि इस प्रथा को खत्म किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि वह हाईकोर्ट के जजों के साथ आगामी बैठक के दौरान यह मुद्दा उठाएंगे**

सुप्रीम कोर्ट मंगलवार (3 फरवरी) को बड़ी टिप्पणी की. कोर्ट ने न्याय सुनिश्चित करने की जरूरत रेखांकित करते हुए कहा कि उच्च न्यायालयों द्वारा महीनों तक फैसलों को सार्वजनिक किए बिना सुरक्षित रखे जाने का चलन एक चिन्हित बीमारी है. कोर्ट ने कहा कि इस प्रथा को खत्म किया जाना चाहिए। दरअसल सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी. इस याचिका में झारखंड हाईकोर्ट का जिक्र किया गया था. याचिका में कहा गया था कि हाईकोर्ट पिछले साल (2025) चार दिसंबर को एक याचिका खारिज करते हुए मौखिक रूप से फैसला सुनाया था और वह फैसला अब तक अपलोड नहीं किया गया है.सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगले सप्ताह के आखिर तक वकील को पूरा फ़ैसला उपलब्ध कराया जाए।

**'कानून की गरिमा के साथ खिलवाड़'**

याचिकाकर्ता की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने देरी का ज़िक्र करते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि सिर्फ़ जुबानी जमा खर्च किया जा रहा है. कोई संदेश जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि यह कानून की गरिमा के साथ खिलवाड़ करने जैसा है।

**'दो तरह के न्यायाधीश होते हैं...'**

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि मोटे तौर पर दो तरह के न्यायाधीश होते हैं. एक मेहनती न्यायाधीश होते हैं, जो सबकी बात सुनते हैं और 10-15 मामलों में भी फैसला सुरक्षित रख लेते हैं. वहीं कुछ न्यायाधीश ऐसे होते हैं, जो इसके बाद फैसले नहीं सुनाते. उन्होंने कहा कि हम किसी एक व्यक्ति की बात नहीं कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि यह न्यायपालिका के सामने एक चुनौती है और यह एक चिह्नित बीमारी है।

**'बीमारी का इलाज होना चाहिए'**

सीजेआई ने कहा कि इस बीमारी का इलाज होना चाहिए और इसे खत्म किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि इसे फैलने नहीं दिया जा सकता. उन्होंने कहा कि एक और आम चलन है कि कुछ मामलों में



दलीलें सुनी जाती हैं और फिर उन्हें आगे के निर्देशों के लिए सूचीबद्ध कर दिया जाता है. उन्होंने कहा कि वह हाईकोर्ट के जजों के साथ आगामी बैठक के दौरान यह मुद्दा उठाएंगे।

**'समाधान निकालने की कोशिश करेंगे'**

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'हम अन्य मुद्दों के साथ इस पर भी चर्चा करेंगे. हम कोई ऐसा समाधान निकालने की कोशिश करेंगे, जिससे इस तरह के टाले जा सकने वाले मुकदमे खत्म हो जाएं'. उन्होंने कहा, 'हाई कोर्ट के जज के तौर पर अपने 15 साल के करियर में मैंने कभी भी कोई फैसला सुरक्षित नहीं रखा और तीन महीने में फैसला नहीं सुनाया'।

**'फैसला अभी तक अपलोड नहीं किया गया'**

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में मामले के तथ्यों का ज़िक्र करते हुए कहा 'झारखंड हाईकोर्ट ने 4 दिसंबर, 2025 को फैसला सुनाया था, जिसमें रिट याचिका खारिज कर दी गई थी. फैसला अभी तक अपलोड नहीं किया गया है. हमने उच्च न्यायालय की तरफ से पेश वकील को बताया है कि इस देरी का कोई कारण नहीं है। अगले हफ्ते के आखिर तक वकील को पूरा फैसला दे दिया जाए'. मामला अब 16 फरवरी से शुरू होने वाले सप्ताह में सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर 2025 में सभी उच्च न्यायालयों को सुरक्षित रखे गए फैसलों का घटनाक्रम संबंधी विवरण सौंपने का निर्देश दिया था, जिसमें फैसले सुरक्षित रखने, सुनाने और अपलोड करने की तारीखें शामिल हों. सुप्रीम कोर्ट ने अपने इस निर्देश के पालन की निगरानी कर रही है, जिसमें यह अनिवार्य किया गया है कि फैसलों की सभी प्रमाणित प्रतियों में संबंधित तीनों तारीखें साफ-साफ दर्ज हों।

## ये नेक्स्ट जेनरेशन, दिल्ली और देश की तरक्की का रोडमैप... बजट पर बोले मंत्री प्रवेश सिंह

**दिल्ली कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने केंद्रीय बजट 2026-27 को 'नेक्स्ट जेनरेशन बजट' बताया, जो भारत की आर्थिक नींव को मजबूत करेगा और दिल्ली के विकास को नई रफ्तार देगा. उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को वैश्विक आर्थिक शक्ति बताया।**



दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सचिवालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय बजट 202627 को नेक्स्ट जेनरेशन बजट बताते हुए कहा कि यह बजट भारत की आर्थिक नींव को और मजबूत करने के साथ-साथ दिल्ली के विकास को नई रफ्तार देगा. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में भारत आज एक विश्वसनीय वैश्विक आर्थिक शक्ति बनकर उभरा है. इसका प्रमाण अंतरराष्ट्रीय व्यापार फैसलों और निवेशकों के बढ़ते भरोसे में साफ दिखाई देता है।

अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर टैरिफ घटाकर 18% किए जाने के फैसले पर प्रवेश ने इसे भारत के लिए बड़ी आर्थिक उपलब्धि बताया. उन्होंने कहा कि यह भारत की मजबूती, स्थिरता और विकास क्षमता पर बढ़ते विश्वास को दिखाता है. यह साफ दिखाता है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आज एक मजबूत और भरोसेमंद वैश्विक आर्थिक शक्ति बन चुका है. इससे हमारे निर्यातकों को लाभ मिलेगा, निवेश बढ़ेगा और व्यापार के नए अवसर खुलेंगे।

**आने वाले भारत के निर्माण के लिए है बजट**

इस वैश्विक सकारात्मक माहौल को केंद्रीय बजट 202627 से जोड़ते हुए मंत्री ने कहा, सरकार की आर्थिक सोच तात्कालिक लाभ नहीं बल्कि दीर्घकालिक राष्ट्र निर्माण पर केंद्रित है. यह बजट आज के फायदे के लिए नहीं बल्कि आने वाले भारत के निर्माण के लिए है. यह 2047 तक विकसित भारत और उसके साथ विकसित दिल्ली का रोडमैप तैयार करता है।

दिल्ली में बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रवेश ने बताया, चालू वित्त वर्ष में लोक निर्माण विभाग को सड़क विकास के लिए ?805 करोड़ मिले हैं. जबकि 202627 के लिए विभाग केंद्र सरकार से लगभग ?1,200 करोड़ की केंद्रीय सहायता और आवंटन प्राप्त करने की दिशा में प्रयास करेगा. इससे बड़े पैमाने पर सड़कों के सुदृढ़ीकरण और विस्तार के काम किए जाएंगे. इस बढ़ी हुई केंद्रीय मदद से राजधानी में सड़कों की गुणवत्ता सुधरेगी, यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

**तेजी से आगे बढ़ रही हैं परियोजनाएं**

मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी होने के कारण अब केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच बेहतर समन्वय से परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं. कई वर्षों से लंबित इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य अब पूरी गति से पूरे हो रहे हैं. शासन व्यवस्था में सुधारों पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि पिछले 11 महीनों में स्थिरता, जवाबदेही और कार्यकुशलता आई है, जिससे रुकी हुई विकास योजनाएं फिर से शुरू हो सकी हैं।

प्रवेश ने कहा कि पहले राजनीतिक टकराव के कारण दिल्ली का विकास बार-बार रुकता था. आज काम फोकस, पारदर्शिता और गति के साथ आगे बढ़ रहा है. वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है. मजबूत नेतृत्व, बढ़ता वैश्विक विश्वास और दूरदर्शी नीति मिलकर भारत और दिल्ली दोनों का एक शक्तिशाली भविष्य गढ़ रहे हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### यूपी सरकार ने 68 हजार कर्मचारियों की सैलरी रोकी, वो कर्मी जिन्होंने नहीं किया ये काम

**प्रयागराज।** यूपी सरकार ने 68 हजार से ज्यादा राज्य कर्मचारियों की सैलरी फिलहाल रोक दी है। ये वो कर्मचारी हैं, जिन्होंने अपनी प्रॉपर्टी की जानकारी 'मानव संपदा पोर्टल' अपलोड नहीं की है। दरअसल, कुछ दिन पहले प्रदेश सरकार ने 'मानव संपदा पोर्टल' पर राज्य कर्मियों के चल-अचल संपत्ति का ब्योरा ऑनलाइन करना अनिवार्य कर दिया था। प्रदेश में आठ लाख से अधिक राज्य कर्मचारी हैं। आदेश में कहा गया था कि 31 दिसंबर 2025 तक अर्जित सभी चल-अचल संपत्तियों का ब्योरा 31 जनवरी 2026 तक पोर्टल पर ऑनलाइन देना होगा। अगर नहीं दिया तो फरवरी में जनवरी माह का वेतन नहीं मिलेगा। मुख्य सचिव ने कहा था कि सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को 31 दिसंबर 2024 तक अर्जित अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा 31 जनवरी तक मानव संपदा पोर्टल पर अनिवार्य रूप से भरना होगा। एक जनवरी से पोर्टल पर यह सुविधा शुरू हो गई है। सभी विभागाध्यक्ष अपने अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों को इसके अनुसार कार्यवाही करने के लिए कहें। तय सीमा में संपत्ति का विवरण न दिए जाने को प्रतिकूल रूप से लिया जाएगा। एक फरवरी, 2025 के बाद होने वाली विभागीय प्रमोशन समितियों की बैठकों में ऐसे अधिकारी-कर्मचारी के प्रमोशन पर विचार नहीं किया जाएगा।

### कन्नौज में किसान की हत्या, पेट में धारदार हथियार से हमला कर मार डाला

**कन्नौज।** घर से दूर खेत में झोपड़ी बनाकर सो रहे किसान की हत्या कर दी गई। सुबह खून से लथपथ चारपाई पर शव मिलने से सनसनी फैल गई। सदर कोतवाली के जलालपुर पनवारा गांव निवासी नरेंद्र पाल खेतीबाड़ी के साथ बकरी पालन करते हैं। वह गांव के बाहर खेत में झोपड़ी बनाकर रात को बकरियों और खेतों की रखवाली के लिए झोपड़ी में ही सोते थे। रोजाना की तरह सोमवार को भी घर से खाना खा कर झोपड़ी में सोने गए थे। दूसरे दिन मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे बेटे सौरभ ने झोपड़ी के अंदर चारपाई पर शव देखा। इससे भीड़ जुट गई। सदर कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप ने बताया कि पेट में धारदार हथियार से हमला कर किसान की हत्या की गई है। मामले की जांच की जा रही है। कानपुरः नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी मंगलवार सुबह जेके मंदिर पहुंचे। उन्होंने राधा-कृष्ण के दर्शन करने के बाद आरती की। पूजन कराने वाले बटुकों से बातचीत की। मंदिर के बारे में जानकारी ली। कहा, मंदिर अद्भुत बना है। उन्होंने मंदिर घूमते हुए फ़ोटो खिंचाई और कहां जीवन मे यह पल यादगार रहेंगे। उन्होंने मंदिर को नौसेना का एक स्मृति चिह्न दिया। वह मंदिर में करीब 35 मिनट रुके।

## 'शादी डॉट कॉम' के संस्थापक अनुपम मित्तल को SC से राहत, 2 हफ्ते के लिए गिरफ्तारी पर लगी रोक

**● सुप्रीम कोर्ट ने 'शादी डॉट कॉम' के संस्थापक अनुपम मित्तल की गिरफ्तारी पर दो हफ्ते की अंतरिम रोक लगा दी है. यह मामला एक उपयोगकर्ता से 11 लाख रुपए की धोखाधड़ी से जुड़ा है, जहां फर्जी प्रोफाइल का इस्तेमाल किया गया।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार (3 फरवरी) को 'शादी डॉट कॉम' के संस्थापक अनुपम मित्तल और दो अन्य की गिरफ्तारी पर दो हफ्ते की रोक लगा दी. हालांकि कोर्ट ने यह भी साफ किया कि अंतरिम जमानत के लिए उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट जाना होगा. यह मामलाइस वैवाहिक वेबसाइट के एक उपयोगकर्ता द्वारा कथित धोखाधड़ी किए जाने से संबंधित है।

इस मामले की सुनवाई जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एन.वी. अंजारी की बेंच ने की.सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें मित्तल के खिलाफ कार्यवाही को निरस्त करने से इनकार कर दिया गया था और मामले को नए सिरे से विचार के लिए हाईकोर्ट को वापस भेज दिया है. हालांकि सुनवाई के दौरान कोर्ट ने साफ कहा कि यह अंतरिम जमानत का मामला है, इसके लिए आपको हाईकोर्ट जाना चाहिए।

**क्या है मामला** दरअसल यह मामला हैदराबाद की एक महिला की शिकायत से जुड़ा है. महिला का आरोप है कि उसने शादी डॉट कॉम पर एक प्रोफाइल के जरिए संपर्क किया.संबंधित व्यक्ति ने फर्जी पहचान का इस्तेमाल किया और उससे करीब 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई. महिला का आरोप है कि वेबसाइट ने यूजर के विवरण का सही तरीके से वैरिफिकेशन नहीं किया, जिसकी वजह से यह धोखाधड़ी संभव हो सकी।

**अनुपम मित्तल का तर्क**

इस शिकायत के आधार पर दर्ज केस में शादी डॉट कॉम के संस्थापक अनुपम मित्तल और अन्य के खिलाफ भी कार्यवाही शुरू हुई. मित्तल ने तर्क दिया कि प्लेटफॉर्म केवल एक जरिया है. उन्होंने कहा कि किसी एक यूजर की आपराधिक हरकत के लिए कंपनी या फाउंडर को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है. इसी के खिलाफ उन्होंने पहले तेलंगाना हाईकोर्ट का रुख किया था. हालांकि हाईकोर्ट ने मित्तल के खिलाफ





आपराधिक कार्यवाही रद्द करने से इनकार कर दिया था. इसके बाद मित्तल सुप्रीम कोर्ट पहुंचे।

**सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चूंकि निर्णय विवाद के मूल कानूनी तथ्यों के आधार पर नहीं लिया गया, इसलिए हम उक्त आदेश को निरस्त करते हैं और मामले को इसके मूल तथ्यों के आधार पर विचार करने के लिए हाई कोर्ट को वापस भेजते हैं. आपराधिक मामलों को उनकी मूल फाइल में बहाल किया जाता है. हाई कोर्ट इनके मूल कानूनी तथ्यों के आधार पर विचार करेगा. यह कोर्ट इस संबंध में कोई राय नहीं दे रहा. बेंच ने कहा कि इस बीच, याचिकाकर्ता अंतरिम राहत के लिए हाई कोर्ट के समक्ष अनुरोध कर सकता है।

**मित्तल के वकील ने कही ये बात**

अनुपम मित्तल की ओर से कोर्ट में पेश हुए वकील आत्माराम नाडकर्णी ने दलील दी कि वह एक वैवाहिक वेबसाइट संचालित कर रहे हैं, जो जीवनसाथी ढूंढने में मदद करता है. उन्होंने कहा कि वह तो सिर्फ जीवनसाथी ढूंढने में मदद कर रहे हैं. उन्होंने सवाल किया, हम जांच में सहयोग कर रहे हैं. लेकिन फिर मुझे आरोपी क्यों बनाया गया है?

सुप्रीम कोर्ट ने ने 26 जून को तेलंगाना सरकार को नोटिस जारी कर सभी कार्यवाही पर रोक लगा दी थी.पिछले साल तेलंगाना हाई कोर्ट ने मित्तल और दो अन्य आरोपियों, विग्नेश और सतीश के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने से इनकार कर दिया था।

## यूजीसी नियमावली, विषय पर परिचर्चा कर रहे दिशा छात्र संगठन के छात्रों पर संघी गुण्डों का कायराना हमला

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** 7 दिशा छात्र संगठन की ओर से बरगद लॉन, इलाहाबाद विश्वविद्यालय में यूजीसी नियमावली, 2026 विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया था। परिचर्चा शांतिपूर्ण तरीके से चल रही थी तभी भावेश दूबे, विपुल तिवारी, वैभव पाण्डेय, अनुराग मिश्रा, आयुष दूबे, सम्राट राय आदि के नेतृत्व में 30-40 अराजक तत्व आकार परिचर्चा कर रहे छात्रों से गाली-गलौज और मारपीट करने लगे। परिचर्चा में शामिल पूजा, निधि, सौम्या, चन्द्रप्रकाश आदि को जातिसूचक गालियाँ दी, मारपीट किया। महिलाओं के साथ ये गुण्डे बदतमीज़ी करते रहे। लड़कियों के बाल पकड़कर घसीटे, उनके पेट में घूसे मारे। छात्र संजय के नाक से खून आने लगा। निधि के नाक पर गम्भीर चोट आई है। चंद्रप्रकाश ने कहा कि ये लम्पट, अराजकता फैलाने वाले संघी गुण्डे विश्वविद्यालय के स्वस्थ परिचर्चा और शैक्षणिक माहौल को बर्बाद कर रहे हैं। ये लगातार गाली-गलौज करते हुये छात्रों से मारपीट करते रहे और विश्वविद्यालय प्रशासन मूक दर्शक बनकर देखता रहा। विश्वविद्यालय में छात्रों के प्रवेश से पहले परिचय पत्र के लिए परेशान किया जाता है लेकिन एक विशेष संगठन की चार पहिया



गाड़ी धड़ल्ले से परिसर में घुस रही है। इसी बिना नम्बर की गाड़ी में बैठकर आये ये गुण्डे चर्चा कर रहे छात्रों पर हमला करते हैं।

पूजा ने कहा,' ये लम्पट लड़कियों को लगातार भद्दी भद्दी गालियां दे रहे थे। लड़कियों के बाल पकड़ कर घसीट रहे थे। मुझसे छेड़खानी करने लगे विरोध करने पर मारपीट करने लगे।' संजय ने बताया कि ये लोग मेरे नाक पर मुक्के से मारे जिससे मेरे नाक से खून आने लगा। जिसके बाद मेरे सीने पर मारने लगे। बाद में छात्रों की एक बड़ी संख्या इकठ्ठा होने पर ये अराजक तत्व भाग गये। तब तक प्राक्टर वहाँ आ चुके थे। प्राक्टर इन गुण्डों को वहाँ से भाग जाने दिए और मार खाए छात्रों को ही अपने ऑफिस लेकर जाने लगे। दिशा छात्र संगठन का कहना है कि विश्वविद्यालय में चर्चा-परिचर्चा के स्वस्थ्य माहौल को बिगड़ने की यह कुत्सित कोशिश बेहद शर्मनाक है। विश्वविद्यालय प्रशासन और जिला प्रशासन को इसे गम्भीरता से लेना चाहिए।

### अलीगढ़ में बकाएदार की मौत: वसूली के दौरान तहसीलदार की गाड़ी में बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में मृत्यु

**अलीगढ़।** कोल तहसील क्षेत्र में वसूली के दौरान एक बकाएदार की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। रजा नगर निवासी स्माइल खान को राजस्व बकाया वसूली के सिलसिले में मंगलवार सुबह तहसीलदार श्वेता जिंदल की सरकारी गाड़ी में बैठाकर तहसील लाया जा रहा था।

**करीब 1.47 लाख रुपये का राजस्व बकाया था**

बताया गया कि स्माइल खान पर करीब 1.47 लाख रुपये का राजस्व बकाया था। जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे अमीन खजान सिंह व अन्य राजस्वकर्मी वसूली के लिए रजा नगर पहुंचे थे। वहां स्माइल खान को आवश्यक कार्रवाई के लिए गाड़ी में बैठाया गया और तहसील लाया गया।

**गाड़ी से उतरते ही बिगड़ने लगी तबीयत**

तहसील परिसर में पहुंचते ही गाड़ी से उतरते समय उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और उसे उल्टियां होने लगीं। स्थिति गंभीर देख तहसील के कर्मचारियों ने तत्काल उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद स्माइल खान को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग व प्रशासनिक महकमे में हलचल मच गई। मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को भी दे दी गई है।

## एसआईआर एक महाघोटाला, फार्म 7 के जरिए पीडीए के खिलाफ हो रही बड़ी साजिश', अखिलेश ने कोर्ट और मीडिया से की अपील

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने राज्य में चल रहे एसआईआर की प्रक्रिया पर एक बार फिर से सवाल उठाए हैं। उन्होंने कोर्ट, चुनाव आयोग और मीडिया से इस मामले में साथ देने की अपील की है। अखिलेश यादव का कहना है कि फार्म-7 का दुरुपयोग कर विपक्ष के वोट को काटने का काम चल रहा है। समाजवादी पार्टी प्रमुख ने सभी न्यूज चैनलों और अखबारों से इस पूरे मामले की जांच कर महा-घोटाले का पर्दाफाश करने की अपील की है।

अखिलेश यादव ने उठाए सवाल यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, 'माननीय न्यायालय, निर्वाचन आयोग और समस्त पत्रकार इस बड़े षड्यंत्र का संज्ञान लें कि एसआईआर के तहत गांवों में छपे-छपाये फार्म 7 (जिसके माध्यम से आपत्ति करके कोई अन्य किसी का नाम कटवाने की साज़िश कर सकता है) कौन भेज रहा है। इसमें जो शिकायतकर्ता हैं उनका कोई अता-पता नहीं है।'

अखिलेश यादव ने आरोप लगाते हुए आगे लिख, 'फर्जी हस्ताक्षर करवाकर, विपक्ष के वोट काटने की साजिश की जा



रही है। पीडीए समाज ख़ासतौर से अल्पसंख्यक के नाम बड़े स्तर पर काटे जा रहे हैं। जिसके नाम की आपत्ति की जा रही है, उसे भी नहीं मालूम है कि उसका नाम सब कुछ सही होने के बावजूद काटा जा रहा है। सभी न्यूज चैनलों, अखबारों से अपील है कि वो इस महा-घोटाले का पर्दाफाश करें। '

सपा प्रमुख ने स्थानीय मीडिया और छोड़े-बड़े सभी पत्रकारों से अपील करते हुए आगे लिखा, 'हम स्थानीय यूट्यूबर और लोकल न्यूज कर्मियों से लोकतंत्र के हित में ये मांग करते हैं कि आप इस महाघोटाले का भंडाफोड़ करें और अपने स्तर पर प्रकाशित-प्रसारित करें। हम उनको पूरे देश-प्रदेश के सामने रखेंगे और आपकी ईमानदार पत्रकारिता को सच्चे दर्शकों-पाठकों तक पहुंचाएंगे। '

## सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम का अनूठा फैसला! इलाहाबाद हाई कोर्ट में 5 रिटायर्ड जज बने एडहॉक न्यायाधीश

**● सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने बड़ा कदम उठाते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट में अनुच्छेद 224ए के तहत 5 रिटायर्ड न्यायाधीशों को दो साल के लिए एडहॉक न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दी है. यह फैसला न्यायपालिका में लंबित मामलों को तेजी से निपटाने और रिक्तियों को भरने में महत्वपूर्ण साबित होगा।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने अनूठा फैसला लिया है. संविधान के अनुच्छेद 224ए के तहत 2 साल की अवधि के लिए इलाहाबाद हाई कोर्ट में पांच रिटायर्ड जजों को एडहॉक जज के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है.3 फरवरी को हुई अपनी बैठक में पारित एक प्रस्ताव में कॉलेजियम ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में एडहॉक न्यायाधीश के रूप में कार्य करने के लिए न्यायाधीशों के नामों को मंजूरी दी। इनमें जस्टिस मोहम्मद फैज आलम खान, जस्टिस मोहम्मद असलम, जस्टिस सैयद आफताब हुसैन रिजवी, जस्टिस रेनू अग्रवाल और जस्टिस ज्योत्सना शर्मा हैं. गौरतलब है कि जस्टिस मोहम्मद फैज आलम खान मई 2025 से



राष्ट्रीय न्यायालय न्यायालय (एनसीएलएटी) के न्यायिक सदस्य के रूप में कार्यरत हैं।

**लोकतांत्रिक शासन की बुनियाद है न्याय मिलना**

एक अन्य फैसले में सुप्रीम कोर्ट में कहा, न्याय मिलना लोकतांत्रिक शासन की बुनियाद है. यह न्यायसंगत और समानता पर आधारित समाज की मुख्य धुरी के रूप में काम करता है. जस्टिस पीएस नरसिंह और जस्टिस एएस चंदुरकर की पीठ ने कहा, मध्यस्थता कार्यवाही का सही तरह से चलना विवाद के समाधान के लिए बहुत जरूरी है।

**मध्यस्थ के लिए समयसीमा से जुड़ी है धारा 29ए**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मध्यस्थता और सुलह अधिनियम-1996 की धारा 29ए(5) के तहत मध्यस्थ का कार्यकाल बढ़ाने के लिए दायर आवेदन धारा 29ए(1) और (3) के तहत निर्धारित समय खत्म होने के बाद भी स्वीकार किया जा सकता है. अधिनियम की धारा 29ए मध्यस्थ के लिए समयसीमा से जुड़ी है।

**हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ अपील पर फैसला**

पीठ ने एक कानूनी सवाल पर विचार किया कि क्या कोई अदालत अधिनियम की धारा 29ए(5) के तहत मध्यस्थ का कार्यकाल बढ़ाने के लिए आवेदन स्वीकार कर सकती है. इसने जनवरी 2025 के मद्रास हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ की गई अपील पर अपने फैसले में कहा, न्याय मिलना लोकतांत्रिक शासन की बुनियाद है. यह एक न्यायसंगत व समानता पर आधारित समाज की मुख्य धुरी के रूप में काम करता है।

## संक्षिप्त खबरें

### होम्योपैथ के अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन मेंडा. वर्मा ने प्रस्तुत किया पैरालाइसिस पर शोध पत्र



**बस्ती।** जिला चिकित्सालय में आयुष चिकित्साधिकारी होम्योपैथ के वरिष्ठ चिकित्सक डा. वी.के. वर्मा ने वियतनाम की राजधानी हनोई में आयोजित होम्योपैथ के अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में लकवा 'पैरालाइसिस' पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। कहा कि होम्योपैथ में इस रोग के उपचार की पूरी व्यवस्था है। यह ऐसी पद्धति है जिसमें रोग का पूरी तरह से निवारण होता है। होम्योपैथ के अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन से वापस आने के बाद यहां जारी विज्ञप्ति के माध्यम से डा. वर्मा ने बताया कि होम्योपैथ भारत की तरह वियतनाम में भी लोकप्रिय चिकित्सा पद्धति है। होम्योपैथ के अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में दुनियां के विभिन्न हिस्सों से 400 से अधिक चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। ज्ञात रहे कि डा. वी.के. वर्मा को चिकित्सा के क्षेत्र में योगदान के लिये भारत के साथ ही नेपाल, श्रीलंका, दुबई, लंदन, कजाकिस्तान, थाईलण्ड आदि देशों में भी सम्मानित किया जा चुका है।

### कचहरी से बाइक चोरी पुलिस को नही लगा कोई सुराग



**बस्ती।** बस्ती जिले के बादशाह मल्टीप्लेक्स में काम करने वाले सौरभ यादव पुत्र रामभरत यादव की मोटरसाइकिल स्प्लेन्डर प्लस संख्या यूपी 51 बीजे 9385 कचहरी परिसर स्थित सिविल बार के गेट से गायब हो गई। घटना 22 जनवरी की है। बादशाहर मल्टीप्लेक्स के मालिक के सुपुत्र दीपेन्द्र सिंह एडवोकेट की बाइक मांगकर ले गये थे। वे सिविल बार के गेट पर बाइक खड़ी करके किसी काम से कचहरी में गये और वापस लौटे तो बाइक मौके से गायब थी। घटना के 10 दिन बाद भी बाइक का कोई सुराग नही लगा। 15 नवम्बर को पुराना डाकखाना मोहल्ला निवासी अभिषेक श्रीवास्तव अपने साले अधिवक्ता कुमार ऋषभ की होंडा साइन बाइक यूपी 51 एएन 9013 लेकर वी मार्ट आये थे। खरीददारी कर बाहर आये तो उनकी बाइक गायब थी। बाइक चोरी का सीसीटीवी फुटेज वायरल हुआ था लेकिन पुलिस चोर का पता नही लगा सकी। इसी तरह अनेक मामले हैं जिनका खुलासा नही हुआ। सीसीटीवी फुटेज होने के बावजूद वारदात को अंजाम देने वाले पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। खास बात ये है कि ऐसे अपराध पुलिस रिकार्ड में पंजीकृत नही होते क्योंकि पुलिस खुद चाहती है कि चोरी के मामलों को पंजीकृत न करना पड़े।

### मीडिया दस्तक न्यूज की ओर से पुरस्कृत की गई हाईस्कूल, इण्टर की टॉपर छात्रायें



**बस्ती।** बस्ती जिले के बनकटी ब्लाक मुख्यालय पर स्थित सम्राट अशोक प्रभावंश बालिका इण्टर कालेज की हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को मीडिया दस्तक न्यूज के डायरेक्टर अशोक श्रीवास्तव द्वारा कालेज परिसर में आयोजित एक समारोह में 1,000 रूपये का नगद पुरस्कार व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। हाईस्कूल की छात्रा चंदा और इण्टरमीडिण्ट की छात्रा कोमल का पुरस्कृत करने के उपरान्त अशोक श्रीवास्तव श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन में कहा परीक्षा अंकों का खेल है। कोई एक अंक अधिक पाकर विशिष्ट बन जाता है तो कोई एक अंक कम पाने पर पीछे रह जाता है। लेकिन इससे घबराना नही चाहिये। कई ऐसे कारण हैं जो परिणाम को प्रभावित करते हैं। जिस छात्र का एक अंक कम है जरूरी नही कि वह टॉपर छात्र से कमजोर हो। अशोक श्रीवास्तव ने कहा पूरे पाठ्यक्रम को कई हिस्सों में बांटकर तैयारी करनी चाहिये और बेहतर अंक पाने के लिये उत्तर पुस्तिका में व्यवहारिक भाषा का प्रयोग करना चाहिये। उन्होने छात्राओं को शुभकामनायें देते हुये उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# पूर्व विधायक संजय प्रताप, एसडीएम हिमांशु ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन

**●पटखौली की टीम ने भीवापार को 34 रनों से परास्त किया**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** रविवार को किसान इण्टर कॉलेज भानपुर में समाजसेवी मनोज सिंह के नेतृत्व में आयोजित स्वर्गीय रघुनाथ सिंह स्वर्गीय राजकुमार चौधरी स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल और उप जिलाधिकारी भानपुर हिमांशु कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फीता काटकर किया।पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के खेल आयोजनों से छिपी हुई प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है। ऐसे टूर्नामेंट युवाओं को नशा और गलत रास्तों से दूर रखते हुए खेल के माध्यम से अनुशासन और टीम भावना सिखाते हैं।विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी हिमांशु कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण स्तर पर आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं। इससे न केवल खेल प्रतिभा निखरती है, बल्कि सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारा भी मजबूत होता है। टूर्नामेंट के पहले दिन भीवापार और पटखौली की टीमों के बीच मुकाबला खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन पटखौली की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए भीवापार की टीम को 34 रनों से पराजित कर मैच अपने नाम किया। दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन तालियों और नारों के साथ किया। टूर्नामेंट के दौरान आयोजकों द्वारा जरूरतमंद महिलाओं में कंबल का वितरण किया गया। आयोजक मनोज सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट के सफल आयोजन में दिलीप सिंह, पिंकू सिंह, राजू सिंह, राकेश सिंह, बृजेश सिंह, सोनू सिंह, शिवकुमार सिंह, विक्की सिंह, नितीश श्रीवास्तव, छोटू सिंह, विकास, बलवल यादव, मनीष यादव, मोहम्मद खालिक, शिवराम सिंह, दीपू और अभय सिंह का विशेष सहयोग रहा है।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष डॉ. रोली सिंह, विधायक प्रतिनिधि पं. सरोज मिश्र, एमएलसी प्रतिनिधि हरीश सिह, सोनहा थानाध्यक्ष महेश सिंह, सन्तोष यादव, दिलीप सिंह, राकेश सिंह, शिवकुमार सिंह, खालिक अंसारी, छोटू सिंह, अतुल पाण्डेय, रंजय यदव, भोलू सिंह, वृजेश सिंह, सोनू सिंह, सैंकी श्रीवास्तव सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, खेल प्रेमी एवं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### मारपीट की घटना में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज



**लालगंज, प्रतापगढ़।** मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर राजापुर गांव निवासी शमसाद खान पुत्र सिराज खान ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती एक फरवरी की शाम करीब छः बजे उसकी ग्यारह वर्षीया पुत्री अर्शिया बानो गांव के बच्चों के साथ घर के बगल खेल रही थी। आरोप है कि इसी बीच गांव का मुख्तार पुत्र मोबीन वहां पहुंचा और पीड़ित की पुत्री को खेलने से मना करने लगा। न मानने पर आरोपी ने उसे मारापीटा। घटना की जानकारी होने पर उलाहना देने गये पीड़ित को भी आरोपी ने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### बस्ती में गन्ना लदा ओवरलोड ट्राला पलटा, सजनाखोर कांटे के पास हादसा, सड़क पर घंटों बाधित रहा आवागमन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के बनकटी ब्लॉक क्षेत्र में सजनाखोर गन्ना कांटे के पास मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब गन्ना कांटे से बाहर निकलते वक्त एक ओवरलोड गन्ना ट्राला अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन ट्राला पलटने से सड़क पर गन्ना फैल गया, जिससे कई घंटों तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। घटना के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्राले को हटवाया, तब जाकर यातायात धीरे-धीरे बहाल हो सका।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गन्ना लदे ओवरलोड ट्रक और ट्राले लंबे समय से हादसों का कारण बनते आ रहे हैं। इसके बावजूद ओवरलोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया जा रहा है। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार विभागों की लापरवाही के चलते ऐसे हादसे बार-बार हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि गन्ना लदे ट्रक अक्सर डेढ़ लेन तक घेरकर चलते हैं, जिससे सामने और पीछे चल रहे वाहनों के लिए खतरा बना रहता है। कई बार चालक को पीछे की स्थिति तक का अंदाजा नहीं रहता। लोगों का कहना है कि जब कोई बड़ी दुर्घटना होती है, तभी पुलिस और परिवहन विभाग दिखावे की कार्रवाई करते हुए कुछ वाहनों पर कार्रवाई कर मामला ठंडे बस्ते में डाल देता है, इसके बाद हालात फिर वही हो जाते हैं। इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ओवरलोडिंग पर सख्ती से रोक लगाने और नियमित निगरानी की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से पहले ही प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

## कसौधन महासभा की बैठक मे हुआ नई कार्यकारिणी का गठन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** पुरानी बस्ती स्थित धर्मशाले मे कसौधन महासभा की बैठक संरक्षक गिरधारी लाल साहू की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पवन कसौधन से विमर्श के पश्चात जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। राजेन्द्र प्रसाद कसौधन को जिलाध्यक्ष, मनोज कसौधन को जिला महामंत्री, बंशीलाल कसौधन को जिला कोषाध्यक्ष, रघुनंदन साहू को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अभिषेक कसौधन, गोपीनाथ कसौधन, अमीरचंद कसौधन, शेषनरायन कसौधन, डा. अश्वनी कसौधन, डा. ओमप्रकाश कसौधन, मदनगोपाल कसौधन, हिमांशु कसौधन, दुर्गा प्रसाद कसौधन को उपाध्यक्ष, सत्यप्रकाश कसौधन, वैभव सराफ को संगठन मंत्री मनोनीत किया गया।

अलग अलग सेक्टरों में भी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई। इसी क्रम में ध्रुव कसौधन को गांधीनगर अध्यक्ष, आनंद कसौधन को महामंत्री, सुनील कसौधन को कोषाध्यक्ष, विनय कसौधन को अस्पताल चौराहा अध्यक्ष, आदर्श कसौधन को महामंत्री, गणेश कसौधन को मंगल बाजार अध्यक्ष, लक्ष्मी कसौधन को महामंत्री, हिमांशु कसौधन को रेलवे स्टेशन अध्यक्ष, राजू कसौधन को पाण्डेय बाजार अध्यक्ष बनाये गये। गिरधारी लाल साहू तथा देवी प्रसाद कसौधन को संरक्षक, नंदकिशोर कसौधन को मंडल अध्यक्ष, राजेश महादेव को मंडल महामंत्री, दिलीप कसौधन, बृजकिशोर कसौधन को जिला संयोजक, शम्भूनाथ कसौधन, रामबिलास कसौधन को जिला मीडिया प्रभारी, सूर्यनारायण एडवोकेट, विरेन्द्र कसौधन को आय व्यय निरीक्षक, आकाश कसौधन को युवा अध्यक्ष, मोहित कसौधन को महामंत्री, अमरनाथ कसौधन को उपाध्यक्ष, सौरभ, अमित, दिव्यांश कसौधन को युवा उपाध्यक्ष और कई लोगो को जिला कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी दी गई। प्रदेश अध्यक्ष पवन कसौधन ने नवनियुक्त पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाइयां व शुभकामनायें दिया।

# भगवानपुर सीमा चौकी में 200 युवाओं के लिए भर्ती-पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** दिनांक 03 फरवरी 2026 को सीमा चौकी भगवानपुर, कार्यक्षेत्र ग्राम विशुनपुर विश्राम में छ्टक्क (सिविक एक्शन प्रोग्राम) के अंतर्गत 200 युवाओं हेतु भर्ती-पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री कुमुद रंजन, द्वितीय कमान अधिकारी, 9वीं वाहिनी बलरामपुर की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए श्री कुमुद रंजन ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ उन्हें अनुशासन, आत्मविश्वास और शारीरिक क्षमता प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों में भर्ती के लिए इस तरह का पूर्व प्रशिक्षण युवाओं के भविष्य को एक नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होगा।

भर्ती-पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन प्रेरणा फाउंडेशन द्वारा किया जाएगा। फाउंडेशन के माध्यम से युवाओं को शारीरिक प्रशिक्षण, दौड़, व्यायाम, सामान्य ज्ञान, मानसिक मजबूती एवं अनुशासन से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे विभिन्न सुरक्षा बलों की भर्ती परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस मौके पर प्रेरणा फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि संस्था का उद्देश्य ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों के युवाओं को अवसर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने युवाओं से प्रशिक्षण का पूरा लाभ उठाने और मेहनत व अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ग्रामीणजन, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# मतदाता सूची से पात्र नामों को हटाया जाना लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश-प्रमोद

**●सीएलपी नेता मोना ने भी गलत तरीके से सही नाम को काटे जाने पर जतायी चिन्ता**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने एसआईआर के नाम पर गरीब तबके, अल्पसंख्यकों, दलितों व पिछड़ों के सही नाम मतदाता सूची से हटाए जाने को लोकतंत्र की मजबूती के लिए बड़ा सवाल करार दिया है। सांसद प्रमोद तिवारी तथा सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि एसआईआर में खुली अनियमितता बरती जा रही है। संयुक्त बयान में नेताद्वय ने कहा है कि फार्म-07 के नाम पर लोगों के नाम जानबूझकर कटवाये जा रहे हैं। विधायक आराधना मिश्रा मोना व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि संविधान में हर किसी को मत का अधिकार है और यह लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होने लोगों को सचेत किया है कि वह एसआईआर के अभियान को लेकर सतर्क रहें क्योंकि इस अभियान में जिस प्रकार से लोगों का नाम जानबूझ कर कटवाया जा रहा है, यह भविष्य में सरकारी सुविधाओं से उन्हें वंचित करने का प्रश्नचिन्ह भी लगा गया है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी व पार्टी विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि भाजपा लोकतंत्र की संविधान को ताक पर रखकर हत्या कर रही है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की खामोशी के चलते अमेरिका देश के स्वाभिमान पर लगातार मनचाहा हमला कर रहा है। उन्होने तंज कसा कि लगता है भारत की राजधानी पीएम मोदी की कमजोरी के कारण वाशिंगटन स्थानान्तरित हो गयी है। उन्होने कहा कि भारतीय हितों से जुड़े हर निर्णय की घोषणा आखिर डोनाल्ड ट्रंप रोज कैसे किया करते है। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने नेता विपक्ष राहुल गांधी के द्वारा गलवान घाटी को लेकर मुद्दे को उठाने में सरकार की अडंगेबाजी पर भी हमला बोला है।उन्होने कहा कि सरकार को गलवान घाटी की सच्चाई देश के सामने लाया जाना चाहिए। कहा कि देश के प्रति जवाबदेही की जगह भाजपा तत्कालीन सेनाध्यक्ष तक का अपमान करने पर उतर आयी है। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना का संयुक्त बयान यहां मंगलवार को मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

## आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाकर पाएं 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) के तहत जिन पात्र परिवारों का अभी तक आयुष्मान गोल्डन कार्ड नहीं बन पाया है, उनके लिए कार्ड बनाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र परिवार को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी के निर्देशन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर अधीक्षक डॉक्टर विकल्प मिश्रा ने तुलसीपुर ब्लॉक अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामीण क्षेत्र के सभी पात्र लाभार्थियों से अपील की है कि वे समय रहते अपना आयुष्मान गोल्डन कार्ड जरूर बनवा लें। उन्होंने बताया कि इस कार्ड से गंभीर बीमारी की स्थिति में सरकारी एवं सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में बिना पैसा दिए इलाज कराया जा सकता है गोल्डन कार्ड बनवाने के लिए ग्रामीण परिवार अपने गांव की आशा बहू, एएनएम, सीएचओ, पंचायत सहायक या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क कर सकते हैं। कार्ड बनवाने की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क है और इसमें ज्यादा समय भी नहीं लगता। अधीक्षक डॉक्टर विकल्प मिश्रा ने कहा कि बीमारी के समय इलाज पर होने वाला खर्च गरीब परिवारों के लिए बड़ी परेशानी बन जाता है। आयुष्मान योजना का उद्देश्य यही है कि किसी भी गरीब परिवार को पैसों के अभाव में इलाज से वंचित न रहना पड़े। डॉ विकल्प मिश्रा ने ग्रामीण जनता से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाकर अपने पूरे परिवार को 5 लाख रुपये के स्वास्थ्य बीमा से सुरक्षित करें।1.

### रिटायर्ड कर्नल को सैन्य सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

**लालगंज,प्रतापगढ़।** क्षेत्र के देऊम पूरब निवासी रिटायर्ड ले0 कर्नल राधेश्याम मिश्र निधन रविवार की रात जयपुर राजस्थान में हुआ था, परिजनों की सूचना पर सब एरिया प्रयागराज से आये सैनिक दल ने सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी।इसके साथ ही सैनिक कल्याण बोर्ड के रिटायर्ड कर्नल, उप जिलाधिकारी लालगंज क्षेत्राधिकारी लालगंग थानाध्यक्ष सांगीपुर समेत तमाम क्षेत्रवासियों ने अंतिम विदाई में शामिल रहे। सब एरिया प्रयागराज से ईएमई के सूबेदार राकेश कुमार, नायक संजीव कुमार, सिपाही दिगंबर यादय,जिला सैनिक कल्याण बोर्ड अधिकारी रिटायर्ड कर्नल दिनेश कुमार मिश्र एसडीएम लालगंज शैलेन्द्र वर्मा सीओ लालगंज आशुतोष मिश्र थानाध्यक्ष सांगीपुर गौरव त्रिवेदी, ओमप्रकाश पाण्डेय गुड्डू धनंजय मिश्र बृज बिहारी मिश्र पप्पू प्रधान,रामशकल मिश्र सूर्यकान्त मिश्र समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। सेना के जवानों ने सलामी के बाद तिरंगे को मृतक राधेश्याम के पुत्र डॉ राहुल मिश्र को देकर सैलूट किया।बताते चले कि स्वर्गीय राधेश्याम मिश्र के पुत्र डॉ राहुल मिश्र राजस्थान में खादी ग्रामोद्योग के निदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

# अमेठी जनपद में ट्रामा सेंटर की सौगात देकर मोदी सरकार ने जनता की जान बचाने का संकल्प दोहराया-सतीश शर्मा

**●अमेठी जनपद की बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए गर्ल्स हॉस्टल निर्माण को मोदी सरकार की सौगात- सुधांशु शुक्ला**

**मोदी सरकार का केंद्रीय बजट 2026 विपक्ष की नकारात्मक राजनीति पर करारा प्रहार है - चंद्र मौली सिंह**

**केंद्रीय बजट 2026 गरीब, किसान, युवा और मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण का मजबूत आधार- गिरीश चंद्र शुक्ला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गौरीगंज, अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर केंद्रीय बजट 2026 को लेकर एक प्रभावशाली एवं विचारोत्तेजक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में बजट की राष्ट्रहितैषी विशेषताओं को भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला की उपस्थिति में विस्तार से रखा। राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त और दूरदर्शी नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 गरीब कल्याण, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की भावना से ओत-प्रोत है। यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि आम नागरिक के सपनों और आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि विपक्ष जहां भ्रम फैलाने और नकारात्मक राजनीति में व्यस्त है, वहीं मोदी सरकार ठोस निर्णयों और परिणाम देने की राजनीति कर रही है।श्री शर्मा ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 में किसानों की आय बढ़ाने, युवाओं को रोजगार के नए अवसर देने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और मध्यम वर्ग को आर्थिक राहत देने के लिए निर्णायक प्रावधान किए गए हैं। यह बजट 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के संकल्प को धरातल पर साकार करता है।



उन्होंने विशेष रूप से अमेठी जनपद के संदर्भ में कहा कि यह बजट क्षेत्र के लिए भी ऐतिहासिक सौगात लेकर आया है। अमेठी में ट्रामा सेंटर जैसी स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती, छात्राओं के लिए गर्ल्स हॉस्टल की व्यवस्था तथा कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों की जीवनरक्षक दवाओं को सस्ता करने जैसे प्रावधान आम जनमानस को बड़ी राहत देने वाले हैं। यह बजट यह सिद्ध करता है कि मोदी सरकार का हर निर्णय आम आदमी के जीवन को आसान बनाने के लिए है।विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि जिन दलों ने दशकों तक सत्ता में रहकर देश को घोटाले, गरीबी और निराशा दी, आज वे देश की आर्थिक प्रगति और ऐतिहासिक बजट पर सवाल उठा रहे हैं। लेकिन देश की जागरूक जनता अब सच्चाई को भली-भांति समझ चुकी है और विकास के इस मार्ग पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ खड़ी है।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश के लिए विकास का स्पष्ट रोडमैप है। यह बजट दर्शाता है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार केवल वादे नहीं करती, बल्कि उन्हें जमीन पर उतारकर दिखाती है। अमेठी जैसे जनपदों को स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में जो लाभ मिल रहे हैं, वे इसी मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिणाम हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में भाजपा जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आम जनमानस के हितों की सच्ची प्रतिनिधि है। केंद्रीय बजट 2026 इसका जीवंत प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता गांव-गांव और जन-जन तक इस बजट की उपलब्धियों को पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे। वही जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला ने भी बजट की सराहना करते हुए कहा यह बजट भारत की वैश्विक भूमिका को फिर से मजबूत करता है,और देश जल्द ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

## पुलिस चौकी औद्योगिक क्षेत्र टिकरिया का एसपी ने किया जीर्णोद्धार एवं लोकार्पण



**●अपराधों को रोकने एवं औद्योगिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस चौकी औद्योगिक क्षेत्र टिकरिया का किया गया जीर्णोद्धार एवं लोकार्पण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक द्वारा फीता काटकर पुलिस चौकी औद्योगिक क्षेत्र टिकरिया का किया गया लोकार्पण।उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुरूप नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन व आमजनमानस को त्वरित पुलिस सहायता पहुंचाने एवं औद्योगिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक द्वारा थाना गौरीगंज अन्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र टिकरिया में पुलिस चौकी का जीर्णोद्धार के उपरान्त फीता काटकर लोकार्पण किया गया । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा, टिकरिया सीमेन्ट फैक्ट्री के अधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक गौरीगंज श्याम नारायण पाण्डेय व अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण व क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्ति मौजूद रहे । 'पुलिस चौकी औद्योगिक क्षेत्र टिकरिया' का उद्देश्य उद्यमियों, कर्मचारियों एवं आसपास के लोगों की सुरक्षा एवं त्वरित सहयता सुनिश्चित करना है । पुलिस चौकी के लोकार्पण से औद्योगिक क्षेत्र में व आसपास के क्षेत्रों में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा व लोगों को तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध हो सकेगी ।

## संक्षिप्त खबरें

### तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी को मारी टक्कर, युवक की मौत, साथी गंभीर

**रायबरेली।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कुटिया चौराहे के पास भरसना मोड़ पर तेज रफ्तार और अनियंत्रित डंपर ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान ग्राम बेला टेकई निवासी अनुज शुक्ला (पुत्र इंद्र कुमार शुक्ला) के रूप में हुई है। वह अपने साथी दिवाकर तिवारी के साथ स्कूटी से मुराईबाग जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही स्कूटी भरसना मोड़ पर पहुंची, सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अनुज शुक्ला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे दिवाकर तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के दौरान दूसरी दिशा से आ रहा एक अन्य डंपर भी दुर्घटना से बचने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर डलमऊ कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। कोतवाली प्रभारी राघव सिंह ने बताया कि पंचायतनामा की कार्यवाही पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक अनुज शुक्ला अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गए हैं। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के भाई मनोज शुक्ला ने बताया कि दोनों मुराईबाग खाना बनाने के सिलसिले में जा रहे थे।

### मौसम ने ली करवट, बूंदाबांदी से बढ़ी ठंड,सड़कों पर पसरा सन्नाटा



**लालगंज (रायबरेली)।** मौसम ने मंगलवार की सुबह अचानक करवट ले ली। कस्बा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बूंदाबांदी शुरू हो गई। बारिश के साथ ठंड का असर और तेज हो गया। सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे। लोग धूप निकलने की उम्मीद लगाए बैठे थे लेकिन मौसम ने उन्हें निराश कर दिया। सुबह करीब सुबह 9:30 बजे तेज गरज के साथ ठंडी हवा चलने लगी। इसके बाद हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। अचानक बदले मौसम से जनजीवन प्रभावित हो गया। लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। सड़कों पर चहल पहल कम हो गई। बाजारों में भी सन्नाटा नजर आया। बूंदाबांदी के चलते तापमान गिर गया। मौसम परिवर्तन का असर सुबह की दिनचर्या पर साफ साफ दिखाई दिया। बूंदाबांदी और तेज हवा के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। दोपहिया वाहन चालकों को खास दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर लोग बारिश थमने का इंतजार करते नजर आए। स्कूल जाने वाले बच्चों और दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों को भी परेशानी हुई।

### रहीमाबाद थाना क्षेत्र में युवक की गुमशुदगी: सुरेंद्र कुमार हरदोई मंडी गए, फिर लापता



**मलिहाबाद/रहीमाबाद** थाना क्षेत्र के जमोलिया गांव का 28 वर्षीय सुरेंद्र कुमार रविवार की सुबह करीब 10 बजे घर से निकला था। उसने परिवार को बताया कि वह हरदोई मंडी जा रहा है। अपनी बहन से उसने कहा था कि मंडी में गल्ला (अनाज) खरीदेगा और फिर घर लौट आएगा।लेकिन शाम होते-होते भी सुरेंद्र घर नहीं पहुंचा। रात हो गई, फिर भी कोई खबर नहीं। परिवार वाले बहुत घबरा गए।सोमवार शाम को परिवार ने रहीमाबाद थाने में जाकर तहरीर दी। छोटे भाई वीरेन कुमार ने बताया कि सुरेंद्र का मोबाइल फोन रविवार दोपहर के बाद से बंद है। लोकेशन चेक करने पर पता चला कि फोन की आखिरी लोकेशन बरेली शहर में दिखी थी। उसके बाद कोई सुराग नहीं मिल रहा।थानाध्यक्ष अरुण कुमार त्रिगुणायक ने तुरंत गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अब बरेली, हरदोई मंडी और आसपास के इलाकों में सुरेंद्र की तलाश कर रही है। कई टीमें लगाई गई हैं।परिवार बहुत परेशान है। मां-बहन और छोटे भाई बार-बार रो रहे हैं। वे सभी से गुहार लगा रहे हैं कि अगर कहीं सुरेंद्र कुमार को देखें या उसके बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत रहीमाबाद थाना पुलिस से संपर्क करें।

## सीतापुर में न्यायालय अभिरक्षा से फरार हुआ विचाराधीन बंदी, पॉक्सो कोर्ट में पेशी के दौरान हुआ फरार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**सीतापुर** जनपद सीतापुर में कोतवाली नगर इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए एक विचाराधीन बंदी न्यायालय अभिरक्षा से फरार हो गया। जिला जेल से पेशी पर लाए गए बंदी को पॉक्सो कोर्ट में प्रस्तुत किया गया था। पेशी के दौरान वापस आते ही बंदी पुलिस अभिरक्षा से चकमा देकर फरार हो गया जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है। फरार बंदी की पहचान रोहित मारुति पुत्र स्वर्गीय रामू निवासी मछली मंडी, कोतवाली नगर क्षेत्र के रूप में हुई है कोतवाली नगर इलाके से आरोपी को 21 जनवरी 2026 को नाबालिग लड़की को भगाने के आरोप में गिरफ्तार कर जिला जेल भेजा गया था उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज है। बताया जा रहा है कि रोहित मारुति पर पहले से ही चोरी के कई पुराने मुकदमे दर्ज हैं मंगलवार को उसे जिला जेल से न्यायालय में पेशी के लिए लाया गया था। पॉक्सो कोर्ट में पेशी के दौरान किसी तरह पुलिस की नजर से बचते हुए आरोपी फरार हो गया। बंदी के फरार होने की जानकारी मिलते ही पुलिस विभाग में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अनूप शुक्ला, क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोसले सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और न्यायालय परिसर का मुआयना किया। बंदी के फरार होने की परिस्थितियों की जांच की जा रही है, वहीं ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों से भी पूछताछ की जा रही है। फरार बंदी की तलाश के लिए शहर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। वहीं स्वाट टीम सहित कई थानों की पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है। जिले की सीमाओं पर नाकाबंदी कराई गई है और संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी जा रही है पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस घटना ने एक बार फिर न्यायालय और बंदी सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं!!

### आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार दौड़ती कार का टायर फटा, एक महिला घायल

दुर्घटना/हादसा

**फतेहाबाद (आगरा)।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर थाना डौकी क्षेत्र में मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। किलोमीटर संख्या 9 पर चलती कार का अचानक टायर फट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकरा गया। हादसे में कार में सवार एक महिला घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। कार चालक ललित राजपूत लखनऊ से मथुरा की ओर जा रहे थे। वाहन में सवार महिला बांके बिहारी के दर्शन के लिए निकली थीं। अचानक टायर फटने से तेज धमाका हुआ और कार सड़क पर लहराते हुए रेलिंग से जा टकराई। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर कुछ देर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, पुलिस का कहना है कि समय रहते नियंत्रण होने से बड़ा हादसा टल गया।

## पुल की रेलिंग तोड़ कर नदी में गिरा ट्रक कोहरे में चालक को सड़क पर नहीं दिखा गहरा गड्ढा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में पीडब्ल्यूडी की लापरवाही एक बार फिर बड़े हादसे की वजह बन गई। डुमरियागंज से हरदोई जा रहा धान की बोरियों से लदा एक ट्रक रामपुर मथुरा-महमूदाबाद मार्ग पर बाबा कुटी पुल के पास कोहरे के चलते अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरा गनीमत रही कि चालक की सूझबूझ से कोई जनहानि नहीं हुई ट्रक जैसे ही बाबा कुटी पुल से पहले पहुंचा, सड़क पर बने गहरे गड्ढे में उसका पहिया फंस गया। अचानक झटके से ट्रक चालक का संतुलन बिगड़ गया और तेज रफ्तार के कारण वाहन पुल की रेलिंग तोड़ता हुआ करीब 20 फीट नीचे नदी में जा गिरा हादसे के दौरान ट्रक पहले एक पेड़ से टकराया और फिर पीछे की ओर खिसकते हुए नदी में पलट गया हादसे में ट्रक को भारी नुकसान पहुंचा है वहीं धान की कई बोरियां नदी में बह गई। ट्रक चालक प्रदीप सिंह ने बताया कि गड्ढे में पहिया पड़ते ही ट्रक बेकाबू हो गया हालात बिगड़ते देख उन्होंने समय रहते ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। ट्रक में सवार चालक और कंडक्टर दोनों सुरक्षित हैं। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों का आरोप है कि बाबा कुटी पुल से पहले सड़क पर बना यह गहरा गड्ढा लंबे समय से हादसों को दावत दे रहा है कई बार पीडब्ल्यूडी को शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का कहना है कि इसी स्थान पर पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और पुल की रेलिंग टूटने की घटनाएं सामने आती रही हैं। ग्रामीणों और राहगीरों ने मांग की है कि पीडब्ल्यूडी तत्काल सड़क के गड्ढे की मरम्मत कराए, पुल की रेलिंग को मजबूत करे और चेतावनी संकेत लगाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े और जानलेवा हादसे को रोका जा सके!!

## दुकान पर गैस सिलेंडर लीक लगी आग मची अफरा-तफरी, दमकल कर्मियों ने पाया आग पर काबू

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के तम्बौर कस्बे में मंगलवार शाम को उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब बस स्टॉप पर बाबा बुरहानुद्दीन के पास पुरानी बाजार रोड स्थित एक दुकान में एलपीजी गैस सिलेंडर लीक होने से भीषण हादसा हो गया। अचानक लगी आग से इलाके में हड़कंप मच गया और कुछ देर के लिए अफरा तफरी जैसी स्थिति बन गई। जानकारी के अनुसार, एक ग्राहक दुकान पर चूल्हा बनवाने आया था। चूल्हा बनवाने के दौरान अचानक एलपीजी गैस का रिसाव शुरू हो गया। गैस की गंध फैलते ही लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही गैस ने आग पकड़ ली और देखते ही देखते तेज लपटें उठने लगीं चूल्हा बनाने वाले दुकानदार ने बताया कि गैस रिसाव अचानक हुआ और आग तेजी से फैल गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए। कई लोग दुकान और आसपास की दुकानों से बाहर निकलकर आग बुझाने के लिए इधर-उधर भागने लगे स्थानीय लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए बालू और मिट्टी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता के चलते उस पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड को अवगत कराया गया। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया दमकल कर्मियों की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया, क्योंकि यदि आग सिलेंडर तक पूरी तरह पहुंच जाती तो स्थिति और भयावह हो सकती थी। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जो राहत की बात रही। हालांकि आग लगने से दुकान में रखा सामान क्षतिग्रस्त हो गया और आसपास के क्षेत्र में काफी देर तक दहशत का माहौल बना रहा। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दुकानों में गैस सिलेंडर के सुरक्षित उपयोग और जांच की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके!!

### अनियंत्रित ओमनी पंचर की दुकान में घुसी, बुजुर्ग दंपती घायल



**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के राजपति नगर मजरे धनाभाद गांव में मंगलवार शाम एक बेकाबू कार सड़क किनारे बनी पंचर की दुकान में घुस गई। हादसे में दुकान पर बैठे बुजुर्ग दंपती घायल हो गए। ऊगाभाद गांव निवासी रामसागर बच्चों को स्कूल छोड़कर लौट रहे थे। इसी दौरान सड़क पर अचानक कुत्ता आ गया। कार चालक ने नियंत्रण खो दिया। ओमनी कार सीधे पंचर की दुकान में जा घुसी।हादसे में दुकान पर बैठे बुजुर्ग सीताराम और उनकी पत्नी सुंदारा को चोटें आई। दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। घटना में कार का शीशा टूट गया। जबकि पंचर की दुकान भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद घायल महिला के बेटे अमित और कार चालक के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में दोनों पक्षों को चोटें आई है। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। तहरीर के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## भारत माता मंदिर का भूमि पूजन, कीर्ति शेष कमला देवी की स्मृति में कवि सम्मेलन व अंतरराष्ट्रीय अवधी अकादमी का सम्मान समारोह गरिमामय ढंग से संपन्न

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सीतापुर** गत दिवस कमला नारायण इंटरनेशनल स्कूल परिसर में अंतरराष्ट्रीय अवधी अकादमी के तत्वावधान में आयोजित साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक गरिमा से परिपूर्ण समारोह भव्यता के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन कीर्ति शेष कमला देवी की स्मृति को समर्पित रहा, जिसमें भारत माता मंदिर के भूमि पूजन के साथ-साथ अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का सफल आयोजन किया गया। समारोह में देश की जानी-मानी साहित्यिक विभूतियों, शिक्षाविदों, चिंतकों एवं मनीषियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। आगंतुक साहित्यकारों का स्वागत एवं सम्मान विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती आरती सारस्वत तथा श्री क्षमा भारद्वाज द्वारा बैज अलंकरण एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया गया।

अंतरराष्ट्रीय अवधी अकादमी द्वारा साहित्यिक योगदान के लिए विशिष्ट सम्मान प्रदान किए गए। आज़ाद हिंद फौज का प्रयाण गीत तथा 'उठ जाग मुसाफिर भोर भई' जैसे कालजयी जागरण गीतों के रचयिता पं. वंशीधर शुक्ल (मन्योरा, लखीमपुर) के सुपुत्र डॉ. सत्यधर शुक्ल को पंडित विश्वनाथ स्मृति सम्मान से अलंकृत किया गया। वहीं लखनऊ की डॉ. रश्मिशील को उर्मिला देवी स्मृति सम्मान तथा सीतापुर के डॉ. शैलेंद्र कुमार शुक्ल को डॉ. भारतेंदु मिश्र स्मृति सम्मान प्रदान किया गया।

कीर्ति शेष कमला देवी की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की अध्यक्षता 'संदौली टाइम्स' के संपादक श्री प्रदीप सारंग ने की। उनके सशक्त अध्यक्षीय मार्गदर्शन में देश के ख्यातिप्राप्त कवियों ने अपने काव्य पाठ से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कवि सम्मेलन में डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री, प्रदीप महाजन, अजय प्रधान, गौरव शुक्ल, श्री विष्णुकांत मिश्र, डॉ. रश्मिशील तथा अनुराग अतुल की काव्य प्रस्तुतियाँ विशेष रूप से सराही गई। श्री विष्णुकांत मिश्र ने अपने काव्य के माध्यम से दिव्यांग समाज के प्रति करुणा, संवेदना और मानवीय उत्तरदायित्व के महत्व को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से रेखांकित किया।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र का कुशल संचालन 'इनते मिलौ' कार्यक्रम के ख्यातनाम एंकर एवं सुविख्यात चिंतक डॉ. चंद्रशेखर प्रजापति ने किया, जबकि अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का सधे हुए अंदाज़ में संचालन युवा कवि अविरल शुक्ल ने किया। इसी क्रम में कमला नारायण इंटरनेशनल स्कूल के मुख्य द्वार के निकट, कीर्ति शेष कमला देवी एवं स्वर्गीय शिव नारायण विभूति की समाधियों के सन्निकट भारत माता मंदिर के लिए निर्धारित स्थल पर विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ। यह पावन अनुष्ठान श्री दिनेश शास्त्री एवं पं. राजित राम दीक्षित के श्रीमुख से उच्चरित वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य सम्पन्न हुआ, जिससे संपूर्ण परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित हो उठा।

यह समारोह उत्तर प्रदेश अपराध अनुसंधान शाखा के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. अखिलेश निगम तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. पवन अग्रवाल के सभापतित्व में आयोजित हुआ। प्रथम सत्र का धन्यवाद ज्ञापन प्रो. जयशंकर तिवारी द्वारा तथा अंतिम सत्र का धन्यवाद ज्ञापन कमला नारायण इंटरनेशनल स्कूल के प्रमुख ट्रस्टी डॉ. गंगा प्रसाद शर्मा 'गुणशेखर' द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि गंज क्षेत्र के अति पिछड़े विकासखंड रामपुर मथुरा के समशेर नगर में शीघ्र प्रारंभ होने जा रहे कमला नारायण इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में भारत माता मंदिर की स्थापना हेतु भूमि पूजन एवं विराट कवि सम्मेलन का यह आयोजन सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय भावना और साहित्यिक समृद्धि का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा। इस महनीय आयोजन में प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्र (गोंडा), नीरज कुमार पांडेय (बहराइच), आकाशवाणी अवधी केंद्र के डॉ. जयंत धर द्विवेदी तथा अशोक कुमार कटेठिया (अजमेर, राजस्थान) सहित अनेक विद्वानों की उपस्थिति ने समारोह की भव्यता, दिव्यता और विराटता को और अधिक सुदृढ़ किया। आयोजन की सफलता का प्रमाण यह रहा कि क्षेत्र की जनता मनीषियों के उद्बोधनों के प्रमुख वाक्यांशों तथा कवियों की पंक्तियों को बार-बार दोहराते हुए निरंतर आनंद-विभोर दिखाई दी। कुल मिलाकर यह आयोजन साहित्य, संस्कृति, राष्ट्रभाव और सामाजिक चेतना का ऐसा संगम सिद्ध हुआ, जिसने क्षेत्रीय जनमानस पर दीर्घकालिक प्रभाव छोड़ा।

## राज्यपाल से आरेडिका महाप्रबंधक पीके मिश्रा ने की मुलाकात

**● आरेडिका की उपलब्धियों और पुस्तक रेल्स थ्रू राज पर हुई चर्चा।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लालगंज (रायबरेली)।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने मंगलवार को लखनऊ राजभवन में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात भले ही राजभवन में हुई लेकिन इसमें आरेडिका की उपलब्धियां केंद्र में रहीं। महाप्रबंधक पीके मिश्रा ने राज्यपाल को आरेडिका में अब तक बने 15 हजार से अधिक अत्याधुनिक रेल कोचों की जानकारी दी। उन्होंने आरेडिका में पहली बार निर्मित फोर्ज्ड व्हील और वंदे भारत ट्रेन के निर्माण, तकनीकी गुणवत्ता और विश्वस्तरीय मानकों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में आरेडिका के प्रयासों की जानकारी दी। बताया कि आरेडिका में भू-जल संरक्षण क्षमता बढ़कर 730 मिलियन लीटर हो गई है। सौर ऊर्जा परियोजनाओं से 5.13 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता हासिल की गई है। ये प्रयास आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आरेडिका की मजबूत भूमिका को दर्शाते हैं। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने भारतीय रेलवे के इतिहास पर आधारित अपनी पुस्तक रेल्स थ्रू राज की एक प्रति महामहिम राज्यपाल को भेंट की। उन्होंने बताया कि यह पुस्तक ब्रिटिश काल में भारतीय रेलवे के विकास को ऐतिहासिक स्रोतों और तथ्यात्मक विश्लेषण के साथ प्रस्तुत करती है। यह पुस्तक पाठकों और शोधकर्ताओं दोनों के लिए उपयोगी है। महामहिम राज्यपाल ने जनभवन में संचालित आदर्श माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा गठित जनभवन बैंड की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह बैंड पिछले तीन वर्षों से 26 जनवरी की परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने टीबी उन्मूलन और सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे अभियानों की भी सराहना की। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पीके मिश्रा के लेखन उनकी पुस्तक और आरेडिका की उपलब्धियों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर राज्यपाल ने अपनी पुस्तकें चुनौतियां मुझे पसंद हैं और वो मुझे हमेशा याद रहेंगे भी भेंट कीं। आरेडिका के पीआरओ अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि महाप्रबंधक ने राजयपाल को आरेडिका के भ्रमण का आमंत्रण दिया। इस दौरान वरिष्ठ उप महाप्रबंधक अकमल वदूद, उप मुख्य वित्त सलाहकार अस्थानंद पाठक और महाप्रबंधक सचिव आरएन तिवारी भी मौजूद रहे।

## सोनभद्र में खुलेंगी 19 नई सहकारी समितियाँ, किसानों की उन्नति का मार्ग होगा प्रशस्त: डॉ. जगदीश पटेल

**● बीपैक्स ससनई का हुआ लोकार्पण, ओबरा और चोपन बैंक शाखाओं के नए स्वरूप का उद्घाटन**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ओबरा/सोनभद्र।** जिला सहकारी बैंक मिर्ज़ापुर-सोनभद्र के अध्यक्ष डॉ. जगदीश सिंह पटेल ने मंगलवार को सहकारिता क्षेत्र में बड़े सुधारों का शंखनाद किया। उन्होंने ओबरा और चोपन शाखाओं के जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण कार्य का उद्घाटन करने के साथ ही जनपद में 19 नई बीपैक्स (B-PACS) खोलने की घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. जगदीश पटेल ने कहा, किसानों की समग्र उन्नति तभी संभव है जब हर किसान परिवार सहकारिता से जुड़े। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में प्रदेश की 7,500 बीपैक्स के सुदृढ़ीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। उन्होंने नगवाँ ब्लॉक की ससनई बीपैक्स के लोकार्पण के साथ ही समिति में उर्वरक वितरण के शुभारंभ की भी घोषणा की। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक देवेन्द्र कुमार सिंह ने सामाजिक जिम्मेदारी पर जोर देते हुए व्यवसायी और नौकरीपेशा वर्ग से भी सहकारी बैंक में खाता खोलने की अपील की। वहीं, बैंक सचिव व महाप्रबंधक राजकुमार यादव ने स्पष्ट किया कि सहकारी बैंक का उद्देश्य व्यवसाय मात्र नहीं, बल्कि जन-सेवा है। डायरेक्टर बलदेव सिंह ने कहा कि जर्जर भवनों और गंदगी की पुरानी पहचान को मिटाकर बैंक शाखाओं का कायाकल्प किया जा रहा है। डायरेक्टर अवधेश सिंह पटेल ने जानकारी दी कि जिला सहकारी बैंक वर्तमान में देश की सबसे सस्ती ब्याज दरों पर निम्नलिखित ऋण उपलब्ध करा रहा है गृह ऋण ,कार ऋण ,पशुपालन ऋण इससे पूर्व शाखा प्रबंधक ओबरा अरविंद कुमार और चोपन प्रबंधक जगदीशनारायण ने अतिथियों का अंगवस्त्रम और बुके देकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निम्नलिखित गणमान्य उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष विपुल सिंह, डायरेक्टर संतोष सिंह वैश्यवार, अलोपी अग्रवाल, उमेश सिंह पटेल, दीनदयाल यादव, अधिकारी एडीसीओ अवधेश सिंह, सचिव रामअनंत, उमाशंकर यादव, नागेश्वर जायसवाल आदि।

### 'मकान बिकाऊ है'... आगरा में एक मोहल्ले के 50 घरों में लगे पोस्टर, पार्किंग विवाद से गरमाया मामला

**आगरा।** बल्केश्वर के मोहल्ला भगवान नगर में मारपीट की घटना ने बड़ा रूप ले लिया है। सोमवार को समुदाय विशेष के युवक ने कार खड़ी करने के विवाद के बाद शादी वाले घर में घुसकर गृहस्वामी के साथ मारपीट की थी। मंगलवार को एक बार फिर आरोपित पक्ष झगड़े पर उतारू हो गया। इसके बाद मोहल्ले में स्थित 50 घरों में लोगों ने मकान बेचने के पोस्टर चस्पा कर दिए। जानकारी होने पर एसीपी छत्ता ने दोनों पक्ष के लोगों को थाने बुलाकर बातचीत की। पुलिस ने आरोपित युवक को हिरासत में लिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपित आए दिन लड़ाई झगड़ा करते हैं। विरोध करने पर घर की महिलाओं को आगे करके झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हैं। एसीपी ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया है।

### एप्स्टीन फाइल्स में पीएम मोदी का कथित उल्लेख, कांग्रेस ने लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव पेश किया

**ब्यूरो प्रयागराज।** अमेरिकी यौन अपराधी जेफ़्री एप्स्टीन से जुड़ी बातचीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदर्भ आने के बाद कांग्रेस ने इस पर तत्काल चर्चा की मांग करते हुए लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव पेश किया. अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जारी दस्तावेज़ों के अनुसार, 2017 से 2019 के बीच भारतीय कारोबारी अनिल अंबानी अमेरिकी राजनीतिक पहुंच से जुड़े मामलों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकताओं पर चर्चाओं को लेकर एप्स्टीन के संपर्क में थे। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने सोमवार (2 फ़रवरी) को लोकसभा में अमेरिकी यौन अपराधी जेफ़्री एप्स्टीन से जुड़े ईमेल दस्तावेजों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदर्भ होने का उल्लेख करते हुए 'गंभीर अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स' पर तत्काल चर्चा की मांग करते हुए स्थगन प्रस्ताव पेश किया। स्थगन प्रस्ताव के ज़रिए लोकसभा अपनी नियमित कार्यसूची को स्थगित कर सार्वजनिक महत्व के तात्कालिक मुद्दों पर चर्चा कर सकती है. इसे स्पीकर की अनुमति से पेश किया जाता है और इसका उद्देश्य ऐसे मामलों को उठाना होता है जो समय-संवेदी हों और जिन पर सरकार से तुरंत जवाब अपेक्षित हो। मौजूदा मांग अमेरिका में यौन अपराधी जेफ़्री एप्स्टीन की जांच से जुड़े हाल में जारी दस्तावेज़ों से संबंधित है।

## रायबरेली रोड स्थित नवनिर्मित ओम मैरिज हॉल का हुआ भव्य उद्घाटन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**महराजगंज रायबरेली।** महराजगंज-रायबरेली रोड स्थित ओम फर्नीचर, हनुमानगढ़ी में नवनिर्मित ओम मैरिज हॉल का भव्य उद्घाटन समारोह हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। उद्घाटन पूर्व विधायक रामलाल अकेला, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू, सुनील मौर्या एवं जी.पी. मिश्रा, विमल रस्तोगी ने फीता काटकर किया। पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने कहा,'ओम मैरिज हॉल क्षेत्रवासियों के लिए एक बेहतरीन सौगात है। यहां विवाह, इंगेजमेंट, रिसेप्शन, मीटिंग, बर्थडे पार्टी सहित सभी सामाजिक व पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इससे लोगों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार भी सृजित होगा। 'प्रभात साहू ने कहा, 'महराजगंज क्षेत्र विकास के नए आयाम छू रहा है। कैटरिंग सुविधा सहित सुसज्जित ओम मैरिज हॉल क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करेगा और सामाजिक आयोजनों के लिए एक आदर्श स्थल बनेगा। सुनील मौर्या ने अपने संबोधन में कहा,'यह मैरिज हॉल भव्य साज-सज्जा, विशाल पार्किंग, स्वच्छ वातावरण और स्वादिष्ट कैटरिंग व्यवस्था के साथ तैयार किया गया है, जिससे हर कार्यक्रम यादगार बन सके।' जी.पी. मिश्रा ने कहा, 'ऐसे आधुनिक आयोजन स्थलों से क्षेत्र की पहचान बढ़ती है। ओम मैरिज हॉल सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा।उद्घाटन अवसर पर सैकड़ों लोगों की मौजूदगी ने समारोह को ऐतिहासिक और यादगार बना दिया।समारोह में प्रधान राजू, पंकज गुप्ता, संतोष सिंह, अशोक यादव, राम किशुन यादव, दीपू पाण्डेय, गोपाल सिंह, अरशद मास्टर, डॉ. सुरेश, बन्नू सिंह, अमर यादव, सतीश यादव, विजय राज सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।वहीं महराजगंज प्रेस क्लब अध्यक्ष अमित सिंह, प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव सहित मीडिया जगत के लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## कैफे की आड़ में धड़ल्ले से चल रहे हुक्का बार पुलि?स का छापा, सात युवक गिरफ्तार

**लखनऊ।** अलीगंज स्थित द पैंटा हाउस में कैफे की आड़ में धड़ल्ले से चल रहे हुक्का बार अलीगंज पुलिस ने छापा मारा। पुलिस ने घेराबंदी कर सात युवकों को गिरफ्तार किया है। मौके से 11 हुक्के, चिलम, पाइप, फ्लेवर्ड तंबाकू, चारकोल व अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस हुक्का बार के संचालक व मालिक की तलाश कर रही है। इंस्पेक्टर अलीगंज अशोक सोनकर ने बताया कि पिछले कई दिनों से सेक्टर-बी स्थित पैंटा हाउस कैफे में अवैध रूप से हुक्का बार चलाए जाने की सूचना मिल रही थी। सोमवार रात उपनिरीक्षक धर्मराज सिंह ने पुलिस टीम के साथ कैफे में छापेमारी की। पुलिस टीम पहुंची तो कैफे में हुक्का बार चलता मिला। बार में कई हुक्के लगे थे। पुलिस कर्मियों को देखते ही कैफे में मौजूद लोग भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर सात लोगों को मौके से पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों में सीतापुर के सिधौली निवासी अतुल रावत उर्फ छोटू, अतरौली मायापुरी निवासी इनायत अली, महिगवां निवासी अरुण कुमार, इटौंजा बीबीपुर निवासी अभिषेक तिवारी, डालीगंज निवासी विभूम शर्मा उर्फ हर्ष, प्रत्यूष वर्मा निवासी बाबूगंज हसनगंज और बीकेटी के कठवारा निवासी रणविजय सिंह चौहान हैं। इंस्पेक्टर ने बताया पूछताछ में पता चला कैफे का मालिक आदित्य यादव है, लेकिन वर्तमान में संचालन उसका भाई आर्यन यादव द्वारा किया जा रहा था। पुलिस ने उपनिरीक्षक धर्मराज सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**लाइसेंस का झांसा देकर बुलाते थे आरोपित**

इंस्पेक्टर ने बताया कि 18 से कम उम्र के व्यक्ति को तंबाकू उत्पाद की बिक्री करना मना है। इस नियम की अनदेखी द पैंटा हाउस कैफे में की जा रही थी। पूछताछ में हुक्का पी रहे युवकों बताया कि संचालक कम उम्र के लड़कों और छात्रों को हुक्का बार का लाइसेंस होने का झांसा देता था। कई बार स्कूल ड्रेस में भी छात्र बिना किसी रोकटोक के आते थे।

# भारत-अमेरिका रिश्तों में नया मोड़ टैरिफ कटौती के पीछे बदलती वैश्विक राजनीति और भारत की बढ़ती ताकत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ को घटाकर 18% करना सिर्फ एक व्यापारिक फैसला नहीं है, बल्कि यह बदलते वैश्विक समीकरणों, भारत की रणनीतिक मजबूती और अमेरिका की व्यावहारिक मजबूरियों का संकेत देता है। लंबे समय से जिस भारत-अमेरिका ट्रेड डील का इंतजार किया जा रहा था, वह आखिरकार ऐसे समय में सामने आई है जब दुनिया युद्ध, ऊर्जा संकट, महंगाई और भू-राजनीतिक खींचतान से जूझ रही है। इस फैसले ने यह साफ कर दिया है कि भारत अब केवल एक उभरती अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि वैश्विक संतुलन में निर्णायक भूमिका निभाने वाला देश बन चुका है।

ट्रम्प का भारत पर नरम रुख पहली नजर में उनकी व्यक्तिगत कूटनीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ दोस्ताना संबंधों का नतीजा लगता है, लेकिन गहराई से देखने पर इसके पीछे ठोस आर्थिक, राजनीतिक और रणनीतिक कारण दिखाई देते हैं। अमेरिका इस समय एक जटिल स्थिति में है। रूस-यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को अस्थिर कर दिया है, चीन के साथ अमेरिका का टकराव लगातार तेज हो रहा है और घरेलू स्तर पर अमेरिकी अर्थव्यवस्था महंगाई व उद्योगों की लागत से दबाव में है। ऐसे में अमेरिका के लिए भारत जैसा बड़ा बाजार, भरोसेमंद साझेदार और रणनीतिक सहयोगी बेहद अहम हो गया है।

भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका विशाल बाजार है। 1.4 अरब की आबादी, तेजी से बढ़ता मध्यम वर्ग और उपभोक्ता मांग अमेरिका की बड़ी कंपनियों के लिए सुनहरा अवसर है। ट्रम्प की 'बाय अमेरिकन' नीति तभी सफल हो सकती है जब अमेरिकी उत्पादों के लिए बड़े और स्थिर बाजार उपलब्ध हों। भारत ने अमेरिका से 500 अरब डॉलर से ज्यादा के ऊर्जा, तकनीक, कृषि और अन्य उत्पाद खरीदने की प्रतिबद्धता जताकर यह साफ कर दिया कि वह केवल टैरिफ में राहत नहीं चाहता, बल्कि दीर्घकालिक साझेदारी के लिए तैयार है। यह प्रस्ताव अमेरिकी उद्योगों, खासकर ऊर्जा और टेक सेक्टर के लिए बेहद आकर्षक है।

ऊर्जा के मोर्चे पर भारत की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। रूस से सस्ता तेल खरीदना भारत की मजबूरी रही है, क्योंकि उसकी ऊर्जा जरूरतें विशाल हैं और घरेलू उत्पादन सीमित है। अमेरिका ने इसी को लेकर भारत पर अतिरिक्त 25% टैरिफ लगाया था, लेकिन हकीकत यह है कि भारत को पूरी तरह रूस से अलग करना न तो आसान है और न ही व्यावहारिक। ट्रम्प प्रशासन यह समझ चुका है कि दबाव की नीति भारत जैसे आत्मनिर्भर और रणनीतिक रूप से स्वतंत्र देश पर ज्यादा देर तक कारगर नहीं रहेगी। इसके बजाय, अमेरिका ने भारत को अपने पक्ष में करने के लिए प्रोत्साहन का रास्ता चुना। ज्यादा अमेरिकी तेल और गैस की खरीद से अमेरिका को आर्थिक फायदा होगा और भारत को ऊर्जा स्रोतों में विविधता मिलेगी।

ट्रम्प के नरम पड़ने की एक बड़ी वजह चीन फैक्टर भी है। अमेरिका और चीन के रिश्ते पिछले कुछ वर्षों में लगातार बिगड़े हैं। व्यापार युद्ध, तकनीकी प्रतिबंध और सैन्य प्रतिस्पर्धा ने दोनों देशों को आमने-सामने खड़ा कर दिया है। ऐसे में अमेरिका को एशिया में एक मजबूत संतुलनकारी शक्ति की जरूरत है, और भारत इस भूमिका के लिए सबसे उपयुक्त देश है। भारत की अर्थव्यवस्था चीन के बाद एशिया में सबसे बड़ी है, उसकी लोकतांत्रिक व्यवस्था अमेरिका के लिए वैचारिक रूप से भी अनुकूल है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उसकी रणनीतिक स्थिति बेहद अहम है। भारत को नाराज करना या उस पर अत्यधिक दबाव बनाना अमेरिका के दीर्घकालिक हितों के खिलाफ जाता।

भारत की कूटनीतिक परिपक्वता भी इस डील में साफ नजर आती है। भारत ने न तो जल्दबाजी में कोई प्रतिक्रिया दी और न ही दबाव में अपने हितों से समझौता किया। डब्यूटीओ में जवाबी ड्यूटी का प्रस्ताव देकर भारत ने यह संकेत दिया कि वह अपने व्यापारिक हितों की रक्षा करना जानता है। साथ ही, अमेरिका के साथ संवाद के दरवाजे खुले रखकर यह भी दिखाया कि वह टकराव नहीं, बल्कि संतुलन चाहता है। यही संतुलित रुख अंततः अमेरिका को बातचीत की मेज पर वापस लाया।

ट्रम्प की व्यक्तिगत राजनीति भी इस फैसले में अहम रही। ट्रम्प खुद को एक ऐसे नेता के रूप में पेश करना चाहते हैं जो डील करना जानता है। भारत जैसे बड़े देश के साथ ट्रेड डील उनकी छवि को मजबूत करती है, खासकर तब जब वे इसे अपनी सख्त टैरिफ नीति की 'सफलता' के रूप में दिखा सकते हैं। 18% टैरिफ को वे रियायत नहीं, बल्कि अपनी बातचीत की जीत के तौर पर पेश कर रहे हैं। साथ ही, मोदी जैसे लोकप्रिय और मजबूत नेता के साथ दोस्ती दिखाना ट्रम्प के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर सकारात्मक संदेश देता है।

भारत की आंतरिक मजबूती भी अमेरिका के बदले रुख की वजह बनी है। पिछले एक दशक में भारत ने बुनियादी ढांचे, डिजिटल अर्थव्यवस्था, विनिर्माण और रक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहल ने यह संदेश दिया है कि भारत अब केवल आयात पर निर्भर रहने वाला देश नहीं रहा। विदेशी कंपनियों के लिए भारत सिर्फ बाजार नहीं, बल्कि उत्पादन का केंद्र भी बन रहा है। अमेरिका यह समझता है कि भारत के साथ सहयोग का मतलब भविष्य की वैश्विक सप्लाई चेन में हिस्सेदारी हासिल करना है।

राजनीतिक दृष्टि से भी भारत की स्थिति मजबूत हुई है। वैश्विक मंचों पर भारत की आवाज अब ज्यादा प्रभावशाली है। जी-20 की अध्यक्षता, क्वाड जैसे मंचों में सक्रिय भूमिका और विकासशील देशों के मुद्दों पर नेतृत्व ने भारत को एक भरोसेमंद वैश्विक खिलाड़ी बना दिया है। अमेरिका जैसे देश के लिए ऐसे साझेदार को नजरअंदाज करना मुश्किल है।

इस पूरे घटनाक्रम से यह भी साफ होता है कि अंतरराष्ट्रीय संबंध अब केवल ताकत के दम पर नहीं चलते। आर्थिक परस्पर निर्भरता, रणनीतिक जरूरतें और राजनीतिक संतुलन मिलकर फैसले तय करते हैं। अमेरिका ने यह महसूस किया कि भारत पर सख्ती उसे चीन या रूस के और करीब धकेल सकती है, जो अमेरिकी हितों के खिलाफ है। इसलिए टैरिफ में कटौती कर और ट्रेड डील की घोषणा कर अमेरिका ने रिश्तों को नई दिशा देने की कोशिश की है।

अंततः यह डील भारत के लिए भी एक अवसर है और एक जिम्मेदारी भी। अवसर इसलिए कि कम टैरिफ से भारतीय निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धा आसान होगी। जिम्मेदारी इसलिए कि भारत को अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखते हुए संतुलन साधना होगा, ताकि वह किसी एक देश पर अत्यधिक निर्भर न हो। ट्रम्प का नरम पड़ना इस बात का संकेत है कि भारत अब वैश्विक मंच पर कमजोर पक्ष नहीं, बल्कि ऐसा देश है जिसके साथ शर्तों पर बात होती है।

यह समझौता दिखाता है कि भारत की ताकत केवल उसकी अर्थव्यवस्था या आबादी में नहीं, बल्कि उसकी धैर्यपूर्ण कूटनीति, स्पष्ट प्राथमिकताओं और आत्मविश्वास में है। अमेरिका का रुख बदलना इस बात की स्वीकारोक्ति है कि भारत के बिना वैश्विक समीकरण पूरे नहीं होते। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि यह नई शुरुआत भारत-अमेरिका रिश्तों को किस ऊंचाई तक ले जाती है, लेकिन इतना तय है कि इस डील ने भारत की बढ़ती वैश्विक हैसियत पर एक बार फिर मुहर लगा दी है।

**कांतिलाल मांडोत**

# हवाई सुरक्षा को लेकर उठते सवाल!

महाराष्ट्र के प्रखर नेता अजित दादा को हमने खो दिया। बस उनकी यादें शेष रह गई हैं। नागपुर में पिछले विधानसभा सत्र के दौरान महाराष्ट्र के मंत्रियों और विधायकों के लिए मैंने सम्मान भोज आयोजित किया था। दादा आए थे। बड़ी खुशमिजाजी से मिले, आमतौर पर गंभीर रहने वाले अजित दादा की आंखों में उस दिन गजब की चमक थी। व्यक्तित्व में उल्लास झलक रहा था। उन्होंने कहा कि जिस बिल्डिंग में आप रहते हैं वहीं रहने मेरे सुपुत्र पार्थ भी आ रहे हैं। मैं घर देखने आने वाला हूं। फिर साथ बैठेंगे, भोजन करेंगे और खूब गप्पें लड़ाएंगे। मैंने मजाक में कहा कि दादा लड़ेंगे-लड़ाएंगे नहीं, खुशियां मनाएंगे।

नियति के दस्तूर का क्या कहें, कहानी बनते-बनते अधूरी रह गई। दादा यादों के इंद्रधनुष का हिस्सा बन गए। जाने वाले कब लौट कर आते हैं? बस यादें रह जाती हैं। अपने राजनीतिक गुरु और चाचा शरदचंद पवार के नक्शे-कदम पर उन्होंने राजनीति का पाठ पढ़ा। फर्क बस इतना था कि शरदचंद पवार मुस्कुरा कर राजनीति करते हैं और अजित दादा बेबाक थे। हां तो हां, ना तो ना! पवार साहब की तरह ही सूर्योदय के साथ अजित दादा की दिनचर्या शुरू हो जाती थी। पहली बैठक का समय होता था सुबह 7 बजे! ऐसी बहुत सी बातें हैं जो उन्हें पसंद करने का कारण थीं। मुंबई में शनिवार या रविवार को कितना भी महत्वपूर्ण कार्यक्रम हो, वे शामिल नहीं होते थे क्योंकि इनमें से एक पुणे और दूसरा दिन बारामती के लिए आरक्षित रहता था।

दादा के साथ की और भी बहुत सी यादें हैं लेकिन इस वक्त मैं इस सोच से उबर नहीं पा रहा हूं कि हवाई यात्राएं इतनी असुरक्षित क्यों हो रही हैं। भारत में हवाई यात्रा की सुरक्षा को हम सब बहुत बेहतर कहते हैं। इसके समर्थन में हमारे पास बहुत से कागजी आंकड़े भी हैं। वैश्विक विमानन सुरक्षा रैंकिंग में हम 112 से उठ कर 55 वें स्थान तक पहुंच चुके हैं, मगर मेरे मन में सवाल उठ रहा है कि चूक कहां हो रही है? जब हम सड़क पर यात्रा करते हैं तो भीषण दुर्घटना में भी बचने की संभावनाएं बनी रहती हैं लेकिन हवा में तो एक छोटी सी चूक भी सभी यात्रियों के लिए मौत का कारण बन जाती है। भारत में वीआईपी मूवमेंट के लिए नियम-कानून का अंबार है, फिर भी चूक कैसे हो जाती है। आखिर ऐसी दुर्घटनाओं में हमने कितने लोगों को खोया है।

लंबी सूची है। होमी भाभा, बिपिन रावत, संजय गांधी, माधवराव सिंधिया, विजय रूपाणी, ओपी जिंदल, जी. एम. सी. बालयोगी, वाई. एस. आर रेड्डी, दोरजी खांडू और साइप्रियन संगमा जैसे अनेक प्रमुख व्यक्तियों के नाम शामिल हैं। वैसे प्रसंगवश बता दें कि 1965 की जंग में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री बलवंत राय मेहता के विमान को पाकिस्तान ने सैन्य विमान समझ कर मार गिराया था। खैर, वह तो मामला ही अलग था। ये तो मैं उनकी बात कर रहा हूं जो चले गए। विमान दुर्घटना से बाल-बाल बचने वालों में वसंतराव नाईक से लेकर देवेंद्र फडणवीस तक की लंबी सूची है।

जब राहुल गांधी आंध्रप्रदेश के चुनावी दौरे पर थे तब मैंने महसूस किया कि लैंड करते वक्त धूल का ऐसा गुब्बार उठा कि हैलिकॉप्टर दिख ही नहीं रहा था। वह दृश्य देखकर मैं घबरा गया था। एक और घटना बताता हूं। मैं और मेरे अनुज राजेंद्र दर्डा हैलिकॉप्टर से मुंबई से ठाणे जा रहे थे। कुल जमा दस-पंद्रह मिनट की यात्रा थी लेकिन इतना कोहरा था, इतना प्रदूषण था कि कुछ दिखाई ही नहीं दे रहा था। उस मार्ग पर कई पहाड़ हैं और ऊंची इमारतें हैं। हमने भगवान का नाम लेते वह यात्रा की। आए दिन हमें यह खबर मिलती रहती है कि कहीं विमान से पक्षी टकरा गया तो कहीं रनवे पर कुत्ता आ गया। कई पायलट्स ने तो यहां तक शिकायत की है कि लेजर बीम के कारण भी उन्हें कई बार परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

अब अजित दादा के चार्टर्ड विमान की दुर्घटना को लेकर जो बातें सामने आ रही हैं वो चौंकाने वाली हैं। बताया जा रहा है कि विमान में भी खामियां थीं। इसके अलावा बारामती एयरपोर्ट पर न तो ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम है और न ही इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम है। स्थानीय फ्लाइट ट्रेनिंग स्कूल के इंस्ट्रक्टर रेडियो कम्युनिकेशन संभालते हैं। पायलट को रनवे तलाशने के लिए सूरज के सामने देखना पड़ रहा था। सूरज की चमक ने भी चकमा दिया होगा और दूसरी सबसे महत्वपूर्ण बात जो उभर कर सामने आ रही है, वह है पायलट कैप्टन सुमित कपूर का मदिरा प्रेम। दो बार ऐसे मौके आए थे जब फ्लाइट से पूर्व उन्हें नशे में पाया गया और डीजीसीए ने उन्हें तीन साल के लिए निलंबित भी किया था।

# क्रिकेट का कब्रिस्तान पाकिस्तान, पाकिस्तान सरकार का आत्मघाती कदम

पाकिस्तान सरकार ने आगामी T20 वर्ल्ड कप 26 को श्रीलंका में होने वाले भारत-पाकिस्तान मैच में शामिल नहीं होने का फैसला कर लिया है। पाकिस्तान ने इस तरह पाकिस्तान क्रिकेट की कब्र ही खोद दी है। विगत 10 से12 वर्षों में क्रिकेट पाकिस्तान के लिए बोझ बनता जा रहा है और आगामी टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में 15 फरवरी को भारत के विरुद्ध मैच खेलने से पाकिस्तान सरकार के इनकार ने इस संकट को और गहरा कर दिया है। कयास यह लगाई जा रहे हैं कि भारत से डर कर पाकिस्तान ने मैच खेलने से इनकार कर दिया है गौरतलाप है कि वर्ल्ड कप T20 में आठ में से 7 मैच भारत जीता है और केवल एक मैच पाकिस्तान जीत पाया है। ऐसी परिस्थितियों में यह फैसला खेल से अधिक राजनीति से प्रेरित प्रतीत होता है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट व्यवस्था में इसके दूरगामी आर्थिक, कूटनीतिक और संस्थागत दुष्परिणाम निश्चित हैं।

भारत पाक मुकाबला केवल एक मैच नहीं बल्कि वैश्विक क्रिकेट का सबसे बड़ा व्यावसायिक इवेंट माना जाता है। जिससे आईसीसी, मेज़बान देश, ब्रॉडकास्टिंग कंपनियां, प्रायोजक और स्वयं दोनों क्रिकेट बोर्डों को भारी राजस्व प्राप्त होता है। इन परिस्थितियों में यदि पाकिस्तान इस मैच से पीछे हटता है तो पहला सीधा झटका इंटरनेशनल ब्रॉडकास्टर्स को लगेगा जिन्होंने अरबों रुपये का निवेश इस टूर्नामेंट के अधिकारों में किया है। विज्ञापन अनुबंध, स्लॉट बुकिंग और व्यूअरशिप अनुमानों की रीढ़ भारत-पाक मैच पर ही टिकी होती है। मैच रद्द या पाकिस्तान की अनुपस्थिति की स्थिति में ब्रॉडकास्टिंग कंपनियां आईसीसी से मुआवज़े की मांग करेंगी और यह स्वाभाविक है कि आईसीसी उस क्षतिपूर्ति का बोझ संबंधित बोर्ड यानी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और अंततः पाकिस्तान सरकार पर डालने का प्रयास करेगा। विभिन्न मीडिया अनुमानों और पूर्व अनुभवों के आधार पर यह नुकसान लगभग 250 से 300 करोड़ रुपये तक आंका जा रहा है, जो पहले से कर्ज, महंगाई, विदेशी मुद्रा संकट और आईएमएफ की शर्तों से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए अत्यंत गंभीर आर्थिक आघात होगा। इतना ही नहीं यदि आईसीसी इसे टूर्नामेंट की अखंडता और अनुबंध उल्लंघन के रूप में देखती है तो उस पर अतिरिक्त जुर्माना भी लगाया जा सकता है। जिससे कुल नुकसान और बढ़ेगा, इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा शिकार पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड होगा जो पहले ही आर्थिक रूप से कमजोर स्थिति में है और जिसकी आय का बड़ा हिस्सा आईसीसी के वितरण और भारत-पाक सीरीज की अप्रत्यक्ष लोकप्रियता पर निर्भर करता है। यदि आईसीसी पाकिस्तान को गैर-पेशेवर व्यवहार या राजनीतिक हस्तक्षेप के लिए दोषी मानती है तो उस पर भविष्य के टूर्नामेंटों की मेजबानी से वंचित किया जा सकता है या पांच वर्ष तक के प्रतिबंध जैसी कठोर कार्रवाई की संभावना भी बन सकती है, जो पीसीबी के लिए लगभग विनाशकारी सिद्ध होगी क्योंकि तब न केवल राजस्व रुकेगा बल्कि खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर भी सीमित हो जाएगा। पाकिस्तान का यह तर्क कि उसने बांग्लादेश के भारत न आकर खेलने के फैसले के समर्थन में यह कदम उठाया है, तो यह फैसला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट जगत में ज्यादा वजन नहीं रखता क्योंकि आईसीसी का ढांचा द्विपक्षीय राजनीतिक समर्थन नहीं बल्कि लिखित अनुबंधों और तय कार्यक्रमों पर आधारित होता है। खेल की वैश्विक संस्था भावनात्मक या वैचारिक समर्थन से नहीं बल्कि व्यावसायिक अनुशासन से चलती है। पाकिस्तान का यह निर्णय उसे नैतिक ऊंचाई नहीं बल्कि प्रशासनिक अविश्वसनीयता की श्रेणी में खड़ा करता है। भारत की स्थिति इस पूरे विवाद में अपेक्षाकृत मजबूत है क्योंकि बीसीसीआई न केवल आर्थिक रूप से दुनिया का सबसे ताकतवर बोर्ड है बल्कि आईसीसी की आय का सबसे बड़ा स्रोत भी है। इसलिए किसी भी विवाद में आईसीसी संतुलन साधने का प्रयास करेगी लेकिन अंततः नुकसान उसी को उठाना पड़ेगा जो आयोजन को बाधित कर रहा है। पाकिस्तान में क्रिकेट को लेकर पहले ही अस्थिरता रही है,कभी सुरक्षा कारण, कभी सरकार का हस्तक्षेप, कभी बोर्ड की अंदरूनी राजनीति इन सबने मिलकर पाकिस्तान क्रिकेट की विश्वसनीयता को कमजोर किया है और यह फैसला उसी कड़ी का अगला अध्याय लगता है। यदि पाकिस्तान वास्तव में क्रिकेट को 'कब्रिस्तान' बनने से बचाना चाहता है तो उसे यह समझना होगा कि आधुनिक क्रिकेट केवल खेल नहीं बल्कि वैश्विक उद्योग है जहां भावनाओं से अधिक अनुबंध और पेशेवर प्रतिबद्धता मायने रखती है, भारत के खिलाफ न खेलने का निर्णय घरेलू राजनीति में भले ही तालियां बटोर ले, लेकिन अंतरराष्ट्रीय मंच पर यह पाकिस्तान को अलग-थलग करने की दिशा में एक और कदम साबित हो सकता है।

अंततः नुकसान केवल सरकार या बोर्ड का नहीं होगा बल्कि उन खिलाड़ियों का होगा जिनके करियर, मेहनत और सपने इस अव्यवस्था की भेंट चढ़ेंगे, इसलिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं कि इस फैसले ने पाकिस्तान ने अपने ही पैर पर कुल्हाड़ी नहीं बल्कि क्रिकेट रूपी आखिरी सहारे पर भी गहरी चोट कर दी है। यदि समय रहते आत्ममंथन नहीं हुआ तो आने वाले वर्षों में पाकिस्तान क्रिकेट इतिहास के पन्नों में गौरव से नहीं बल्कि चेतावनी के उदाहरण के रूप में दर्ज हो सकता है।

**संजीव ठाकुर**

# संपादकीय

## अप्रकाशित किताब, बड़े दावे और खाली हाथ राहुल गांधी

**[ संसदीय मर्यादा बनाम राहुल गांधी की राजनीति ]**

**[ आरोपों का शोर, तथ्यों की कमी: संसद में राहुल गांधी बेबस ]**

2 फरवरी 2026 का दिन भारतीय संसदीय इतिहास में एक और तीखे और दुर्भाग्यपूर्ण टकराव के रूप में दर्ज हो गया। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की बहस, जो सामान्यतः सरकार की नीतियों पर गंभीर और मर्यादित विमर्श का अवसर होती है, उस दिन राहुल गांधी की आक्रामक राजनीति और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तथ्यपरक दृढ़ता की भेंट चढ़ गई। लोकसभा का वातावरण अचानक उग्र हो उठा, तर्कों की जगह शोर ने ले ली और संसद की गरिमा एक बार फिर कठघरे में खड़ी दिखाई दी। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चीन, डोकलाम और गलवान का मुद्दा उठाकर सरकार को घेरने की कोशिश की, लेकिन उनका तरीका, उनका स्रोत और उनकी प्रस्तुति ही उनकी सबसे बड़ी कमजोरी बनकर सामने आ गई। राहुल गांधी ने अपने भाषण में पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की कथित अप्रकाशित किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी का हवाला देते हुए यह सनसनीखेज दावा कर दिया कि चार चीनी टैंक भारतीय सीमा में घुसे थे और डोकलाम की एक रणनीतिक रिज पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने इसे सीधे-सीधे मोदी सरकार की विफलता करार दिया और चुनौती भरे लहजे में सवाल उछाला कि सरकार 'सच से डर क्यों रही है?' पहली नजर में यह आरोप चौंकाने वाला था, लेकिन जैसे ही उसके स्रोत की सच्चाई सामने आई, पूरा तर्क खोखला और आधारहीन नजर आने लगा। संसद कोई मंच नहीं है, जहां अप्रमाणित और अप्रकाशित स्रोतों के सहारे गंभीर आरोप उछाल दिए जाएं। यहीं से राहुल गांधी की राजनीतिक रणनीति पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे। संसद के नियम 349 के तहत किसी भी अप्रकाशित, असत्यापित या अप्रमाणिक स्रोत से उद्धरण देना सख्त रूप से निषिद्ध है। जनरल नरवणे की किताब न तो प्रकाशित हुई थी और न ही उसे किसी आधिकारिक प्रक्रिया के तहत संसद के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। इसके बावजूद राहुल गांधी ने कारवां मैगजीन के एक लेख को आधार बनाकर पूरे सदन को गुमराह करने का प्रयास किया। यह केवल संसदीय नियमों का उल्लंघन नहीं था, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे अत्यंत संवेदनशील विषय पर घोर गैर-जिम्मेदाराना रवैये का भी परिचायक था।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस पर बिना किसी हिचक के कड़ा और स्पष्ट ऐतराज जताया। शांत लेकिन सधे हुए शब्दों में उन्होंने सवाल किया कि राहुल गांधी आखिर किस किताब का उल्लेख कर रहे हैं, जिसे न उन्होंने स्वयं देखा है और न ही संसद के पास उसका कोई आधिकारिक संज्ञान है। राजनाथ सिंह ने स्पष्ट किया कि यदि जनरल नरवणे के पास कोई नई या गंभीर जानकारी होती, तो वह संवैधानिक मर्यादाओं के तहत सीधे सरकार को अवगत कराते। उन्होंने यह भी दोहराया कि नरवणे ने कभी अपनी किताब के प्रकाशन को लेकर किसी तरह की कानूनी लड़ाई नहीं लड़ी। रक्षा मंत्री का यह तर्कपूर्ण जवाब न सिर्फ संसदीय नियमों पर आधारित था, बल्कि राहुल गांधी के पूरे राजनीतिक नैरेटिव की बुनियाद को ही हिला देने वाला साबित हुआ। बहस के दौरान गृह मंत्री अमित शाह का हस्तक्षेप राहुल गांधी के लिए और अधिक असहज साबित हुआ। अमित शाह ने साफ शब्दों में कहा कि जिस लेख का हवाला दिया जा रहा है, वह भी उसी अप्रकाशित किताब पर आधारित है, जिसे संसद में उद्धृत करने की अनुमति नहीं है। उन्होंने राहुल गांधी से सीधा सवाल किया कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के बीच अचानक चीन का मुद्दा उठाने का उद्देश्य क्या है। यह संकेत स्पष्ट था कि मामला राष्ट्रहित से अधिक राजनीतिक लाभ का था। भाजपा सांसदों की नारेबाजी और स्पीकर ओम बिरला की बार-बार चेतावनियों के बीच सदन की कार्यवाही लगातार बाधित होती रही।

राहुल गांधी का रवैया इस पूरे घटनाक्रम में उनके पुराने राजनीतिक पैटर्न को ही दोहराता दिखा। नियमों की अनदेखी करना, विवाद खड़ा करना, खुद को अकेला सच बोलने वाला दिखाना और जब जवाब मिले तो हंगामे का सहारा लेना—यह कोई नया तरीका नहीं था। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या भारत-चीन संबंधों पर चर्चा नहीं हो सकती, जबकि असल फर्क चर्चा और अफवाह के बीच होता है। भाजपा ने तुरंत जनरल नरवणे का पुराना बयान सामने रखा, जिसमें उन्होंने स्पष्ट कहा था कि 'न एक इंच जमीन गई है।' यह राहुल के दावों पर सीधा और निर्णायक प्रहार था। यह पूरी बहस इस बात को उजागर करती है कि राहुल गांधी किस तरह राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे गंभीर विषय को भी राजनीतिक हथियार बना लेते हैं। गलवान में शहीद हुए 20 जवानों का बलिदान पूरे देश के लिए पीड़ा का विषय है, लेकिन बिना ठोस प्रमाण उस मुद्दे को बार-बार उठाना न तो संवेदनशीलता है और न ही जिम्मेदार विपक्ष का आचरण। राजनाथ सिंह ने सही कहा कि सेना की प्रतिष्ठा और देश की सुरक्षा पर सवाल उठाने के दूरगामी परिणाम होते हैं। ऐसे बयान सेना का मनोबल गिराते हैं और राष्ट्रीय एकता को कमजोर करते हैं। राजनाथ सिंह ने तथ्यों के आधार पर स्पष्ट किया कि चीन की ओर से कोई नई घुसपैठ नहीं हुई है और मोदी सरकार ने एलएसी पर मजबूत स्थिति बनाई है। इसके विपरीत, राहुल गांधी के आरोप अटकलों और अप्रमाणित बातों पर आधारित थे। कांग्रेस की राजनीति अब सरकार-विरोध तक सीमित नजर आती है, चाहे उससे राष्ट्रीय हित को नुकसान ही क्यों न पहुंचे। सदन के बाहर राहुल गांधी का यह कहना कि प्रधानमंत्री जवाब देने से भाग गए, दरअसल उनकी अपनी संसदीय विफलता को ही उजागर करता है, क्योंकि बहस के दौरान उनके पास कोई ठोस तथ्य मौजूद नहीं था। दिन के अंत में लोकसभा की कार्यवाही भले ही स्थगित हो गई, लेकिन तस्वीर पूरी तरह साफ हो चुकी थी। राहुल गांधी का पूरा प्रयास धराशायी हो गया। न केवल उनके आरोप खारिज हुए, बल्कि उनकी राजनीतिक रणनीति भी कठघरे में आ खड़ी हुई। इसके विपरीत, राजनाथ सिंह ने संयम, तथ्य और दृढ़ता के साथ सरकार का पक्ष रखा और यह स्पष्ट कर दिया कि राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे गंभीर विषय पर सरकार किसी भी झूठे या अप्रमाणित आरोप के आगे झुकने वाली नहीं है। यह पूरा घटनाक्रम भारतीय लोकतंत्र की उस मजबूती को रेखांकित करता है, जहां नियम, तथ्य और सत्य अंततः हावी रहते हैं। संसद अफवाहों का अखाड़ा नहीं, बल्कि जिम्मेदार और मर्यादित बहस का मंच है—और यही इस घटनाक्रम का सबसे बड़ा और स्पष्ट संदेश है।

**प्रो. आरके जैन**

# सदन की मर्यादा बनाम राजनीतिक सनसनी अप्रकाशित किताबों के हवाले और कांग्रेस की जिम्मेदारी

लोकसभा लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है, जहां शब्द केवल अभिव्यक्ति नहीं होते, बल्कि राष्ट्रीय भरोसे, संस्थागत मर्यादा और संवैधानिक जिम्मेदारी के प्रतीक भी होते हैं। ऐसे में अगर इस मंच पर ऐसे संदर्भ लाए जाएं, जिनका न तो आधिकारिक अस्तित्व हो और न ही सार्वजनिक सत्यापन, तो स्वाभाविक है कि सवाल केवल कथन पर नहीं, कथन करने की मंशा पर भी उठते हैं। पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल एम.एम. नरवणे की कथित अप्रकाशित किताब के हवाले से डोकलाम को लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का बयान इसी श्रेणी में आता है, जिसने संसद में हंगामा खड़ा कर दिया और देश के सामने एक गंभीर प्रश्न रख दिया। क्या राजनीतिक लाभ के लिए सदन की नियम-परंपरा और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषयों को दांव पर लगाया जा सकता है?

राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान जिस मैगजीन लेख का हवाला दिया, वह स्वयं एक अप्रकाशित मेमॉयर पर आधारित बताया गया। जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कहा कि जिस किताब का जिक्र किया जा रहा है, वह प्रकाशित ही नहीं हुई है, तो इस तर्क को खारिज करना मुश्किल हो जाता है। संसदीय परंपरा साफ कहती है कि सदन में वही तथ्य उद्धृत किए जा सकते हैं, जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध, प्रकाशित और सत्यापन योग्य हों। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी इसी नियम की याद दिलाई। इसके बावजूद, नियमों की अवहेलना कर बार-बार वही संदर्भ दोहराया गया, जिससे बहस का स्तर मुद्दे से हटकर टकराव तक पहुंच गया।

यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस नेतृत्व, खासकर राहुल गांधी, ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर ऐसे बयान दिए हों, जिन्हें बाद में या तो आधा-अधूरा बताया गया या तथ्यहीन। डोकलाम जैसे संवेदनशील मुद्दे पर बोलते समय अतिरिक्त सावधानी अपेक्षित होती है, क्योंकि यहां केवल सरकार की आलोचना नहीं होती, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से सेना की रणनीति, क्षमता और निर्णयों पर भी सवाल खड़े होते हैं। स्वयं स्पीकर ने यह टिप्पणी की कि राष्ट्रीय हित के विषय पर सेना की आलोचना उचित नहीं है। यह टिप्पणी किसी दल विशेष के पक्ष में नहीं, बल्कि संस्था की रक्षा में दी गई चेतावनी थी।

राहुल गांधी का यह कहना कि ' 'किताब को प्रकाशित नहीं करने दिया गया 'भी बिना किसी ठोस प्रमाण के एक गंभीर आरोप है। अगर ऐसा है, तो सवाल उठता है कि कांग्रेस के पास इसके समर्थन में आधिकारिक दस्तावेज, लेखक का सार्वजनिक बयान या प्रकाशक की पुष्टि क्यों नहीं है? संसद में संदेह, कयास और 'कहा जाता है' जैसे शब्दों के आधार पर देश की सुरक्षा नीति पर बहस नहीं की जा सकती। यह न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करने वाला भी है।

कांग्रेस अक्सर यह आरोप लगाती रही है कि सरकार असहज सवालों से डरती है। लेकिन इस पूरे प्रकरण में डर नहीं, बल्कि प्रक्रिया और नियमों पर जोर दिखा। अगर राहुल गांधी किसी प्रकाशित लेख या आधिकारिक बयान का हवाला देते, तो सरकार के पास उसका जवाब देने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता। समस्या सवाल में नहीं, सवाल पूछने के तरीके में है। संसद बहस का मंच है, अफवाहों का नहीं। यही कारण है कि गृह मंत्री अमित शाह का यह कहना कि 'मैगजीन तो कुछ भी लिख सकती है' केवल एक राजनीतिक तंज नहीं, बल्कि तथ्यात्मक चेतावनी भी है।

कांग्रेस की रणनीति पर नजर डालें तो यह साफ दिखता है कि वह सदन के भीतर और बाहर लगातार ऐसे मुद्दे उठाना चाहती है, जिनसे सरकार को राष्ट्रवाद और सुरक्षा के मोर्चे पर घेरा जा सके। लेकिन जब ऐसे प्रयास ठोस तथ्यों के बजाय अपुष्ट संदर्भों पर आधारित हों, तो वे खुद कांग्रेस की विश्वसनीयता को चोट पहुंचाते हैं। जनता अब केवल आरोप नहीं, प्रमाण भी चाहती है। सोशल मीडिया और सूचना के इस दौर में आधे सच ज्यादा देर तक टिकते नहीं।

यह भी उल्लेखनीय है कि पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल नरवणे ने स्वयं सार्वजनिक रूप से यह नहीं कहा है कि डोकलाम में चीनी टैंक भारतीय सीमा के भीतर 100 मीटर तक आ गए थे, जैसा दावा किया गया। अगर ऐसा कोई गंभीर तथ्य होता, तो वह किसी न किसी आधिकारिक माध्यम से सामने आता। सेना और सरकार के बीच संवाद कोई छिपी हुई प्रक्रिया नहीं है, खासकर जब बात सीमा सुरक्षा की हो। ऐसे में अप्रकाशित किताब के हवाले से सनसनी फैलाना न तो जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका है और न ही परिपक्व राजनीति की पहचान।

सदन की कार्यवाही का बार-बार स्थगित होना भी किसी के हित में नहीं है। विपक्ष का काम सवाल पूछना है, लेकिन नियमों के भीतर रहकर। सरकार का काम जवाब देना है, लेकिन तथ्य और मर्यादा के साथ। जब दोनों में से कोई एक भी इस संतुलन को तोड़ता है, तो नुकसान लोकतंत्र का होता है। इस पूरे घटनाक्रम में सरकार ने नियमों का हवाला दिया, जबकि कांग्रेस ने भावनात्मक और आरोपात्मक राजनीति को तरजीह दी। यही अंतर आज की राजनीति की दिशा तय कर रहा है।

अंततः, यह बहस किसी एक किताब या एक बयान तक सीमित नहीं है। यह इस बात की परीक्षा है कि हम संसद को किस रूप में देखना चाहते हैं।एक गंभीर नीति-निर्माण मंच या राजनीतिक सुर्खियों का अखाड़ा। कांग्रेस और राहुल गांधी को आत्ममंथन करना होगा कि क्या बार-बार बेबुनियाद आरोप लगाकर वे वास्तव में राष्ट्रीय हित की सेवा कर रहे हैं, या केवल तात्कालिक राजनीतिक लाभ की तलाश में हैं। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन उतनी ही महत्वपूर्ण है उसकी जिम्मेदारी। बिना प्रमाण के आरोप न केवल सरकार को, बल्कि पूरे देश को कमजोर करते हैं।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर कांग्रेस ने दिया जोर

**देवरिया।** जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ने की। बैठक में संगठनात्मक स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने न्याय पंचायत से लेकर मंडल व बूथ स्तर तक लंबित कमेटियों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही किसी भी आंदोलन और राजनीतिक संघर्ष की आधारशिला होती है, इसलिए सभी पदाधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए इसी सप्ताह कमेटियों का गठन पूरा करें। जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों एवं ब्लॉक अध्यक्षों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। बैठक में मनरेगा संग्राम अभियान को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत कर ही जनता की समस्याओं की प्रभावी लड़ाई लड़ी जा सकती है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, प्रवक्ता, सचिवगण सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं ब्लॉक अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### संदूक का ताला तोड़कर करीब ग्यारह लाख रुपए का आभूषण चोरी



**महराजगंज।** नौतनवां थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत महुअवा अड्डा निवासी लक्ष्मी नारायण मद्धेशिया के दो मंजिला मकान में घुस कर अज्ञात चोरों ने संदूक का ताला तोड़कर उसमें रखा सोने व चांदी के आभूषण चुरा ले गए। सुबह जब घर की महिलाएं छत पर गई तो सामान बिखरा देखकर उनके होश उड़ गए। आवाज सुनकर परिजन छत पर पहुंचे तो देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा था तथा उसमें रखा सारा आभूषण गायब था। मामले में लक्ष्मीनारायण मद्धेशिया ने स्थानीय पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर बताया कि मंगलवार की रात अज्ञात चोर दो मंजिला मकान में घुसकर कमरे में रखा संदूक का ताला तोड़कर उसमें से सोने का चार कंगन, मंगलसूत्र, अंगूठी, माला, झुमकी, टीका, नथिया, कान की बाली तथा चांदी का पाजेब समेत करीब ग्यारह लाख रुपए का गहना चुरा ले गए। मामले में लक्ष्मीनारायण मद्धेशिया ने अड्डा चौकी पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में नौतनवां थानाध्यक्ष पुरषोत्तम राव ने बताया कि जानकारी मिली है मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### शराब की दुकान से हजारों व नकदी व शराब उड़ा ले गये चोर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शराब की दुकान में घुसकर चोर हजारों की नकदी व शराब उठा ले गये। घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के मंगापुर में देशी शराब ठेका की दुकान है। शराब के संचालक विवेक विक्रम सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दो फरवरी की रात अज्ञात चोर शराब की दुकान में घुस आये और अंदर रखी 65600 रूपये की नकदी तथा हजारों की शराब उड़ा ले गये। चोर शराब की दुकान में रखे इर्न्वटर व कैमरे की एलसीडी भी उठा ले गये। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस जांच के बाद लौट गयी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। शीघ्र ही घटना का राजफाश किया जाएगा।

### अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** डम्पर की चपेट में आने से मासूम की हुई मौत की घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के आहरबीहर पूरे वैशन गांव निवासी माया सरोज पत्नी राजू सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दो फरवरी की सुबह करीब पौने बारह बजे उसकी दो वर्षीया पुत्री मान्या सरोज घर के बाहर खेल रही थी। इसी बीच अठेहा से अमेठी की ओर तेज गति से जा रहे डम्पर ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे मान्या की मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि आरोपी अज्ञात डम्पर चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# सिस्टम में खोट, तो न्याय से वंचित फरियादी खजनी के बेलडॉड गांव में मुआवज़े की लूट

### ●बैंक-पुलिस गठजोड़ के आरोप, गरीब की आवाज़ पर लाठी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**खजनी गोरखपुर-** जनपद के खजनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा बेलडॉड से न्याय व्यवस्था को कटघरे में खड़ा करने वाला एक मर्मिक मामला सामने आया है। यहां एक ही परिवार के भीतर उत्पीड़न, धोखाधड़ी और कथित सिस्टम-गठजोड़ ने एक गरीब मजदूर परिवार को हक़ से वंचित कर दिया। खजनी क्षेत्र बेलडॉड गांव निवासी रामजीत यादव के दो पुत्र—कमलेश यादव और श्यामदेव यादव—थे। आरोप है कि बड़े पुत्र कमलेश की प्रताड़ना से तंग आकर श्यामदेव किशोरावस्था में ही घर छोड़कर लापता हो गया और करीब 12 वर्षो बाद किसी तरह गांव लौटा। गांव-समाज के हस्तक्षेप से उसका विवाह हुआ। आज श्यामदेव की तीन मासूम बेटियां हैं और वह मजदूरी कर परिवार पाल रहा है। इधर, बड़े भाई कमलेश ने फालिजग्रस्त पिता रामजीत को अपने प्रभाव में रखकर उनकी पूरी पेंशन का लाभ उठाया, मकान पत्नी के नाम करा लिया और छोटे भाई को घर से बाहर कर दिया—ऐसा आरोप है।

समय के साथ रामजीत यादव की जमीन रेलवे अधिग्रहण में चली गई। बदले में रेलवे मुआवज़े के रूप में लगभग 44 लाख रुपये रामजीत के बैंक खाते में आए। यहीं से कथित साज़िश का खेल शुरू हुआ। आरोप है कि कमलेश ने खजनी कस्बे स्थित इंडियन बैंक के एक कर्मचारी से मिलीभगत कर शाखा प्रबंधक को विश्वास में लिया और बैंक कर्मी को घर ले जाकर पैरालाइज पिता से हस्ताक्षर नहीं, बल्कि अंगूठा लगवाकर पूरी रकम अपने पुत्र संतोष यादव के खाते में ट्रांसफर करा दी। यह गोपनीय लेन-देन कुछ लोगों तक सीमित रहा। इसके बाद रामजीत यादव की रहस्यमय मृत्यु हो गई। पिता की मौत के बाद श्यामदेव को मुआवज़े की जानकारी मिली। जब गांव में यह बात फैली तो ग्रामीणों में आक्रोश भड़क उठा। श्यामदेव को उसका हक दिलाने के लिए ग्रामीण आगे आए। लेकिन आरोप है कि खजनी थाना प्रभारी की भूमिका संदिग्ध रही—वे पीड़ित के बजाय आरोपी पक्ष की पैरवी करते दिखे। न्याय की मांग को लेकर जब ग्रामीण थाने के बाहर एक स्वर में आवाज़ उठाने लगे, तो कुछ युवाओं को हिरासत में लेकर आवाज़ दबा दी गई। लाठी के दम पर गरीब-असहाय की पुकार को शांत करने की कोशिश हुई और मामला ठंडा पड़ता दिखा। ग्रामीणों का कहना है कि बैंक-पुलिस की कथित साठगांठ ने न्याय को बंधक बना लिया है। गांव-गांव यह सवाल गूंज रहा है—जब सिस्टम में ही खोट हो, तो फरियादी न्याय कैसे पाए? आज बेलडॉड की कहानी हर उस पीड़ित की कहानी बन गई है, जिसकी आवाज़ सत्ता और व्यवस्था के शोर में दबा दी जाती है। अब निगाहें प्रशासन और उच्च अधिकारियों पर हैं—क्या पीड़ित को इंसाफ मिलेगा, या यह मामला भी फाइलों में दफन हो जाएगा?

## खजनी तहसील में तहसीलदार के विरोध में वकीलों का धरना-प्रदर्शन

### ● तहसीलदार खजनी किसानो के बीच मे शासनव प्रशासन की छवि बिगाड़ने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी-** गोरखपुर खजनी तहसील में व्याप्त अनियमितता एवं उसके समाधान के प्रति पीठासीन अधिकारियों के कार्यशैली में सुधार हेतु तहसील बार एसोसिएशन खजनी के सभी वकील पूर्व में न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए धरना प्रदर्शन करके जिला अधिकारी गोरखपुर दीपक मीणा से मिले थे, डीएम के आश्वासन पर वकीलों ने न्यायालयों के न्यायिक कार्य करना शुरू कर दिया था। किंतु स्थ्ढक्रसंबंधित कार्य में व्यस्त रहने के कारण तहसील के अधिकारीगण प्रशासनिक कार्य में व्यस्त थे। इस बीच 22 जनवरी 2026 को सभी वकील तहसील के अधिकारियों के न्यायालयों में न्यायिक कार्य कर रहे थे, इसी दौरान उन्हें सूचना मिली की तहसीलदार खजनी ध्रुवेश कुमार सिंह जो कि पहले से ही अपनी बदजुबानी के लिए चर्चित हैं कुछ वकीलों के साथ अभद्र भाषा तथा न्यायालय की गरिमा के प्रतिकूल शब्दों का प्रयोग किए, जिसका वकीलों ने प्रतिकार किया, साथ ही 23 जनवरी 2026 को नियत वादों को एक दिन पहले ही बिना वादकारियों और वकीलों को सूचना के पेश करने लगे तथा धमकी भरे शब्दों में कहने लगे कि मैं इसमें आज ही आदेश कर दूँगा,

न्यायालय के पीठासीन अधिकारी की इस तरह की हठधर्मिता और अभद्र भाषा व्यावहारिक न होंने के कारण तहसील बार एसोसिएशन खजनी के वकीलों की एक आपात बैठक 22 जनवरी को बुलाई गई। बैठक में सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि तहसीलदार और तहसीलदार न्यायिक दोनों पदों पर आसीन तहसीलदार खजनी ध्रुवेश कुमार सिंह के न्यायालय का बहिष्कार और उनके स्थानांतरण की मांग के लिए 3 फरवरी को लाउडस्पीकर लगा कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। तहसील में धरना-प्रदर्शन कर रहे वकीलों ने तहसीलदार के विरोध में नारे लगाए और जिला अधिकारी को संबोधित पत्र एसडीएम खजनी को सौंपते हुए तहसीलदार के स्थानांतरण की मांग की। मौके पर एडवोकेट महेश प्रसाद दूबे, बार के अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष राजदेव प्रियदर्शी, मंत्री राजनाथ दूबे,दीपक मिश्रा, विनोद पांडेय,शशिशेखर सिंह,प्रमोद मिश्रा, गजेंद्र कुमार, बृजेन्द्र यादव, अनूप सिंह, विनोद सिंह, कमलेश कुमार सहित तहसील के दर्जनों वकील मौजूद रहे। इस संबंध में एसडीएम खजनी राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि तहसील में धरना प्रदर्शन की जानकारी देते हुए, वकीलों का पत्र जिला अधिकारी महोदय को दे दिया जाएगा।

## बदलते मौसम में जच्चा-बच्चा दोनों की सेहत पर खतरा, सतर्कता बेहद जरूरी: डॉ अजय यादव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोण्डा।** बदलते मौसम का असर सबसे अधिक जच्चा और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। दिन-रात के तापमान में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव के कारण प्रसूता महिलाओं और छोटे बच्चों में सर्दी-खांसी, बुखार, डायरिया, निमोनिया व कमजोरी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस मौसम में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता जताई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरगूपुर के अधीक्षक डॉ. अजय यादव ने बताया कि प्रसव के बाद मां और नवजात दोनों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कुछ समय तक कमजोर रहती है। ऐसे में मौसम में थोड़ी सी लापरवाही भी गंभीर बीमारी का कारण बन सकती है। उन्होंने कहा कि जच्चा-बच्चा दोनों का स्वास्थ्य एक-दूसरे से जुड़ा होता है, इसलिए दोनों की देखभाल समान रूप से जरूरी है।

डॉ. यादव ने बताया कि नवजात शिशुओं के लिए छह माह तक केवल मां का दूध ही सर्वोत्तम और संपूर्ण आहार है। इससे बच्चे को आवश्यक पोषण मिलता है और संक्रमण से बचाव होता है, वहीं मां के स्वास्थ्य पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम में जच्चा-बच्चा को ठंडी हवा, नमी और संक्रमण से बचाना चाहिए। मौसम के अनुसार कपड़े पहनाएं, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और हाथ धोकर ही नवजात को गोद में लें। पंखे या एसी की सीधी हवा से बचाव जरूरी है। डॉ. अजय यादव ने बताया कि यदि जच्चा को तेज बुखार, अत्यधिक कमजोरी या संक्रमण के लक्षण दिखाई दें अथवा नवजात में दूध न पीना, लगातार रोना, उल्टी-दस्त या सांस लेने में दिक्कत हो तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। समय पर इलाज से गंभीर स्थिति से बचा जा सकता है।स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि संतुलित आहार, नियमित जांच और जागरूकता के माध्यम से बदलते मौसम में जच्चा-बच्चा दोनों को सुरक्षित और स्वस्थ रखा जा सकता है।

### पति और दो बच्चों को छोड़कर 11 वर्ष छोटे भांजे के साथ फरार हुई मामी, चोरी छिपे होती थी मुलाकात

**इटियाथोक (गोंडा)।** थाना के एक गांव में 19 वर्षीय भांजे व उससे आयु में 11 वर्ष बड़ी मामी के बीच प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है। यही नहीं, पति व दो बच्चों को छोड़कर मामी प्रेमी भांजे के साथ चली गई। रविवार की देरात प्रेमिका मामी ने अपने प्रेमी भांजे को घर बुलाया। वह पूरी रात उसी के साथ थी। सुबह उसकी मां कपड़े लेने घर में घुसी तो प्रेमी आलमारी के पास छुप गया, लेकिन उसका पैर दिख रहा था। हल्ला गुहार मचाने पर ग्रामीण एकत्र हो गए। लोगों ने दोनों को काफी समझाया बुझाया, लेकिन दोनों अलग रहने को राजी नहीं हुए। बाद में दोनों लिखा पढ़ी कर एक साथ चले गए। पति के अनुसार 2016 में उसकी शादी हुई थी। उसके दो बेटे हैं बड़ा बेटा नौ वर्ष व छोटे बेटा चार वर्ष का है। कुछ दिनों से गांव के ही उसके रिश्ते में भांजे से उसकी पत्नी का प्रेम हो गया। दोनों एक दूसरे से चोरी छुपकर मिलते थे। रविवार को दोंनो संदिग्ध हालात कमरे में मिले। काफी समझाया बुझाया गया लेकिन, वह लोग एक दूसरे के साथ रहना चाहते थे। भांजा अपनी प्रेमिका मामी को लेकर साथ चला गया। दोनों बच्चों को पति के पास छोड़ गए। बताया जाता है कि प्रेमी की शादी तय थी लेकिन, उसने मामी के प्रेम में शादी करने से इनकार कर दिया था। पूर्व में दोनों आत्महत्या का प्रयास भी कर चुके हैं।

## प्रतिभाओं के सम्मान से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव - राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर-** समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रतिभाओं के सम्मान से ही प्रगतिशील समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। यह विचार हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने युवा चेतना समिति द्वारा आयोजित 25वें स्वर्ण पदक सम्मान समारोह में व्यक्त किए। सिविल लाइंस स्थित गोकुल अतिथि भवन के भव्य सभागार में आयोजित यह समारोह रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत सामाजिक चेतना, संस्कृति और प्रतिभा-सम्मान का उत्सव बन गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद युवा चेतना गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति ने सभागार को भावविभोर कर दिया। समिति अध्यक्ष मांधाता सिंह ने स्वागत संबोधन में संस्था की 25 वर्षों की सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक यात्रा को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का पारंपरिक सम्मान अंगवस्त्र व स्मृति-चिह्न भेंट कर किया गया। समारोह में स्मृति-पत्रिका का विमोचन एवं डॉ. अनीता अग्रवाल की पुस्तक का लोकार्पण प्रमुख आकर्षण रहा। राज्यपाल ने कहा कि निःस्वार्थ सेवा, परिश्रम और ईमानदारी ही समाज की वास्तविक शक्ति हैं। उन्होंने नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए साहित्यकारों, कलाकारों और खिलाड़ियों से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान ही प्रगतिशील समाज की पहचान है और युवा चेतना समिति वर्षों से सामाजिक चेतना के संवर्धन में अहम भूमिका निभा रही है। विशिष्ट अतिथि अतुल सर्राफ ने भी सम्मान परंपरा को समाज को आगे बढ़ाने वाला बताया।

### 63 लीटर अवैध देशी शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



**देवरिया।** जनपद में अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार के तहत थाना श्रीरामपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने बिहार ले जायी जा रही 7 पेटी में 63 लीटर अवैध देशी शराब बन्टी बबली के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मौके से एक मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स तथा फर्जी नंबर प्लेट भी बरामद की गई है। थानाध्यक्ष डॉ. महेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने रात्रि चेकिंग के दौरान बंकुल के पास मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की। गिरफ्तार अभियुक्त रितिक कुमार, निवासी जिला सीवान (बिहार) बताया गया है। इस संबंध में थाना श्रीरामपुर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## चबूतरे व रास्ते के विवाद में मारपीट, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोलाबाजार (गोरखपुर)।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम नुआंव में चबूतरे और रास्ते के पुराने विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नुआंव निवासी जयनाथ गुप्ता पुत्र स्वर्गीय रामअवध गुप्ता ने गोला थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके पड़ोसी रामप्रकाश राय पुत्र स्वर्गीय राधेश्याम राय, किरन राय पुत्री रामप्रकाश राय तथा सम्पूर्णन राय पुत्र रामप्रकाश राय आए दिन चबूतरे और रास्ते को लेकर विवाद करते रहते हैं। आरोप है कि उक्त लोग चबूतरे पर हल रखकर उस पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसे लेकर कई बार कहासुनी हो चुकी है। पीड़ित का कहना है कि इसी विवाद को लेकर 24 जनवरी को आरोपीगण गाली-गलौज करते हुए उनके घर आए और जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान आरोपियों ने प्रार्थी के पुत्र महाशंकर गुप्ता के साथ मारपीट की, जिससे उसे चोटें आई। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 352, 351(3), 329(3) एवं 324(4) के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया है। थाना प्रभारी के अनुसार मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गांव में फिलहाल स्थिति सामान्य बताई जा रही ।

## विदेश भेजने के नाम पर 10.10 लाख की ठगी, बेरोजगार युवक को सिंगापुर भेजकर छोड़ा भूखा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सहजनवां/गोरखपुर-** जनपद ले गीडा थाना क्षेत्र से विदेश भेजने के नाम पर बेरोजगार युवक से 10 लाख 10 हजार रुपये की जालसाजी का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि रिश्तेदारी का फायदा उठाकर जालसाजों ने न सिर्फ भारी रकम हड़प ली, बल्कि युवक को सिंगापुर में बेसहारा छोड़ दिया, जहां वह भूखे रहने को मजबूर हो गया। गीडा थाना क्षेत्र के ग्राम बनगावा निवासी राम सहाय मौर्य पुत्र स्वर्गीय लालसा मौर्य ने थाने में दी गई शिकायत में बताया कि उनका बेटा प्रिंस मौर्य बेरोजगार था। इसी दौरान राम सहाय की बहन का बेटा, जो वर्तमान में कनाडा में रहकर मजदूरी करता है, ने प्रिंस को विदेश भेजने का झांसा दिया। आरोपी ने भरोसा दिलाया कि प्रिंस को अल्बेनिया भेजा जाएगा और इसमें कुल 10.10 लाख रुपये का खर्च आएगा। आरोप है कि झांसे में आकर पीड़ित ने अलग-अलग खातों में पैसे ट्रांसफर कर दिए। सहजनवां थाना क्षेत्र के जोनहिया निवासी बहन के बेटे के बैंक खाते में 7.90 लाख रुपये और उसके एक दोस्त, जो उत्तराखंड का निवासी बताया जा रहा है, के गूगल-पे अकाउंट में 2.20 लाख रुपये भेजे गए। इसके बाद आरोपियों ने अल्बेनिया भेजने के बजाय प्रिंस को सिंगापुर टूरिस्ट वीजा पर भेज दिया। सिंगापुर पहुंचने के बाद न तो कोई काम दिलाया गया और न ही रहने-खाने की कोई व्यवस्था की गई। पीड़ित परिवार का कहना है कि प्रिंस वहां भूख और बदहाली में फंस गया, जबकि जालसाज लगातार उसे अल्बेनिया भेजने का झूठा आश्वासन देते रहे।

किसी तरह प्रिंस अपनी जान बचाकर भारत वापस लौटा। घर आने के बाद जब पीड़ित परिवार ने आरोपियों से अपने पैसे वापस मांगे तो उन्होंने साफ इंकार कर दिया। इसके बाद राम सहाय मौर्य ने गीडा थाने में लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में गीडा थानाध्यक्ष महेश कुमार चौबे ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में लिया गया है। दूसरे पक्ष को भी थाने बुलाया गया है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर आक्रोश है और उन्होंने विदेश भेजने के नाम पर हो रही ठगी पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## राजनीतिक वर्चस्व और टालमटोल की भेंट चढ़ा उच्च प्राथमिक विद्यालय बल्हीजोत का सुदृढ़ीकरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोण्डा।** शिक्षा क्षेत्र रूपईडीह अंतर्गत स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय बल्हीजोत का सुदृढ़ीकरण कार्य लंबे समय से लंबित है। आरोप है कि विद्यालय का विकास राजनीतिक वर्चस्व और आपसी खींचतान की भेंट चढ़ गया है, जिसका सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई और सुरक्षा पर पड़ रहा है। सबसे गंभीर बात यह है कि ग्राम पंचायत स्तर पर बजट उपलब्ध होने के बावजूद कार्य शुरू नहीं कराया जा रहा। हर बार जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा 'ग्राम पंचायत में कार्य चल रहा है' या 'प्रक्रिया में है' का हवाला देकर मामले को टाल दिया जाता है। यह टालमटोल अब एक नियत प्रक्रिया बन चुकी है, जिससे विकास कार्य कागजों तक सीमित रह गए हैं।

विद्यालय भवन की स्थिति लगातार जर्जर होती जा रही है। कक्षाओं की छत, फर्श और अन्य बुनियादी सुविधाओं की मरम्मत की सख्त आवश्यकता है, लेकिन इसके बावजूद फाइलें आगे नहीं बढ़ रहीं। ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि न तो बजट की कमी है और न ही तकनीकी बाधा, बल्कि राजनीतिक दबाव और प्रशासनिक उदासीनता ही सबसे बड़ी रुकावट है। अभिभावकों ने कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की, मगर अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। उनका कहना है कि यदि समय रहते विद्यालय का सुदृढ़ीकरण नहीं कराया गया, तो किसी भी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी किसकी होगी। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी शशांक कुमार सिंह ने बताया कि मामले की मौके पर जांच कर विवेकपूर्ण कार्रवाई की जाएगी।

### तीन लोगों पर एससीएसटी का केस दर्ज




**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे बलभद्र वीरसिंहपुर गांव की वीरभाईन पत्नी राम आसरे सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती 31 जनवरी की रात करीब 9.30 बजे उसका पुत्र अजीत सरोज अपने घर आ रहा था। आरोप है कि इसी बीच रास्ते में घात लगाए बैठे गांव के राजेश यादव पुत्र सालिकराम व देवानंद पुत्र घेर्राऊ तथा करन पुत्र राजेश यादव ने हमलावर होकर उसे मारापीटा। आरोपियो ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करके गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## जौनपुर में इस तरह चल रहा था ईसाई बनाने का धंधा, मशिनरी से जुडे चार लोगों को भेजा गया जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जौनपुर।** प्रलोभन देकर मतांतरण कराने की सूचना पर रविवार को पुलिस ने केराकत के तरियारी गांव स्थित एक घर में छापेमारी कर जिन लगभग 30 लोगों को हिरासत में लिया था, उनमें से ईसाई मिशनरी से जुड़े चार आरोपितों को गिरफ्तार कर सोमवार को चालान कर दिया। कोर्ट ने न्यायिक अभिरक्षा में चारों को जेल भेज दिया। इस कार्रवाई से मिशनरी से जुड़े मतांतरण में संलिप्त लोगों के हाथ-पांव फूल गए हैं। विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड सत्संग प्रमुख बाबा रामजन्म नागर ने कोतवाली में सूचना दी थी कि तरियारी गांव का अजय कुमार गौतम ईसाई मिशनरी से जुड़ा है। वह अपने घर पर मिशनरी से जुड़े लोगों को बुलाकर प्रार्थना सभा के बहाने लोगों को जुटाकर अंधविश्वास व सहित तरह-तरह के प्रलोभन देकर मतांतरण के लिए लोगों को प्रेरित करता है। इसे गंभीरता से लेते हुए कोतवाली प्रभारी दीपेंद्र सिंह ने टीम के साथ अजय कुमार के घर छापेमारी की। मौके से पुलिस को ईसाई धर्म प्रचार का पोस्टर, 26 बाइबिल, दो वास्तविक संग्रह, छह पवित्र शास्त्र भजन संहिता, नीति वचन व एक नया विधान एवं स्त्रोत ग्रंथ ईसाई धर्म मिला। वहां मिले लगभग 30 लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर कोतवाली लाई। इनमें पुरुष, महिलाएं व बच्चे थे। पूछताछ कर चार को गिरफ्तार कर अन्य को रिहा कर दिया। गिरफ्तार आरोपितों में अजय कुमार, बलईपुर गांव का राजबली, गौराबादशाहपुर के मैरादखान का अवधेश व आजमगढ़ जिले के बरदह थाना के बरौना गांव का दिवाकर है। पुलिस ने बाबा रामजन्म नागर की तहरीर पर चारों के विरुद्ध मतांतरण संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सोमवार को चालान कर दिया। छापेमारी करने वाली टीम में एसएसआइ द्वारिका नाथ यादव, एसआइ बब्बन सिंह, हेड कांस्टेबल संजय यादव, ज्योति प्रकाश, कांस्टेबल राम अवतार सिंह, धर्मेंद्र यादव, महिला आरक्षी आशा व अनुपमा सिंह रहीं। उल्लेखनीय है कि करीब तीन माह पूर्व सरकी गांव से भी पुलिस ने मतांतरण कराने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। एएसपी (सिटी) आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि गिरफ्तार चारों आरोपित ईसाई मिशनरी से जुड़े हैं। आरोपित गांव व दूर-दराज के लोगों को जुटाकर ईसाई धर्म का प्रचार करने के साथ ही बीमारियों से मुक्ति का अंधविश्वास फैलाकर व तरह-तरह के प्रलोभन देकर ईसाई धर्म अपनाने को प्रेरित करते थे। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

जिले में मतांतरण कराने की जड़ें गहरी हैं। अंधविश्वास व लालच देकर मतांतरण कराए जाने का खेल चोरी-छिपे कई स्थानों पर काफी समय से चल रहा है। अभी 25 जनवरी को लाइन बाजार थाना क्षेत्र के कुद्दूपुर श्रीनगर स्थित राजेंद्र चौहान की चारदीवारी में छापेमारी कर मतांतरण करा रहे ओडीशा निवासी दंपती सहित ईसाई मिशनरी से जुड़े पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस को दो बाइबिल धर्मग्रंथ, छह क्रास व बड़ी संख्या में मिशनरी की प्रचार सामग्रियां मिलीं थीं। थाना प्रभारी सतीश कुमार सिंह को जानकारी मिली थी कि कुद्दूपुर श्रीनगर स्थित राजेंद्र चौहान की चारदीवारी से घेरी गई भूमि पर प्रार्थना सभा की आड़ में ईसाई मिशनरी से जुड़े लोग मतांतरण कराने का प्रयास कर रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने ओडीशा प्रांत के केंद्रपाड़ा जिले के तालचुवा थाना के गड़राह निवासी विद्युत प्रामाणिक, उसकी पत्नी सुशाली दास, लाइन बाजार थाना के कुद्दूपुर श्रीनगर निवासी मुन्ना चौहान, पीली कोठी निवासी अमित कुमार व शहर कोतवाली के उमरपुर हरिबंधनपुर निवासी अरुण कुमार को पकड़ा था। मतांतरण के बढ़ते मामलों से चिंता बढ़ने के साथ ही पुलिस के लिए चुनौती बढ़ गई है।

# संक्षिप्त खबरें

## महा शिवरात्रि पर्व को लेकर थाने हुई गोष्ठी



**बरेली**/महाशिवरात्रि पर्व को लेकर क्यों लड़िया के प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह ने क्षेत्र के गणमान्य लोगों को बुला कर गोष्ठी का आयोजन किया गया ज्ञात रहे कैलाश नदी के तट वने शिव मंदिर गांव महेश पुर में लगने बाले विशाल मेले को लेकर सुझाव मांगे गए इस मेले में भारी संख्या में श्रद्धालुओं का जमावड़ा होता है सैकड़ों वर्ष पुराने इस मेले लोगों की अपार श्रद्धा हैं जिसके चलते भारी भीड़ जुटती है इस के लिए पुलिस प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है यहां पर जल अभिषेक करने को दूर दूर से श्रद्धालु आते हैं यहां पर उपस्थित रहे प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह उप निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह देवकीनंदन मुकेश कुमार गंगवार गंगा राम कोहली रफीक अहमद समेत तमाम लोग उपस्थित थे।

## मंदिर में स्थापित किए गए शिवलिंग अब सर पर हुआ विशाल भंडारे काआयोजन



**बरेली**/विकासखंड भदपुरा की ग्राम पंचायत किशनपुर कुइयां के के मंदिर में शिवलिंग की स्थापना की गई इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में विधिपूर्वक हवन पूजन करने के बाद मंदिर में शिवलिंग स्थापित कियागए यह कार्य ग्राम प्रधान मुकेश कुमार गंगवार ने ग्रामीणों के जन सहयोग से सम्पन्न कराया गया है इस मंदिर का निर्माण काफी पुराना था परंतु इस का जिर्णोद्धार अब आकर हुआ है इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने विधायक डॉक्टर एमपी आर्य भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार भी पहले।

## तेंदुआ देखे जाने से दहशत का माहौल



**निघासन खीरी।** निघासन वन रेंज स्थित नौरंगाबाद फार्म के खेतों में हाल ही में तेंदुआ देखे जाने से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने की मांग की थी।इसके बाद वन विभाग की टीम सक्रिय हुई। टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिए राजू पाली के घर के पास विभिन्न स्थानों पर दो पिंजरे लगाए हैं। इन पिंजरों में बकरी को चारा के रूप में रखा गया है। तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कैमरे भी लगाए गए हैं। रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए दो पिंजरे लगाए गए हैं और जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा। तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाने वाली टीम में फॉरेस्ट गार्ड नसीम, अजीत, राकेश, आकाश और न्यूनतम वेतन कर्मी अजीज, हकीमउद्दीन, अजमत शामिल थे।

## फिरोजाबाद उज्जीवन बैंक में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, समय पर सूचना से टला बड़ा हादसा

**» फिरोजाबाद उज्जीवन बैंक शाखा में लगी आग**

**» शॉर्ट सर्किट के कारण सुबह 7 बजे घटना**

**» समय पर अलर्ट से बड़ा नुकसान टला**



थाना उत्तर क्षेत्र में सेंट्रल चौराहे के पास स्थित भवन के बेसमेंट में संचालित उज्जीवन बैंक प्राइवेट लिमिटेड की शाखा में मंगलवार सुबह सात बजे शार्ट सर्किट से आग लग गई। बैंक में अलर्ट मैसेज से बैंक के बंगलुरु स्थित कार्यालय को जानकारी मिली। वहां से मुख्य अग्निशमन अधिकारी को चना दी गई। इस पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। बैंक के कार्यालय में धुआं भर गया था। आधे घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। सीएफओ सत्येंद्र पांडेय ने बताया कि बैंक में लगे अलर्ट मैसेज से समय रहते सूचना मिल गई। इसकी वजह से कोई ज्यादा नुकसान नहीं हुआ।

# बेदखली नोटिस जारी होने के बाद किस सक्षम अधिकारी के आदेश से होता रहा निर्माण कार्य

**● आखिर किन कारणों से लेखपाल देते रहे तहसीलदार को झूठी जानकारी ,कि निर्माण कार्य नहीं चल रहा, और निर्माण कार्य रहा जारी**

**भारी रिश्वत राशि लेकर खेल मैदान पर निर्माण कार्य करवाये जाने के लेखपाल और ग्राम प्रधान पर ग्रामीणों ने लगाये गंभीर आरोप**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**लखीमपुर खीरी** जनपद की तहसील गोला में तैनात तहसीलदार गोला की धनलोलुपता के चलते सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा का खेल बदस्तूर जारी है ।और इस खेल पर रोक लगा पाने में तहसीलदार पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहे हैं। मामला ग्राम पंचायत जटपुरा का बताया जाता है जहां पर खेल मैदान के नाम आरक्षित भूमि गाटा संख्या 1192 / 0.1500 हेक्टेयर और प्राइमरी पाठशाला के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज जमीन गाटा संख्या 474 व 159 पर दबंग मुस्लिम लोगों द्वारा दबंगई के दम पर बाहर से आकर पक्के मकान बना लिए जाने की का मामला प्रकाश में आया है। तहसील प्रशासन द्वारा इनको रोकना उचित नहीं समझ गया। मामले की मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत किए जाने के साथ ही मीडिया में काफी हाईलाइट होने के बाद उक्त की जांच कराई गई जांच में भी खेल किया गया ।खेल मैदान की तो पैमाइश कर दी गई और उस पर काबिज मिले आधा दर्जन लोगों के खिलाफ 67 (1)की कार्रवाई के लिए तहसीलदार गोला को रिपोर्ट सौपकर लेखपाल द्वारा अपना पल्ला झाड़ लिया गया। प्राइमरी पाठशाला की आरक्षित जमीन पर अवैध तरीके से काबिज लोगों के विरुद्ध न कार्रवाई की गई और ना ही इस जमीन की पैमाइश ही की गई ।उक्त प्राइमरी पाठशाला की जमीन पर काबिज लोगों से नजराना लेकर उन्हें अभयदान दे दिया गया। ऐसा ग्रामीणों का आरोप है इतना ही नहीं खेल मैदान पर काबिज किताबुद्दीन का नाम कार्रवाई से अलग कर दिया गया क्यों?यक्ष प्रश्न यह है कि जब अन्य सभी अवैध कब्जेदरों के विरुद्ध नोटिस जारी की गई तो किताबुद्दीन को इस कार्रवाई से अलग क्यों रखा गया? इनके खिलाफ बेदखली की कार्यवाही किन कारणों से नहीं की गई अहम सवाल बना हुआ है?

बेदखली नोटिस जारी होने के बाद किस सक्षम अधिकारी के आदेश से जारी रहा निर्माण कार्य-

गोला तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत जटपुरा में खेल मैदान के नाम आरक्षित जमीन पर अवैध तरीके से काबिज लोगों के विरुद्ध तहसील प्रशासन द्वारा बेदखली की नोटिस जारी की गई लेकिन उसके बाद भी दबंगों द्वारा अपना निर्माण कार्य जारी रखा। उक्त हो रहे अवैध निर्माण कार्य की जानकारी तहसीलदार गोला को दी गई उसके बावजूद भी निर्माण कार्य नहीं रोका जा सका। सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार भूमि प्रबंध समिति अध्यक्ष ग्राम प्रधान कुलदीप कुमार और क्षेत्रीय लेखपाल की मिली भगत से अवैध कबजेदारों को खुला संरक्षण दिया जाता रहा। जिसके चलते नोटिस मिलने के बाद भी निर्माण कार्य बेखौफ जारी रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि यह सारा खेल तहसीलदार गोला की सह पर ही हो रहा है तहसीलदार गोला द्वारा चोर से कहो चोरी करें और साह से कहो जागते रहो की कहावत चरितार्थ की जा रही है। यहां पर एक अहम सवाल पैदा होता है कि जब अवैध कब्जा की पुष्टि हो गई और बेदखलिवाद की नोटिस जारी हो गई तो फिर निर्माण कार्य कैसे जारी है? मामले की शिकायत करने पर जांच को गए लेखपाल द्वारा किन परिस्थितियों में अपने अधिकारी को गुमराह किया जाता रहा? सूत्र बताते हैं मकान में बाहर से ताला लगाकर अंदर निर्माण कार्य जारी रहा और लेखपाल साहब के जतपुरा मौजूद रहते काम जारी रहा, अंदर जाकर देखना उचित नहीं समझा ।प्रधान के दरवाजे बैठकर तहसीलदार को भ्रामक एवं झूठी सूचनाओं देते रहे कि कहीं कोई निर्माण कार्य नहीं चल रहा है जबकि हकीकत के धरातल पर निर्माण कार्य युद्ध स्थल पर जारी रहा। यहां पर अहम सवाल यह है कि क्या दबंग संविधान और कानून से ऊपर हैं या फिर चंद्र कागज के टुकड़ों के सामने जिम्मेदार दबंग के सामने मस्तक हो गए हैं मामले की शपथ पत्र के साथ जिला अधिकारी खीरी व अध्यक्ष राजस्व परिषद लखनऊ से शिकायत कर दोषी तहसील प्रशासन के विरुद्ध कार्यवाही और दबंगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराए जाने की मांग किए जाने की बात सामने आई है अब देखना यह है कि तहसीलदार गोला द्वारा लेखपाल शैलेंद्र वर्मा पर झूठी सूचना देने के आरोप में क्या कार्यवाही की जाती है ?और अवैध कबजेदारों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर नवीन निर्माण को तुरंत ध्वस्त कराया जाता है अथवा धनवल के दम पर अभय दान दे दिया जाएगा।

क्या कहते हैं तहसील दार गोला भीमचंद ने बताया मामला मेरे संज्ञान में आया है दोषियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत

# निर्माण कार्य न होने की झूठी जानकारी देते रहे लेखपाल और धरातल पर जारी रहा अवैध निर्माण-आरोप

**● निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर सम्पन्न**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**लखीमपुर खीरी** तहसील गोला में अवैध कब्जा धारको और तहसील प्रशासन के बीच चल रही दुरभी संधि का एक सनसनीखेज मामला कुकरा परगना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है ।बताया जाता है कि आज के 4 साल पहले ग्राम पंचायत जटपुरा में खेल मैदान और प्राइमरी पाठशाला की आरक्षित जमीनों पर अवैध कब्जा कर लिया गया था जिसकी की गई शिकायत की जांच तत्कालीन लेखपाल भूपेंद्र वर्मा द्वारा की गई जिसमें विपक्षी लोगों से साथ गांठ करके फर्जी रिपोर्ट लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह किया गया था ।लेखपाल भूपेंद्र वर्मा द्वारा लगाई गई अपनी जांच रिपोर्ट में स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि खेल मैदान पर किसी भी व्यक्ति का कोई अवैध कब्जा नहीं है ।अभी हाल ही में पुनः की जांच एवं पैमाइश में लगभग आधा दर्जन लोगों का अवैध कब्जा पाया गया और सभी के पक्के मकान बन पाएं गये।तत्कालीन लेखपाल द्वारा तहसीलदार न्यायालय में अपनी रिपोर्ट पेश कर दी। तहसीलदार न्यायालय द्वारा उक्त सभी को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने के आदेश दिए हैं तहसीलदार न्यायालय से जारी नोटिस के बाद भी कुछ दबंग अवैध कबजेदारों द्वारा न्यायालय के आदेश को ताक पर रखते हुए अपना निर्माण कार्य जारी रखा गया। जिसके जानकारी पुन तहसीलदार गोला को दी गई तहसीलदार गोला द्वारा लेखपाल शैलेंद्र वर्मा को मौके पर भेज कर निर्माण कार्य रुकवाने के निर्देश दिए गए थे लेकिन ग्राम प्रधान और लेखपाल के बीच चल रही दूरभसंधि के चलते लेखपाल शैलेंद्र वर्मा द्वारा बगैर मामले की जांच किये तहसीलदार को झूठी रिपोर्ट देते रहे कि यहां पर किसी प्रकार का कोई निर्माण कार्य नहीं चल रहा है ।जबकि हकीकत के धरातल पर बाहर से ताला लगाकर अंदर 3 दिन से लगातार निर्माण कार्य चल रहा था। यह कहना गलत है कि निर्माण कार्य नहीं हो रहा है यदि निर्माण कार्य नहीं हो रहा है तो अंदर दो कमरे लेट्रिन बाथरूम कैसे बन गए। सूत्र बताते हैं यह सारा खेल ग्राम प्रधान के शह पर हो रहा था ।उक्त मामले की जब जानकारी तहसीलदार गोला सहित एसडीएम गोला को भी दी गई उक्त के क्रम में तहसीलदार गोला ने लेखपाल शैलेंद्र वर्मा को काम रुकवाने के लिए जटपुरा भेजा लेखपाल साहब मौके पर गए ही नहीं और तहसीलदार को झूठी जानकारी भेज कर गुमराह करते रहे और उधर निर्माण होता रहा ऐसा लोगों का आरोप है।मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी कुकुरा की सक्रियता से अवैध निर्माण रुक सका। इस संबंध में जब तहसीलदार गोला भीमचंद जी से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया है मामले में पुलिस को भेज कर काम रुकवा दिया गया है और दोषी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया जा रहा है। झूठी रिपोर्ट देने के आरोप में लेखपाल के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की भी बात कही है।

## 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा ग्राम-चौगुर्जी में नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लखीमपुर खीरी** सीमावर्ती क्षेत्रों में नागरिकों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 70वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, लखीमपुर खीरी के श्री राजन कुमार श्रीवास्तव, कमांडेंट के दिशा - निर्देश में डी समवाय, बरसोला कार्यक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम -चौगुर्जी में एक निःशुल्क 'मानव चिकित्सा शिविर' का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सशस्त्र सीमा बल द्वारा चलाए जा रहे नागरिक-बल समन्वय एवं जनसेवा अभियानों की कड़ी में आयोजित किया गया। इस चिकित्सा शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना था। शिविर में डॉ. दिनेश कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी की देखरेख एवं मार्गदर्शन में चिकित्सा परीक्षण किया गया, जिसमें कुल 62 ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया।

शिविर के दौरान ग्रामीणों की सामान्य बीमारियों जैसे सर्दी-खाँसी, बुखार, त्वचा रोग, रक्तचाप, मधुमेह एवं मौसमी संक्रमणों की जांच की गई। आवश्यकतानुसार मरीजों को निःशुल्क दवाइयाँ प्रदान की गई तथा उन्हें दवाओं के सही उपयोग एवं सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी विशेष बिंदुओं पर भी चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। इस अवसर पर वाहिनी के अधिकारियों ने बताया कि सशस्त्र सीमा बल केवल सीमाओं की सुरक्षा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सीमावर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों के सामाजिक उत्थान एवं स्वास्थ्य सुधार के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से बल और स्थानीय जनता के बीच आपसी विश्वास, सहयोग एवं सौहार्दपूर्ण संबंध और अधिक मजबूत होते हैं।

चिकित्सा शिविर में सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। ग्रामवासियों ने सशस्त्र सीमा बल द्वारा आयोजित इस जनकल्याणकारी पहल की सराहना करते हुए बल के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की। सशस्त्र सीमा बल समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा पहुँचाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ते हुए निरंतर जनहितकारी कार्यों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## ग्राम पंचायत ओदरहना में नालियां सफाई कर्मी नहीं गांव वासी करते हैं खुद



**लखीमपुर-खीरी।** ब्लाक फूलबहेड के अंतर्गत ग्राम पंचायत ओदरहना में भीषण गंदगी से आहत लोग बजबजाती नालियां खुद साफ कर रहे सफाई कर्मी सिर्फ कभी कभार सूरत दिखाई देते हैं लेकिन उसको प्रधान जी का समर्थन प्राप्त है इस लिए ग्राम वासियों की समस्या से उनका कोई लेना-देना नहीं ग्राम पंचायत में नालियों की सफाई के लिए गांव वाले खुद आगे आए हैं, क्योंकि सरकारी व्यवस्था फेल हो गई है। मंडाना कस्बे में ग्राम पंचायत द्वारा करवाई जाने वाली सफाई व्यवस्था चौपट होने से कस्बे में गंदगी के ढेर लग रहे हैं, नालियों में कचरा जमा होने से नालियों का गंदा पानी आम रास्तों पर फैल रहा है ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी सफाई कर्मचारी नियमित रूप से नहीं आते, जिससे उन्हें खुद नालियों की सफाई करनी पड़ रही है। यह स्थिति ग्राम पंचायत ओदरहना में भी देखी जा रही है, जहां नालियों की सफाई न होने से गंदगी और बजबजाहट के कारण हमेशा बदबू फैलती रहती है द।ग्राम पंचायत के अधिकारियों को इन समस्याओं का समाधान करने की आवश्यकता है ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

# आई जी आर यस पोर्टल लगाई फर्जी रिपोर्ट

**● यदि लेखपाल भूपेंद्र वर्मा ने न लगे होती फर्जी रिपोर्ट तो शायद नहीं होता खेल मैदान पर अवैध कब्जा**

**लेखपाल भूपेंद्र वर्मा और प्रधान कुलदीप पर लगाए जा रहे ?200000 लेकर खेल मैदान पर अवैध कब्जा करवाने के गंभीर आरोप**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**लखीमपुर खीरी** मामला तहसील गोला क्षेत्र के अंतर्गत विकासखंड बांकेगंज की ग्राम पंचायत जटपुरा में तत्कालीन लेखपाल रहे भूपेंद्र वर्मा और ग्राम प्रधान के काली करतूत खोलकर सामने आई है। सूत्र बताते हैं कि ग्राम पंचायत जटपुरा में प्राइमरी पाठशाला के नाम आरक्षित भूमि गाटा संख्या 474 और गाटा संख्या 159 तथा खेल मैदान की आरक्षित भूमि गाटा संख्या 1192 हेक्टेयर पर गांव के ही दबंग लोगों से 200000 रिश्वत राशि लेकर लगभग एक दर्जन लोगों के मकान बनवा दिए गए। इस खेल में तत्कालीन लेखपाल भूपेंद्र वर्मा और ग्राम प्रधान की मिली भगत होने के आरोप लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त अवैध कब्जों की जब आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायत कर अवैध कब्ज़ा हटाए जाने की मांग की गई तो तत्कालीन लेखपाल भूपेंद्र वर्मा द्वारा अवैध कबजेदारों को संरक्षण देने की नीयत से फर्जी जांच रिपोर्ट लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह करते हुए फर्जी तरीके से शिकायत का निस्तारण कर दिया गया ।भूपेंद्र वर्मा द्वारा लगाई गई जांच रिपोर्ट में स्पष्ट उल्लेख किया गया कि खेल मैदान विद्यालय की बाउंड्री वाल के अंदर है तथा इस पर कोई भी अवैध कब्जा नहीं पाया गया। जबकि हाल ही में हुई शिकायत के बाद वर्तमान लेखपाल शैलेंद्र वर्मा द्वारा की गई पैमाइश में लगभग आधा दर्जन लोगों के पक्के मकान खेल मैदान पर बन पाए गए। जिनके विरुद्ध 67 (1)की कार्रवाई की गई और बेदखली की नोटिस जारी की गई है जो भूपेंद्र वर्मा के रिश्वतखोरी की पोल खोलने को काफी है। ग्रामीणों का आरोप है यदि लेखपाल भूपेंद्र वर्मा ने उस समय न लगाई होती फर्जी जांच रिपोर्ट और की होती करवाई तो शायद आज खेल मैदान पर अवैध कब्जा नहीं होता ।मामले की लिखित शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर कर फर्जी जांच रिपोर्ट लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह करने तथा अवैध कबजेदारों को संरक्षण देने वाले लेखपाल भूपेंद्र वर्मा के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। शिकायत होने के20 दिन बाद भी आज तक भूपेंद्र वर्मा पर कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है जो तहसील प्रशासन के जिम्मेदारों की मिली भगत की ओर इशारा करता है देखना अब यह है की फर्जी जांच रिपोर्ट लगाकर अवैध कबजेदारों को संरक्षण देने वाले तथा शासन प्रशासन को गुमराह करने वाले लेखपाल भूपेंद्र वर्मा के विरुद्ध कार्रवाई की जाती है या फिर यूं ही फाइल को बंद कर दिया जाता है। और लेखपाल साहब को प्रमोशन कर कानूनगो बना दिया जाएगा।

# नल रिबोर और स्ट्रीट लाइट के नाम लाखों का गोलमाल

**● विकासखंड पसगवा की ग्राम पंचायत गणेशापुर में हैंडपंप मरम्मत व रिबोर तथा स्ट्रीट लाइट के नाम पर जबरदस्त घोटाला के आरोप**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**


shutterstock.com · 2204463157

**लखीमपुर खीरी** विकास खंड पसगवा की ग्राम पंचायत गणेशापुर में नल रिबोर और मरम्मत एवं स्ट्रीट लाइट के नाम पर भारी गोलमाल किए जाने का मामला प्रकाश में आया है सूत्र बताते हैं किशासन द्वारा चलाई जा रही विकास कार्य योजना का विकास खंड पसगवां की अधिकतर ग्राम पंचायतों में सिर्फ कागजों पर ही क्रियान्वयन हो रहा है परंतु वास्तविकता में ग्राम पंचायतों के कुछ मंदों में विकास कोसो नदारद है तथा इन मंदो में जबरदस्त घोटाला हुआ है। विकास खंड पसगवां की कई ग्राम पंचायतों में हैंड पंप मरम्मत एवं रिबोर व स्ट्रीट लाइट के नाम पर जमकर घोटाला किया गया तथा ये घोटाला अब तक किया जा रहा है। कई योजनाओं में क्रमबद्ध तरीके से योजना बनाकर भ्रष्टाचार अब तक किया जा रहा है। पसगवां ब्लाक की ग्राम पंचायत गनेशापुर मे जनता के पैसे को पंचायत सचिव प्रधान डकार कर मालामाल हो रहे गांव का विकास करने के लिये सरकार द्वारा तरह तरह की योजना चलाई जाती परंतु ये विकास कार्य सिर्फ कागजों पर किए जा रहे और खातों में जमा राशि निकालकर ग्राम प्रधानों एवं सचिवों द्वारा खुद का विकास किया जा रहा है। सरकार तथा शासन के आदेशों पर पानी फेर रहे है जिम्मेदारो को न तो उच्चधिकारियों का डर है न सरकार का अपने कार्यकाल के अंतिम चरण में चल रही ग्राम पंचायतों के प्रधान एवं सचिव खाते खाली करने में लगे है। ग्राम पंचायत गनेशापुर मे हैन्ड पम्प मरम्मत व रिबोर कार्य करने के नाम पर वर्ष 2021 से 2022 तक निकाली गई धनराशि क्रमशः 200000/हैन्डपम्पमरम्मतकार्य,100000 /हैन्ड पम्प मरम्मत कार्य, 90000/हैन्ड पम्प मरम्मत कार्य- 257000/हैन्ड पम्प रिबोर कार्य,200000/हैन्ड पम्प मरम्मत, *200000/हैन्ड पम्प रिबोर कार्य,कुल धनराशि 1047000 होती है*।

**फिर स्ट्रीट लाइट मरम्मत के नाम पर निकाली गई धनराशि-** 60000/ स्ट्रीट लाइट मरम्मत कार्य,186500/स्ट्रीट लाइट मरम्मत कार्य,186500/स्ट्रीट लाइट मरम्मत कार्य,कुल धनराशि 4,33000 निकाली गई।उक्त सारी जानकारी पोर्टल के माध्यम से हुई है उक्त के विषय में जब सचिव से जानकारी चाही गई तो सचिव सच्चाई बताने से बच रहे है। गणेशापुर के ग्रामीणों ने बताया कि कोई कार्यवाही नहीं होगी सब आपस में मिले हुए है। ये दोनों विकास कार्य प्रधान प्रतिनिधि व सचिव ने मिलकर कागजों पर ही करवा दिया।

**वर्जन-** इससे सम्बंधित जानकारी के लिए जब प्रधान प्रतिनिधि से संवाददाता ने बात की तो उन्होंने बताया कि हमारे गांव मे कुल हैन्ड पम्प 16 है पैसे की जानकारी नहीं है सचिव से पूछकर बताएंगे।

# कोहरे ने फिर बिगाड़ दी ट्रेनों की चाल, 11 घंटे तक देरी से आई, नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस रद

**● कोहरे के कारण टूंडला में ट्रेनें घंटों देरी से चलीं।**

**नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस रद्द, यात्रियों को हुई परेशानी।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**टूंडला (फिरोजाबाद)।** कोहरे के कारण ट्रेनों का संचालन एक बार फिर प्रभावित हुआ है। मंगलवार को सुबह की ट्रेनें रात में और रात की ट्रेनें दिन में आईं। रेल प्रशासन ने अधिक देरी से चल रही डाउन की नार्थ ईस्ट (पूर्वोत्तर) एक्सप्रेस को रद कर दिया। लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी समय तक ट्रेनों का इंतजार करना पड़ा।

मंगलवार को दिल्ली की ओर जाने वाली ऊंचाहार एक्सप्रेस, मरूधर, मगध दो-दो घंटे, फरक्का, अवध, पूर्वा तीन-तीन घंटे, नंदनकानन चार घंटे, आनंद विहार टर्मिनल अमृतभारत एक्सप्रेस 10 घंटे और डाउन की गोमती, महानंदा, स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस दो-दो घंटे रहीं।

वहीं मुरी, नेताजी तीन-तीन घंटे, मगध पांच घंटे, ब्रह्मपुत्र मेल, ऊंचाहार एक्सप्रेस छह से साढ़े छह घंटे, कालिंदी सात घंटे, दरभंगा अमृत भारत आठ घंटे, फरक्का 11 घंटे की देरी से टूंडला स्टेशन पहुंचीं।

**रेल महाप्रबंधक का निरीक्षण आज**

उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह बुधवार सुबह पौने आठ बजे मगध एक्सप्रेस से टूंडला स्टेशन पहुंचेंगे। उप महाप्रबंधक एवं सचिव अखिल शुक्ल ने बताया कि यहां से वे सुबह नौ बजे विशेष ट्रेन परख से टूंडला, शिकोहाबाद, फर्रुखाबाद रेलखंड और फर्रुखाबाद से इटावा, टूंडला रेलखंड का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद रात 12 बजे मगध एक्सप्रेस से प्रयागराज के लिए प्रस्थान करेंगे। निरीक्षण के दौरान डीआरएम प्रयागराज रजनीश अग्रवाल भी उनके साथ रहेंगे।

**बरेली-बांदीकुई पैसेंजर को टूंडला तक चलाने की मांग**

बरेली-बांदीकुई पैसेंजर को टूंडला तक चलाने की मांग तेज हो गई है। आम जन सेवा समिति के पदाधिकारियों ने ट्रेन का विस्तार करने की मांग की है।

समिति अध्यक्ष दिलीप गौड़ ने कहा कि कोरोना काल के दौरान कई ट्रेनों को बंद किया गया था। उसके बाद एक-एक कर ट्रेनों को शुरू किया गया, लेकिन बरेली-बांदीकुई पैसेंजर को शुरू नहीं किया गया, जिससे रेल यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

अब रेलवे ने इसका संचालन प्रारंभ कर दिया है, लेकिन इसे टूंडला तक नहीं लाया जा रहा है। इससे टूंडला क्षेत्र के यात्रियों को एत्मादपुर की दौड़ लगानी पड़ रही है। डा. चेतन बिहारी सक्सेना ने कहा कि इस ट्रेन से पहले बड़ी संख्या में लोग गंगा स्नान के लिए राजघाट जाते थे।

## कैला देवी मंदिर फिरोजाबाद 4 से 14 फरवरी तक बंद, विशेष अनुष्ठान के बाद होंगे दर्शन

**» दस दिन चलेगा फिरोजाबाद के मंदिर में अनुष्ठान**

**» माता के विशेष अंगराग अनुष्ठान के लिए पट बंद रहेंगे**

**» 14 फरवरी दोपहर तीन बजे से दर्शन पुनः प्रारंभ होंगे**



**फिरोजाबाद।** प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता श्री राजराजेश्वरी कैला देवी मंदिर में माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को 10 दिन तक प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। विशेष अनुष्ठान के चलते चार से 14 फरवरी की दोपहर तक मंदिर के पट पूरी तरह बंद रहेंगे।

**14 फरवरी को फिर से होंगे दर्शन**

14 फरवरी की दोपहर तीन बजे के बाद दर्शन फिर शुरू होंगे। रामलीला परिसर स्थित यह मंदिर प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में से एक है। शयन सेवक समिति के रीतेश अग्रवाल ने बताया कि लगभग पांच वर्षों के बाद मंदिर में माता का अंगराग (चोला परिवर्तन) होने जा रहा है।

**विशेष अनुष्ठान के लिए राजस्थान के करौली से बुलाए 25 विप्र**

विशेष अनुष्ठान की वजह से मंदिर के पट बंद रहेंगे। अनुष्ठान कराने के लिए राजस्थान के करौली से 25 विप्र बुलाए गए हैं। पट बंद रहने के दौरान माता के दरबार में शतचंडी महायज्ञ के साथ श्रीमद्देवी भागवत, भैरव सहस्त्र नामावली, गणेश मंत्र जाप, नर्वाणमंत्र जाप, देवी अथर्वसूक्त पाठ जैसे धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

# संक्षिप्त खबरें

## ऑपरेशन क्लीन के तहत भदोही में बड़ी कार्रवाई, 23,864 लीटर अवैध शराब नष्ट



**भदोही।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देश पर चलाए जा रहे 'ऑपरेशन क्लीन' विशेष अभियान के अंतर्गत जनपद भदोही में अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों में पंजीकृत 248 अभियोगों में जब्त की गई 23,864 लीटर अवैध अंग्रेजी एवं देशी शराब का न्यायालय के आदेश पर नियमानुसार विनष्टीकरण कराया गया।

अभियान अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के कुशल पर्यवेक्षण में चलाया गया। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में थाना ज्ञानपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा अजयपुर के खाली मैदान में जब्त शराब का निस्तारण किया गया। इस दौरान उपजिला मजिस्ट्रेट ज्ञानपुर, क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी सहित गठित टीम मौजूद रही। थानावार विवरण के अनुसार थाना भदोही से 10,042 लीटर, थाना चौरी से 1,355 लीटर, थाना ऊंज से 4,655 लीटर, थाना सुरियावां से 7,391 लीटर तथा थाना दुर्गागंज से 421 लीटर अवैध शराब का विनष्टीकरण किया गया।एएसपी शुभम अग्रवाल ने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और इस कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## भदोही में गेहूँ खरीद के लिए 23 क्रय केंद्र स्वीकृत

**एमएसपी 2585 रुपये प्रति कुंतल**

**भदोही।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शैलेष कुमार द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत जनपद भदोही में गेहूँ खरीद हेतु कुल 23 गेहूँ क्रय केंद्रों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस वर्ष गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है, जो गत वर्ष की तुलना में 160 रुपये प्रति कुंतल अधिक है।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी शिशिर कुमार ने बताया कि स्वीकृत क्रय केंद्रों में खाद्य विभाग के 10, पीसीएफ के 12 तथा भारतीय खाद्य निगम का 01 क्रय केंद्र शामिल है। गेहूँ खरीद प्रक्रिया के सतत अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण के लिए अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) कुँवर वीरेंद्र मौर्य को जिला खरीद अधिकारी नामित किया गया है। तहसीलवार विवरण के अनुसार तहसील ज्ञानपुर में कुल 07 गेहूँ क्रय केंद्र (खाद्य विभाग के 04, पीसीएफ के 02 एवं एफसीआई का 01), तहसील औराई में 05 गेहूँ क्रय केंद्र (खाद्य विभाग के 02 एवं पीसीएफ के 03) तथा तहसील भदोही में 11 गेहूँ क्रय केंद्र (खाद्य विभाग के 04 एवं पीसीएफ के 07) संचालित किए जाएंगे। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि गेहूँ विक्रय के लिए किसानों का पंजीकरण प्रारम्भ हो चुका है। किसान अपने मोबाइल, किसान मित्र ऐप अथवा साइबर कैफे के माध्यम से विभागीय वेबसाइट पर पंजीकरण करा सकते हैं।

## सहायक अध्यापक के द्वारा रसोइयों को वितरित किया गया साड़ी



**हलिया, मीरजापुर।** ड्रमंडगंज के कंपोजिट विद्यालय के सहायक अध्यापक राकेश सिंह के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रसोइयों को साड़ी वितरित किया गया सहायक अध्यापक राकेश सिंह ने बताया कि साल में एक बार हम रसोइयों को कुछ ना कुछ वितरित करते हैं हर वर्ष बदलकर कभी कुछ कभी कुछ रसोइयों को दिया जाता है रसोइयों ने साड़ी पाकर अध्यापक को धन्यवाद देते हुए कहा कि साहब हर वर्ष हम लोगों को कुछ न कुछ देते हैं और जो सामान साहब के द्वारा दिया जाता है उसको हम लोग हमेशा पहनते हैं प्रधानाध्यापक ने बताया कि कि हमारे विद्यालय में रसोइयों को कुछ न कुछ हमारे अध्यापक के द्वारा दिया जाता है यह बहुत अच्छी बात है साथ ही साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक अखिलेश कुमार त्रिपाठी प्रदीप कुमार दुबे राकेश कुमार सिंह सहित विद्यालय के सभी स्टाफ मौजूद रहे।

# आकांक्षात्मक विकास खंड औराई में संपूर्णता अभियान 2 का हुआ भव्य शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही** जनपद भदोही के आकांक्षात्मक विकास खंड औराई में संपूर्णता अभियान 2 का शुभारंभ आज दिनांक 03 फरवरी 2026 को विकास खंड औराई सभागार में सफलतापूर्वक किया गया। संपूर्णता अभियान का द्वितीय चरण 14 अप्रैल 2026 तक संचालित रहेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को लक्षित संकेतकों के अनुरूप प्रभावी ढंग से धरातल पर क्रियान्वित कर अंतिम पंक्ति के लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं पहुंचाना रहा।

कार्यक्रम के दौरान सभी संबंधित विभागों द्वारा आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करने पर बल दिया कि संपूर्णता अभियान 2 के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूरा करते हुए लाभार्थियों को शत-प्रतिशत आच्छादित किया जाए। बैठक में सभी विभागों की सहभागिता सराहनीय रही। संबंधित विभागों द्वारा अपनी-अपनी कार्य योजनाओं के अनुरूप कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभागीय लक्ष्यों को शत-प्रतिशत प्राप्त करने हेतु पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी, सहायक पंचायत अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, मुख्यमंत्री फेलो डॉ. मधु शास्त्री सहित समस्त समूह सखी, स्वास्थ्य सखी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों की सक्रिय उपस्थिति रही। सभी ने अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने में अपनी भूमिका को प्रभावी ढंग से निभाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में यह अपेक्षा व्यक्त की गई कि संपूर्णता अभियान 2 के माध्यम से आकांक्षात्मक विकास खंड औराई में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि एवं सामाजिक कल्याण से जुड़े संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार होगा और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## पूर्व 96 विधायक के पुण्यतिथि पर सम्राट हॉस्पिटल के स्टाफ के द्वारा दिया गया श्रद्धांजलि



**हलिया, मीरजापुर।** लालगंज क्षेत्र के बेलन बरौधा स्थित महुअट मे सम्राट हॉस्पिटल के स्टाफ के द्वारा पूर्व 96 विधायक राहुल प्रकाश कॉल के पूर्ण तिथि पर अस्पताल में फोटो लगाकर माला पुष्प चढ़ाकर दिया गया भावविनी श्रद्धांजलि सम्राट हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉक्टर अवधेश मौर्य ने बताया कि पूर्व 96 विधायक राहुल प्रकाश कॉल विधायकों में एक अलग विधायक थे प्रतिभाशाली थे सरल स्वभाव के थे जिसका कोई जोड़ नहीं है उनके बारे में सोचने पर मन बहुत दुखी रहता है पूर्व 96 विधायक की पुण्यतिथि पर हमारे समस्त सम्राट हॉस्पिटल की स्टाफ के द्वारा अस्पताल में फोटो लगाकर पुष्प अर्पित कर दिया गया श्रद्धांजलि हर वर्ष विधायक का पूर्ण तिथि मनाया जाता है इस मौके पर दिलीप पटेल जिला पंचायत प्रतिनिधि सूबेदार पाल सहित सम्राट हॉस्पिटल के सभी स्टाफ मौजूद रहते हैं।

## ई-बीएलओ ऐप पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले भदोही के 08 बीएलओ को मिलेगा प्रोत्साहन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2026 के अंतर्गत पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण कार्य में ई-बीएलओ ऐप के प्रभावी उपयोग को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश ने जनपद भदोही के आठ सर्वश्रेष्ठ बूथ लेवल अधिकारियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की अनुमन्यता दी है।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) भदोही को भेजे गए पत्र के अनुसार, ई-बीएलओ ऐप पर 50 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं की प्रविष्टि करने वाले बीएलओ को यह प्रोत्साहन दिया जा रहा है। आयोग स्तर पर लिए गए निर्णय के क्रम में जनपद भदोही में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ का चयन किया गया है।

प्रोत्साहन सूची में विकास खंड डीघ के ग्राम पंचायत सोनैचा के बीएलओ राजनाथ यादव को प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए 10,000 रुपये, विकास खंड औराई के ग्राम पंचायत उमरहा के बीएलओ सतीश कुमार चौबे को द्वितीय स्थान पर 8,000 रुपये, जबकि विकास खंड डीघ के ग्राम




पंचायत त्रिभुवनपुर के राजीव कुमार गुप्ता को तृतीय स्थान पर 6,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट कार्य के लिए पांच अन्य बीएलओ को 3,000-3,000 रुपये की सांत्वना प्रोत्साहन राशि देने की स्वीकृति दी गई है। इनमें विकास खंड औराई के डेरवा ग्राम पंचायत के आलोक कुमार मिश्र, जाठी के हृदय नारायण, डीघ विकास खंड के ग्राम पंचायत डीघ के दयाशंकर, औराई विकास खंड के दिघवट के अमरनाथ पटेल तथा डीघ विकास खंड के मवैयाथान सिंह के विनोद कुमार शामिल हैं। इस पहल से बीएलओ के कार्यों में और अधिक पारदर्शिता, तकनीकी दक्षता एवं गति आएगी, साथ ही डिजिटल माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया को सशक्त बनाने में भी मदद मिलेगी।

## फर्जी तरीके से मतदाता नाम कटवाने की साजिश का आरोप

### ● सपा प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** विधानसभा भदोही क्षेत्र में मतदाता सूची से वैध मतदाताओं के नाम फर्जी तरीके से कटवाने की कथित साजिश को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने उप जिलाधिकारी भदोही को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव, विधायक जाहिद बेग, प्रभारी एसआईआर शोभनाथ यादव एडवोकेट, विधानसभा अध्यक्ष संतोष यादव, हृदय नारायण प्रजापति, चंद्रमोहन गौतम सहित कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि मतदाता सूची वर्ष 2025 के अंतर्गत बूथ संख्या 313, 314, 316, 324, 387, 388 एवं 399 से जुड़े वैध मतदाताओं जो संबंधित गांवों में निवासरत हैं ऐसे मतदाताओं के नाम साजिशन कटवाने के लिए फॉर्म-07 दिए जा रहे हैं। आरोप है कि ये मतदाता अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय से संबंधित हैं और उन्हें मतदान के संवैधानिक अधिकार से वंचित करने की कोशिश की जा रही है। सपा प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि भाजपा के मंडल अध्यक्ष समेत कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा बीएलओ पर दबाव बनाकर भाजपा कार्यालय से छपे हुए फॉर्म-07 भरवाए गए और बड़े पैमाने पर नाम कटवाने की कोशिश की गई। इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विरुद्ध बताते हुए उन्होंने पूरे मामले की गहन जांच कराने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने उप जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि झूठे एवं फर्जी प्रार्थना पत्र देने और दिलाने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जाए तथा सभी वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में यथावत बनाए रखे जाएं, ताकि नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित हो सके। इस दौरान महेंद्र बिंद (अध्यक्ष, बार एसोसिएशन), कामिल अंसारी, सभासद अशरफ अली, राजकुमार यादव, घनश्याम पासी, राजमणि यादव एवं अयूब अली बाबू सहित बड़ी संख्या में सपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन



पुलिस की सेवाओं व शासन द्वारा चलाये जा रहें विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया जा रहा हैः दिनांक 03.02. 2026 को मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों की एंटी रोमियो/महिला मिशन शक्ति टीमों द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।

**जागरुक बनें, सुरक्षित रहें।**

1090 - महिला पावर लाइन (महिलाओं के लिए हेल्पलाइन)

181 - महिला हेल्पलाइन (महिलाओं के लिए आपातकालीन सहायता)

112 - आपातकालीन सेवा (पुलिस, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस के लिए)

1076 - सीएम हेल्पलाइन (मुख्यमंत्री कार्यालय के लिए शिकायतें और सुझाव)

1930 - साइबर सुरक्षा हेल्पलाइन (साइबर अपराधों के लिए सहायता)

छात्राओं को दी गई उपयोगी जानकारी

# सीईपीसी ने भारत-अमेरिका बीटीए का किया स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** भारतीय हस्तनिर्मित कालीन उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाली कार्पेट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (सीईपीसी) ने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के संपन्न होने का स्वागत करते हुए इसे उद्योग के लिए समयोचित और निर्णायक कदम बताया है। परिषद का कहना है कि यह समझौता वैश्विक बाजारों में लंबे समय से चुनौतियों का सामना कर रहे हस्तनिर्मित कालीन क्षेत्र के लिए नई ऊर्जा और विश्वास लेकर आया है। सीईपीसी के अनुसार, बढ़े हुए टैरिफ के कारण भारतीय हस्तनिर्मित कालीन उद्योग सबसे अधिक प्रभावित हुआ था, जबकि भारत के कुल हस्तनिर्मित कालीन निर्यात का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका को जाता है। ऐसे में भारत-अमेरिका बीटीए से इस प्रमुख बाजार में भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति मजबूत होगी।

सीईपीसी ने इस उपलब्धि के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह के नेतृत्व में भारत सरकार के सतत और केंद्रित प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त किया है। परिषद ने कहा कि सक्रिय व्यापार कूटनीति के माध्यम से भारतीय हस्तनिर्मित कालीनों के लिए वैश्विक बाजारों तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। सीईपीसी के अध्यक्ष कैप्टन मुकेश गोंबर ने कहा कि भारत-ईयू और भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौतों से उद्योग को आंशिक राहत मिली थी, लेकिन भारत-अमेरिका बीटीए से विशेष उत्साह पैदा हुआ है। उन्होंने बताया कि टैरिफ को पहले के लगभग 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किए जाने से भारतीय हस्तनिर्मित कालीनों की अमेरिका में प्रतिस्पर्धा क्षमता बहाल हुई है और निर्यातकों व खरीदारों का विश्वास मजबूत हुआ है।

सीईपीसी के उपाध्यक्ष अस्लम महबूब ने कहा कि उद्योग मौजूदा वित्तीय वर्ष को सकारात्मक रूप से समाप्त कर रहा है और आने वाले वित्तीय वर्ष में इन व्यापार समझौतों से बेहतर परिणाम मिलने की पूरी उम्मीद है।

सीईपीसी की कार्यकारी निदेशक (कार्यकारी) डॉ. स्मिता नागरकोटी ने बताया कि परिषद निर्यातकों और अन्य हितधारकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगी, ताकि वे भारत-ब्रिटेन और भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौतों से जुड़े अवसरों, अनुपालन आवश्यकताओं और प्रक्रियाओं को समझ सकें और इन समझौतों का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंच सके। परिषद के अनुसार, इन व्यापार समझौतों से लगभग 2 अरब अमेरिकी डॉलर के भारतीय हस्तनिर्मित कालीन उद्योग को मजबूती मिलेगी और देशभर में इस शिल्प से जुड़े करीब 25 लाख कारीगरों की आजीविका पर इसका सीधा सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

## फरार चल रहे वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**चुनार, मीरजापुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक निर्देशन में क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव व चुनार कोतवाल विजय शंकर सिंह के नेतृत्व में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के क्रम में मंगलवार को चुनार थाना क्षेत्र के कुशहा गांव निवासी राजबहादुर सिंह पुडुक्कू पुत्र स्व कल्लू सिंह को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक नाजायज तमंचा 315बोर व एक अदद कारतूस पुलिस ने बरामद किया।

## नागपुर से दर्शन के लिए आए श्रद्धालु जिनका मोबाइल खो जाने पर पुलिस ने तुरंत तत्परता से प्रयास कर खोज कर मोबाइल सोपा गया

### ● विंध्याचल पुलिस की सराहनीय पहलः खोया मोबाइल सीसीटीवी की मदद से बरामद कर दर्शनार्थी को सौंपा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**विंध्याचल।** विश्व प्रसिद्ध माता विंध्यवासिनी मंदिर क्षेत्र में थाना विंध्याचल के अंतर्गत एक दर्शनार्थी का मोबाइल खो जाने की घटना हुई। घटना की सूचना मिलते ही थाना विंध्याचल प्रभारी अविनाश प्रकाश राय ने तत्परता दिखाई। उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहन विश्लेषण किया। फुटेज के सहयोग से मोबाइल का सटीक स्थान और घटना का समय पता चला, जिसके आधार पर मोबाइल को जल्द ही बरामद कर लिया गया



नागपुर से आए दर्शनार्थी ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई और संवेदनशीलता की जमकर सराहना की। यह घटना स्थानीय पुलिस की सजगता, तकनीकी उपयोग और जनसेवा की भावना को दर्शाती है, जो श्रद्धालुओं के बीच विश्वास बढ़ाती है। विंध्याचल पुलिस लगातार ऐसे कार्यों से अपनी छवि मजबूत कर रही है।

## श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट ने गौरव पाठक के जन्मदिन पर बांटी खुशियां, सैकड़ों बच्चों-बुजुर्गों को मिली राहत



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट और श्याम सेवा आश्रम मां विंध्यवासिनी धाम ने अध्यक्ष शनीदत्त पाठक (गौरव पाठक) के जन्मदिन के अवसर पर एक सराहनीय सामाजिक पहल की। कार्यक्रम में जरूरतमंद बच्चों को पठन-पाठन सामग्री (किताबें, कॉपी, पेन आदि) और कंबल वितरित किए गए। साथ ही, बढ़ती कड़कड़ाती ठंड और घने कोहरे को देखते हुए सैकड़ों महिलाओं एवं बुजुर्गों को भी कम्बल प्रदान किए गए। बच्चों के चेहरों पर सामग्री मिलते ही खुशी की लहर दौड़ पड़ी, जबकि महिलाओं और बुजुर्गों ने कंबल पाकर ठंड से बचाव का सहारा पाया। यह प्रयास ट्रस्ट की समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता और मानवीयता को दर्शाता है।

कार्यक्रम में राणा सिंह, ब्लॉक प्रमुख पद के भावी प्रत्याशी छानबे मधुसूदन सिंह, धीरज सिंह, अखिलेश प्रताप सिंह, बन्देश सिंह, हर्ष शुक्ला, नीलेश मौर्य, धर्मेंद्र दुबे, आशीष मिश्रा, वीरू दुबे, जय हिन्द साहनी, धर्मेंद साहनी, सूरज साहनी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि ऐसे कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया गया है। गौरव पाठक के जन्मदिन ने न केवल व्यक्तिगत उत्सव को यादगार बनाया, बल्कि सैकड़ों जरूरतमंदों के जीवन में गर्माहट और उम्मीद की किरण भी जगा दी।

## क्षेत्र में गरज चमक के साथ हो रही हल्की बारिश से किसानों के उड़े होश




**हलिया, मीरजापुर।** क्षेत्र में मंगलवार साम चार बचे गरज चमक के साथ हो रही हल्की बारिश से किसानों के होश उड़ गए। वही ठंड बढ़ने से वृद्धो तथा मजदूर एवं पशुओं के सामने समस्या खड़ी हो गई है। क्षेत्रीय किसान विंध्य किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनन्द शेखर गिरि, सोनगढ़ा गांव निवासी सुरेश दुबे,माधो लाल, शंकर लाल, तथा राजपुर गांव निवासी भगवती प्रसाद दुबे उमाकांत द्विवेदी तथा अहुगी कलां गांव निवासी रमाकांत पांडेय, मवयी कला गाँव निवासी पंडित रमाकांत उपाध्याय आदि का कहना है कि क्षेत्र में गरज चमक के साथ हो रही बारिश से अगर ओले पड़े तो फसल क्षतिग्रस्त हो जाएगी बैंकों से लिए ऋण खाद बीज की भरपाई भी नहीं हो पाएगी। खरीफ की फसल धान तुफानी अति बृष्टि से बर्बाद हो गई उसमें भी बैंकों से तथा समितियां से कराए गए बीमा राशि की भरपाई नहीं हुई न ही तहसील प्रशासन से कुछ मिल पाया ऐसी स्थिति में विकराल समस्या खड़ी हो जाएगी।

## भागवत साक्षात श्रीकृष्ण का वांग्मय स्वरूप, श्रवण से होता है आत्मिक कल्याण व्यास महेश देव पांडेय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ओबरा (सोनभद्र)।** श्री राम नगर स्थित श्री सदाशिव महादेव मंदिर के प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य एवं भक्तिमय शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिन व्यासपीठ पर विराजमान व्यास माधवाचार्य पंडित महेश देव पांडेय ने विधि-विधान से पूजन के पश्चात कथा की अमृत वर्षा की। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य यजमान पंडित प्रमोद चौबे ने सपरिवार श्रीमद्भागवत पोथी एवं व्यासपीठ का विधिवत पूजन कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा के प्रथम सोपान में व्यास जी ने भागवत महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए देवर्षि नारद और भक्ति देवी के प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब भक्ति के पुत्र ज्ञान और वैराग्य कलयुग के प्रभाव से वृद्ध व अचेत हो गए थे, तब सनकादि ऋषियों ने नारद जी को श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन का मार्ग सुझाया। हरिद्वार के आनंद तट पर कथा श्रवण मात्र से ज्ञान और वैराग्य पुन युवा हो गए। व्यास जी ने कहा श्रीमद्भागवत साक्षात श्रीकृष्ण का स्वरूप है। जो जीव इसकी शरण में आता है, उसके जन्म-जन्मांतर के पाप कट जाते हैं और उसे परम मोक्ष की प्राप्ति होती है। पंडित महेश देव



पांडेय ने गोकर्ण और धुंधकारी के प्रसंग के माध्यम से समझाया कि कुमार्गी व्यक्ति भी यदि पूर्ण श्रद्धा के साथ भागवत श्रवण करे, तो उसकी सद्गति निश्चित है। उन्होंने ओबरावासियों से आह्वान किया कि कलयुग में भगवान की कथा ही एकमात्र सहारा है, जो मनुष्य को तनाव और अशांति से मुक्ति दिलाकर सत्कर्मों की ओर प्रेरित करती है। कथा के दौरान मधुर भजनों की धुन पर मुख्य यजमान सहित श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। पूरे श्री राम नगर का वातावरण राधे-राधे के जयकारों से गुंजायमान रहा। प्रथम दिन की आरती के पश्चात भारी संख्या में उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## एक व्यक्ति ने बाजार में मारपीट करने वाले दो लोगों के विरुद्ध दर्ज कराई प्राथमिकी




**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भटवारी गांव निवासी एक व्यक्ति ने दो लोगों के विरुद्ध मंगलवार को बाजार में सामान लाने आया था कि गाली गलौज देते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी की तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। मुकदमा कर पुलिस जाच पड़ताल में जुट गई है। भटवारी गांव निवासी बृजेश कुमार ने हलिया थाने में तहरीर देकर बताया कि 10 बजे दिन बाजार में एक दुकान पर मोबिल लेने गया था कि हलिया गांव निवासी छोटू खान तथा अरमान खान भद्दी भद्दी गाली देते हुए जान से मारने की नीयत से गला पकड़ कर दबाने लगे मौके पर ग्रामीणों ने छुड़ाया लेकिन जाते वक्त गोली मारने की बात को कहते हुए चले गए। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष श्याम लाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांचपडताल की जा रही है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद चुनार मीरजापुर

पत्रांकः 435/ई-निविदा सूचना/न0 झी0 ता0 पो0 सं0यो0/2025-26 — दिनांक- 03/02/2026

**अति अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**

एतद्द्वारा समस्त ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-26 में नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कार्य कराये जाने हेतु ई-टेण्डर के माध्यम से आनलाईन अति अल्पकालिक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर प्राप्त की जा सकती है। ई-निविदा 2 बिड, टेक्निकल व फाईनेन्शियल बिड के माध्यम से प्राप्त की जाएगी। निविदा संबंधी समस्त प्रपत्र लिफाफा में सीलबंद कर के दिनांक 18.02.2026 को प्रातः 11.00 बजे तक कार्यालय में जमा करना आवश्यक होगा। उक्त निविदा दिनांक 18.02.2026 को अपरान्ह 01.00 बजे खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश निविदा तिथि को अवकाश घोषित होता है तो अगले कार्य दिवस में यथावत निविदा खोली जायेगी।

ई-निविदा की प्रक्रिया निम्नानुसार है।

| निविदा की आनलाईन उपलब्धता | निविदा अपलोड करने की तिथि | टेक्निकल बिड खोलने की तिथि | फाईनेन्शियल बिड खोलन की तिथि |
|---|---|---|---|
| दिनांक 04.02.2026 को अपरान्ह 04.00 बजे से दिनांक 17.02.2026 को सायं 6.00 बजे तक | दिनांक 04.02.2026 को अपरान्ह 04.00 बजे से दिनांक 17.02.2026 को सायं 6.00 बजे तक | दिनांक 18.02.2026 को अपरान्ह 01.00 बजे से | टेक्निकल बिड खोलने के तुरन्त बाद फाईनेन्शियल बिड खोली जायेगी। |

(विजय कुमार यादव)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद चुनार
मीरजापुर

(मंसूर अहमद)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद चुनार
मीरजापुर

## संक्षिप्त खबरें

### खड़ी मालवाहक को कार ने मारी टक्कर,दोनों वाहन क्षतिग्रस्त, चालक गंभीर



**नैनी कोतवाली।** क्षेत्र के जेल रोड चौराहे के पास सोमवार की रात सड़क किनारे खड़ी मालवाहक से कार सवार जा भिड़ी । टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के आगे का पूरा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया। जबकि उसका साथी हादसे के बाद घटना स्थल से भाग गया। मिली जानकारी के मुताबिक चक रघुनाथ जेल निवासी मोहम्मद जावेद उर्फ गुड्डू प्रतिदिन की तरह अपनी मालवाहक को घर के बाहर खड़ी कर दिए थे। रात करीब डेढ़ बजे के आस-पास नैनी की ओर से चौराहे की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर उनकी मालवाहक में जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों गाड़ियों के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। तेज आवाज सुनकर घर के आसपास के लोग बाहर निकल पड़े, देखा कि कार में चालक फंसा हुआ था। उन्होंने चालक को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया। सूचना पर नैनी पुलिस पहुंची जांच पड़ताल कर वापस चली गई। लोगों ने बताया कि कार में एक अन्य युवक सवार था, लेकिन वह दुर्घटना के बाद कार छोड़कर भाग निकला।

### तीन दिवसीय गन्ना एवं चीनी मिल समितियों के अध्यक्षों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**प्रयागराज।** तीन दिवसीय गन्ना एवं चीनी मिल समितियों के अध्यक्षों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ। कार्यक्रम में सहारनपुर मेरठ मुरादाबाद बरेली परिक्षेत्र के समिति अध्यक्षों के साथ साथ कोर्डिनेटर के रूप में परिक्षेत्र अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महाप्रबंधक संजय भंडारी जी ने के गन्ना समिति अध्यक्षों से नैनो ऊर्वरक वे इफको जल विलय उर्वरकों की बिक्री व किसानों के बीच इफको उत्पाद की उपलब्धता के बारे में चर्चा की और गन्ना समितियों द्वारा किए जा रहे हैं इफको के सहयोग की सराहना की।इसके बाद कोरडेट प्रधानाचार्य डॉ डी के सिंह ने समिति अध्यक्षों को नैनो उर्वरक, जैव उर्वरक एव जल विलय उर्वरकों के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी और साथ ही पारंपरिक यूरिया व डी.ए.पी से हो रहे जल, मिट्टी एवं वायु प्रदूषण के साथ साथ मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों के बारे में भी अवगत कराया ताकि समिति अध्यक्षों के माध्यम से उनके छेत्र के किसानों तक नैनो उर्वरक प्रयोग की सही जानकारी पहुँच सकें। कार्यक्रम के अंत में मृदा परीक्षण प्रभारी डॉक्टर हरिश्चंद्र ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में कोरडेट संस्थान से सुमित तेवतिया ,श्री मुकेश तिवारी, राजेश सिंह व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पत्रकारों के लिए बजट में नहीं मिला कोई स्थान

**हर बार की तरह एक बार फिर पत्रकार हुए निराश।**




**ब्यूरो प्रयागराज।** केंद्र और राज्य सरकार के पास पत्रकारों के लिए नहीं है कोई योजना।हर बार बजट के इंतजार में रहते हैं पत्रकार, ताकि इस बार उनको भी मिलेगा कुछ बजट का लाभ, लेकिन सरकार के पास पत्रकारों के लिए नहीं है कोई बजट। पत्रकार मूलभूत सुविधाओं से भी रहते हैं वंचित, न है उनके पास इलाज की कोई व्यवस्था, न ही उनका कोई सुधि लेने वाला है, पत्रकार तो सिर्फ पत्रकार है, अपना जीवन यापन करने में अपने दम पर जुटा हुआ है।

# सेंट्रल एकेडमी में ग्रैंडपेरेंट्स डे कार्यक्रम आयोजित हुआ

**● समर्पण विरासत की लौ पर जुटे दादा दादी।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
दया शंकर त्रिपाठी।



**ब्यूरो प्रयागराज।** सेंट्रल एकेडमी सराय इनायत शाखा में ग्रैंडपेरेंट्स डे कार्यक्रम अत्यंत उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष आयोजन को समर्पण विरासत की लौ नाम दिया गया, जो दादा-दादी एवं नाना-नानी के प्रति सम्मान, स्नेह और कृतज्ञता की भावना को दर्शाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जस्टिस अनूप कुमार गोयल तथा उनकी धर्मपत्नी रचना अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही, जो भारत की न्यायिक व्यवस्था के एक प्रतिष्ठित पद को सुशोभित करते हैं। अन्य विशिष्ट अतिथियों में सेंट्रल एकेडमी के निदेशक एस. के. तिवारी जी, सेंट्रल एकेडमी, सराय इनायत शाखा की प्रधानाचार्या ऋचा त्रिपाठी पेरेंट्स प्राइड की सम्मानित प्रधानाचार्या दीप्ति मिश्रा , आदरणीय डॉ. जे. पी. एन. मिश्रा जी, शंकरदेव त्रिपाठी तथा विद्यार्थियों के दादा-दादी एवं नाना-नानी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। जिनकी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा और अधिक बढ़ गई। इसके पश्चात इंद्रधनुषी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में सर्वप्रथम सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत ने सभी उपस्थितजनों का मन मोह लिया।

समारोह को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय के माननीय निदेशक एस. के. तिवारी जी तथा प्रधानाचार्या श्रीमती ऋचा त्रिपाठी द्वारा मुख्य अतिथि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में प्राथमिक कक्षाओं के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे- आवर हैप्पीनेस : आवर ग्रैंडपेरेंट्स, संस्कारों की यात्रा, लेट मी ब्लूम, विज़डम फॉर ग्रैंडपेरेंट्स आदि कार्यक्रम ने सभी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों पूरा वातावरण तालियों की गूंज से गूंज उठा। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने न केवल अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया, अपितु अपनी शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत भी किए गए।

विद्यालय के माननीय निदेशक एस. के. तिवारी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को हार्दिक बधाई दी तथा ग्रैंडपेरेंट्स को जीवन की अमूल्य धरोहर बताते हुए उनके अनुभव, मार्गदर्शन एवं संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि जस्टिस अनूप कुमार गोयल जी ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में विद्यालय की शिक्षा प्रणाली एवं विद्यार्थियों में विकसित हो रहे विविध कौशलों की प्रशंसा की। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने कौशलों का निरंतर विकास कर समाज एवं राष्ट्र की उन्नति में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया, क्योंकि देश का भविष्य आज के युवाओं के हाथों में ही निहित है। उनके प्रेरक विचारों से पूरा वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निदेशक एस. के. तिवारी जी ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेत प्रधानाचार्या, विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हूँ।

# लद्दाख गतिरोध पर राहुल गांधी द्वारा नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण का हवाला देने पर विवाद के बीच लोकसभा स्थगित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज** सोमवार दोपहर को विपक्ष के नेता राहुल गांधी के भाषण को सत्ता पक्ष के सदस्यों द्वारा बार-बार बाधित किए जाने के बाद लोकसभा को दोपहर 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। यह रुकावट पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे के एक अप्रकाशित संस्मरण के उनके संदर्भ को लेकर हुई।

यह व्यवधान राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस के दौरान शुरू हुआ, जब गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख के संस्मरणों से उद्धरण देना शुरू किया, जिस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने आपत्ति जताई।राजनाथ सिंह ने इस उद्धरण पर आपत्ति जताते हुए कहा कि सदन में अप्रकाशित सामग्री का हवाला नहीं दिया जा सकता और यह संसदीय परंपरा के खिलाफ है। गृह मंत्री अमित शाह ने आपत्ति का समर्थन करते हुए गांधी से केवल आधिकारिक तौर पर प्रकाशित स्रोतों पर भरोसा करने का आग्रह किया। शाह ने कहा, 'पत्रिकाएं कुछ भी प्रकाशित कर सकती हैं,' यह तर्क देते हुए कि औपचारिक प्रकाशन के बिना संदर्भ संसदीय रिकॉर्ड का हिस्सा नहीं बनने चाहिए।आपत्तियों के कारण सदन में संक्षिप्त अव्यवस्था फैल गई, विपक्षी सदस्यों ने रुकावट का विरोध किया और सत्ता पक्ष पर बहस को दबाने का आरोप लगाया।

राहुल गांधी ने अपनी टिप्पणियों का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने जिस स्रोत का हवाला दिया वह प्रामाणिक था और जनरल नरवणे के अप्रकाशित संस्मरणों पर आधारित था। समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव ने भी राहुल गांधी का समर्थन किया और अध्यक्ष से आग्रह किया कि उन्हें बहस के दौरान चीन से संबंधित मुद्दों पर बोलना जारी रखने की अनुमति दी जाए। यादव ने कहा कि चीन का विषय अत्यधिक संवेदनशील है और सदन में इस पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने तर्क दिया कि राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति से संबंधित चिंताओं को उठाते समय विपक्ष के नेता को बाधित नहीं किया जाना चाहिए।

एक रिपोर्ट के अनुसार, बजट सत्र में लोकसभा में तीखी रुकावटें आईं, जब राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस के दौरान पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरणों से लिए गए अंशों का हवाला दिया। इन टिप्पणियों पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने कड़ी आपत्ति जताई, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्रोत की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया और तर्क दिया कि एक पत्रिका में प्रकाशित सामग्री का हवाला देना संसदीय मानदंडों का उल्लंघन है।

आपत्तियों का जवाब देते हुए, गांधी ने कहा कि उनका स्रोत विश्वसनीय था और उन्होंने जिन अंशों का उल्लेख किया था, वे जनरल नरवणे के संस्मरणों पर आधारित एक प्रकाशित पत्रिका में छपे थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने यह मुद्दा तभी उठाया जब रूलिंग पार्टी के एक सांसद ने कांग्रेस पर आरोप लगाए, और कहा कि अगर ऐसा नहीं होता तो वह उस संस्मरण का ज़िक्र नहीं करते। यह बहस सदन में लंबे समय तक हंगामे में बदल गई, जिसमें दोनों तरफ से बार-बार रुकावटें आईं और नारेबाज़ी हुई। हंगामे के बावजूद, गांधी ने अपना भाषण जारी रखा, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में मौजूद थे।

# भैरव नाथ का लोक का लोकार्पण मुख्य मंत्री ने किया, पौधे रोपित कर लोगों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रीवा मप्र।** कैमोर पर्वत श्रृखला क्षेत्र के समीप गुढ विधानसभा में विराजमान भैरव बाबा मंदिर का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा रीवा जिले के गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गुढ़ के समीप ग्राम खामडीह में मध्यप्रदेश शासन की एलएडी योजनांतर्गत भैरव बाबा मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सामुदायिक भवन निर्माण कार्य पूर्ण होने पर भैरवनाथ लोक परिसर का भव्य लोकार्पण किया गया। इसकी कुल लागत 2 करोड़ 19 लाख है। इस पावन अवसर पर मुख्यमंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भैरव बाबा का विधिवत पूजन-अर्चन एवं हवन किया और प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में ध्वज का आरोहण कर धार्मिक आस्था को नई ऊँचाई दी। लोकार्पण समारोह के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए परिसर में त्रिवेणी बरगद, पीपल एवं नीम के पौधों का रोपण भी किया तथा से धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मंदिर परिसर पहुंचने पर मुख्यमंत्री का लक्ष्मी स्वरूपा नारियों ने मंगल कलश और पुष्पवर्षा से स्वागत किया। इस अवसर पर 51 बटुकों ने वैदिक मंत्रोच्चार करके वातावरण को गरिमा और धर्ममय बनाया।

उल्लेखनीय है कि ग्राम खामडीह में स्थित भैरव बाबा की विशाल एवं प्राचीन प्रतिमा अत्यंत दुर्लभ है, जो शयन मुद्रा में स्थापित है। स्थापत्य कला की दृष्टि से यह प्रतिमा लगभग 10वीं शताब्दी की मानी जाती है। यह ऐतिहासिक प्रतिमा वर्षो से खुले आसमान के नीचे स्थित थी। शासन की एलएडी योजना के अंतर्गत 180 लाख रूपये लागत से इस प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार एवं अन्य आवश्यक निर्माण कार्य कराए गए हैं। विशाल भैरव बाबा प्रतिमा के चारों ओर दो मंजिला मंदिर का निर्माण किया गया है, जिससे प्रतिमा को संरक्षण मिलने के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधा भी सुनिश्चित हुई है। निर्माण कार्य मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न किया गया। भैरव नाथ लोक परिसर अब धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए एक सशक्त और भव्य केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। यह लोकार्पण कार्यक्रम आस्था, विरासत संरक्षण, विकास और पर्यावरण संवर्धन तीनों का प्रेरक उदाहरण बनकर क्षेत्रवासियों के लिए गौरव का विषय है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक देवतालाब गिरीश गौतम, विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी, विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, राज गोपाल मिश्रा (चारी), के के गर्ग, सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### बाल विवाह मुक्ति रथ को थानाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**सिद्धार्थनगर।** बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के उन्मूलन और जनजागरूकता के उद्देश्य से मंगलवार को बाल विवाह मुक्ति रथ को मोहाना थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ आगामी 30 दिनों तक जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों और इसके कानूनी प्रावधानों की जानकारी देगा। कार्यक्रम का आयोजन मानव सेवा संस्थान सेवा एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह बच्चों के शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास में भी बाधक बनता है। समाज को इस कुप्रथा के खिलाफ एकजुट होकर आगे आना होगा। बाल विवाह मुक्ति रथ के माध्यम से गांव-गांव जाकर पोस्टर, बैनर, पंपलेट, ऑडियो संदेशों और नुक्कड़ सभाओं के जरिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। रथ के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत बाल विवाह कराने, बढ़ावा देने या इसमें सहयोग करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के दौरान विद्यालयों, पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों, आंगनबाड़ी केंद्रों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, लोगों को बाल विवाह की सूचना देने के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 सहित अन्य माध्यमों की जानकारी भी दी जाएगी। इस अवसर पर मानव सेवा संस्थान सेवा से सन्दीप मद्धेशिया,अरुण कुमार मद्धेशिया, अमरनाथ सोनी, उप निरीक्षक सर्वेश यादव, धर्मेंद्र यादव, हेड कांस्टेबल आत्मानंद नायक, भूपेंद्र सिंह, कांस्टेबल शुशील यादव, मनीष सिंह, प्रशांत सिंह आदि उपस्थित रहे। सभी ने बाल विवाह के खिलाफ अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### बलिया में सिकंदरपुर सीएचसी में मरीजों के बेड पर सोता दिखा कुत्ता, वीडियो प्रसारित

**सिकंदरपुर (बलिया)।** सिकंदरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) से सामने आए एक वीडियो ने सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति को उजागर कर दिया है। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहे वीडियो में जनरल वार्ड के मरीजों के बेड पर एक आवारा कुत्ता सोता हुआ दिखाई दे रहा है, जिससे अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। वीडियो में जनरल वार्ड नंबर-1 के कई बेड खाली नजर आ रहे हैं। इन्हीं में से एक बेड पर सफेद चादर बिछी हुई है, जिस पर एक भूरा कुत्ता आराम से सोता दिखाई देता है। हैरानी की बात यह है कि वार्ड में न तो कोई कर्मचारी मौजूद दिख रहा है और न ही सुरक्षा या निगरानी की कोई व्यवस्था नजर आती है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह वीडियो लगभग दो दिन पुराना है, जिसे अस्पताल में मौजूद किसी व्यक्ति ने मोबाइल फोन से रिकार्ड कर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किया था। लोगों का कहना है कि अस्पताल परिसर में आवारा कुत्तों का घूमना आम बात हो गई है, लेकिन मरीजों के बेड तक उनका पहुंच जाना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। इस घटना से अस्पताल की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और संक्रमण नियंत्रण को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों में इस बात को लेकर चिंता है कि ऐसी स्थिति में भर्ती मरीजों की सुरक्षा और स्वास्थ्य कैसे सुनिश्चित किया जा सकता है।

## कफ सिरप कांड में भोला की 5.77 करोड़ की संपत्ति जब्त, अब तक 34.50 करोड़ पर चला पुलिस का शिकंजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी में संलिप्त भोला प्रसाद जायसवाल के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई जारी है। पूर्व में 28.50 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त किए जाने के बाद अब सोनभद्र पुलिस ने करीब 5.77 करोड़ रुपये की और संपत्ति कुर्क कर ली है। इस तरह अब तक तस्कर की कुल 34.27 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति जब्त की जा चुकी है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना रॉबर्ट्सगंज में दर्ज एफआईआर के तहत आरोपी प्रहलाद घाट के कायस्थ टोला निवासी भोला प्रसाद के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

न्यायालय के आदेश के अनुपालन में 23 जनवरी को पहले ही 28.50 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति जब्त की जा चुकी थी। इसके बाद धारा 68-एफ एनडीपीएस एक्ट के तहत वाराणसी जनपद में अभियुक्त और उसके परिजनों की संपत्तियों पर कुर्की की गई। शनिवार को पुलिस ने मड़ौली, भरलाई और जगदीशपुर क्षेत्र में स्थित कुल सात अचल संपत्तियों को कुर्क किया है, जिनकी कीमत करीब 4.55 करोड़ रुपये बताई गई है। इसके अलावा चार लग्जरी व अन्य वाहन भी जब्त किए गए हैं, जिनकी कीमत लगभग 51 लाख रुपये है। वहीं, बैंक खातों में जमा 70.99 लाख रुपये की राशि भी अभिग्रहित की गई है। इस तरह कुल 5.77 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई। कुर्क किए गए वाहनों में फॉर्च्यूनर लेजेंडर, हुंडई आई-20, एक्टिवा और वेस्पा स्कूटर शामिल हैं।

फॉर्च्यूनर की कीमत ही करीब 40 लाख रुपये बताई गई है। कुर्की की कार्रवाई में एसआईटी निरीक्षक प्रणय प्रसून श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष हाथीनाला नागेश सिंह, चौकी प्रभारी डाला घनश्याम तिवारी सहित पुलिस टीम शामिल रही। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने कहा कि नशीली दवाओं की तस्करी और उससे अर्जित अवैध संपत्तियों के खिलाफ कठोर और निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी। ऐसे अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## यूपी में लैंडस्कैम से मिलेगी मुक्ति; अब आधार वेरिफिकेशन के बाद ही होगी जमीन की रजिस्ट्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** यूपी में अब जमीन का पंजीकरण आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से किया जा रहा है. इसकी शुरुआत उप निबंधक कार्यालय से कर दी गई है. शनिवार को सब रजिस्ट्रार बृजेश पाठक ने इस नई व्यवस्था को लेकर जानकारी साझा की. उप निबंधक बृजेश पाठक ने बताया कि आधार बेस्ड पंजीकरण प्रक्रिया के तहत अब तक उनके कार्यालय में 7 जमीनों का रेजिस्ट्रेशन सफलतापूर्वक किया जा चुका है. ये प्रक्रिया फिलहाल प्रारंभिक स्टेज में है, लेकिन सोमवार से इसे पूरी तरह से लागू कर दिया जाएगा।

बृजेश पाठक ने कहा कि शासन का सर्कुलर आया है, जिसमें 1 फरवरी 2026 से पूरे प्रदेश में एक साथ आधार वेरीफिकेशन के बाद ही डॉक्यूमेंट रेजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए गए हैं. क्योंकि 1 फरवरी को रविवार है इसलिए उस दिन कोई कार्य नहीं होगा. लेकिन 2 फरवरी से पूरे प्रदेश में ये लागू कर दिया जाएगा. उन्होंने बताया कि जब जमीन खरीदने और बेचने वाले के लिए जब कोई आवेदन करेगा तो आधार बेस्ड सत्यापन में हां या न के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा. जिस मोबाइल नंबर से आधार लिंक है, उस पर ओटीपी जाएगी. ओटीपी भरने से आधार से सत्यापित हो जाएगा. उसका एप्लीकेशन उनके कार्यालय के ऑपरेटर के पास आ जाएगा.

जब खरीदार और विक्रेता उनके कार्यालय में आएगा तो वहां पर एक डिवाइस रहेगी. जिस पर वह अपना अंगूठा लगाएगा. उससे वह मैच करता है तो आधार वेरीफाइड हो जाएगा. आधार वेरीफाइड होने के बाद ही हम थंब इंप्रेशन लेंगे और फोटो खींचेंगे और बिलिंग का पंजीकरण कर देंगे. इससे जो व्यक्ति फर्जी पहचान पत्र लेकर आ जाता था तो वह फर्जीवाड़ा रोकने के लिए शासन ने यह प्रभावी कदम उठाया है।

पाठक ने बताया कि हमारे कार्यालय में मॉडल के रूप में अभिलेखों का आवेदन कराया गया है. जिसमें 7 अभिलेखों का ट्रायल हमने सफलतापूर्वक किया है. जिसमें किसी प्रकार की परेशानी नहीं आई है. NIC केंद्र मुख्यालय लखनऊ की देखरेख में यह संपन्न हुआ है. ये ट्रायल हमारा कामयाब रहा। पाठक ने बताया कि आधार प्रमाणीकरण के जरिए क्रेता (Seller) और विक्रेता (Seller) दोनों की पहचान पुख्ता होगी, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद की संभावना कम हो जाएगी. शासन का उद्देश्य है कि डिजिटल माध्यमों का अधिकतम उपयोग कर पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और भरोसेमंद बनाया जाए। उप निबंधक कार्यालय में इस नई व्यवस्था को लेकर कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि सोमवार से आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो. आम लोगों ने भी इस पहल को सकारात्मक बताते हुए कहा कि इससे जमीन पंजीकरण की प्रक्रिया में ट्रांसपेरेंसी बढ़ेगी।

## कमिश्नर द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** मण्डलायुक्त/रोल ऑब्जर्वर श्रीमती सौम्या अग्रवाल द्वारा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र इलाहाबाद उत्तर के मैरी लुकस स्कूल एंड कॉलेज (बूथ संख्या 260 से 266), ज्वाला देवी इंटर कॉलेज (बूथ संख्या 246 से 250) तथा फाफामऊ विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय थरवई (बूथ संख्या 394 से 397) में बनाए गए बूथों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित बूथ लेवल अधिकारियों से अनमैप्ड मतदाताओं तथा डिफेक्टिव फोटो वाले प्रकरणों की जानकारी ली साथ ही तार्किक विसंगति (लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी) के अंतर्गत मैपिंग की आवश्यकता वाले मतदाताओं को नोटिस निर्गत करने तथा उनकी सुनवाई से संबंधित की जा रही कार्यवाही के बारे में भी पूंछा।

उन्होंने सभी बीएलओ एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एईआरओ) द्वारा दी गई कई सूचनाओं का गणना प्रपत्रों से सत्यापन करते हुए किसी भी माध्यम से (ऑफलाइन अथवा ऑनलाइन) घोषणा पत्र के साथ फार्म-6 प्राप्त होने पर उन्हें तत्काल अपलोड कराते हुए फील्ड वेरिफिकेशन रिपोर्ट समय से जमा कराने के निर्देश दिए। मतदाता सूची में नाम, आयु, लिंग आदि संबंधित त्रुटि के पाए जाने पर संशोधन हेतु फार्म-8 घोषणा-पत्र के साथ भरवाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने आलेख्य मतदाता सूची में फोटो धुंधली, काली, आकार में छोटी या अत्यधिक पुरानी होने पर बीएलओ को बीएलओ ऐप के माध्यम से अपडेट करने के निर्देश दिए द्य उन्होंने बताया कि इसके लिए किसी प्रकार के दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी बूथों पर बूथ सुपरवाइजरों एवं संबंधित उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे डेटा एंट्री एवं सत्यापन कार्यों में बीएलओ की सतत सहायता करें तथा आवश्यकता अनुसार उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करते रहें, ताकि निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण कार्य सुचारु, समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जा सके। निरीक्षण के पश्चात मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारी कार्यालय स्थित संगम सभागार में समस्त राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के संबंध में बैठक की तथा उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।

# एफआईआर की मांग पर थाने में हंगामा

**● प्रयागराज में महिला अधिवक्ता प्रत्याशी ने आत्मदाह की कोशिश की।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** सिविल लाइन थाना सोमवार को उस वक्त अफरातफरी का केंद्र बन गया जब बार काउंसिल सदस्य पद की एक महिला प्रत्याशी ने अपने विरोधी प्रत्याशी पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए आत्मदाह करने का प्रयास किया। महिला अधिवक्ता आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर महिला कोतवाली पहुंची थी

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला का कहना था कि जब तक आरोपी प्रत्याशी के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया जाता, तब तक वह थाने से नहीं हटेंगी। इसी दौरान वह हाथ में माचिस और ज्वलनशील पदार्थ लेकर थाने के भीतर बैठ गई और आत्मदाह का संकेत दिया।

स्थिति उस समय गंभीर हो गई जब पुलिस कर्मियों ने महिला को आत्मदाह के लिए तैयार अवस्था में देखा। अचानक बने हालात से थाना परिसर में मौजूद पुलिसकर्मी घबरा गए। हालांकि तत्काल कार्रवाई करते हुए महिला से माचिस और ज्वलनशील पदार्थ हटवाया गया और उसे सुरक्षित तरीके से थाना परिसर में बैठा लिया गया। फिलहाल महिला सुरक्षित है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और प्राप्त तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।




**विश्लेषण** यह घटना केवल एक व्यक्तिगत आरोप या चुनावी टकराव का मामला नहीं है, बल्कि यह सवाल भी खड़ा करती है कि जब एक अधिवक्ता और प्रत्याशी को एफआईआर दर्ज कराने के लिए इस हद तक जाना पड़े, तो शिकायत निवारण प्रणाली कितनी प्रभावी है। आत्मदाह जैसे कदम को जायज नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन यह जरूर स्पष्ट करता है कि शिकायतकर्ता खुद को किस स्तर तक असहाय महसूस कर रही थी। अब असली परीक्षा पुलिस की है कि वह आरोपों की निष्पक्ष जांच करती है या मामला केवल 'स्थिति संभालने' तक सीमित रह जाता है।

# संक्षिप्त खबरें

## बिहार सीमा पर अवैध शराब की बड़ी खेप बरामद

**देवरिया।** जनपद में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार के तहत थाना श्रीरामपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने यूपी बिहार सीमा पर चेकिंग के दौरान एक लक्जरी वाहन से 189 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की है। पुलिस टीम द्वारा हदहदवा मंदिर के पास बॉर्डर क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक स्कॉर्पियो वाहन चालक तेज गति से वाहन मोड़कर बैकुंठपुर की ओर भागने लगा। पुलिस के पीछा करने पर चालक वाहन को गांव के ट्रांसफार्मर तिराहे के पास छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। वाहन की तलाशी में 16 पेटी बन्टी बबली व 5 पेटी रोमियो राजा ब्रांड की अवैध देशी शराब बरामद हुई। शराब की अनुमानित कीमत 50 हजार रुपये तथा वाहन की कीमत लगभग 8 लाख रुपये बताई गई है। इस संबंध में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## तेज रफ्तार बस ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर घायल




**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे को जोड़ने वाली सड़क पर टेकरी के समीप मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बस ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी, जिससे एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार ललितपुर से झांसी की ओर जा रही बस संख्या यूपी 93 बीटी 9989 मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे तालबेहट से झांसी की ओर जा रही थी। इसी दौरान टेकरी से तालबेहट कट की ओर बाइक सवार मुड़ रहे थे, तभी तेज गति से आ रही बस ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर तीनों को झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान रतिराम (38 वर्ष) पुत्र भैयन, भैयन (50 वर्ष)पुत्र भहोरे (50 वर्ष), फूलन (45 वर्ष)पत्नी भैयन तीनों घायल जैरवारा, जखौरा क्षेत्र के निवासी हैं और आपस में एक ही परिवार के सदस्य बताए गए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## जमीन का बैनामा होने के बाद शेष रुपये न देने का आरोप



**पीड़ित ने डीएम-एसपी को दिया शिकायती पत्र**

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सौरई में रहने वाले जुगमन पुत्र भूरा ने डीएम-एसपी को एक शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि उसने रुपयों की आवश्यकता होने पर अपनी आराजी नं. 55 मी रकवा 0.121 व आराजी नं. 53 मी. रकबा 0.110 कुल किता 2 रकबा 0.231 हे. संयुक्त खाते की जमीन जो कि उसके व पत्नी के नाम थी को मड़ावरा निवासी कुछ लोगों को रजिस्टर्ड बैनामा के जरिए 9 लाख रुपये में बेचने का सौदा हुआ था। पीड़ित ने बताया कि खरीददार ने उसे बैनामा करते समय 6 लाख रुपये चेक से दिया था एवं 3 लाख रुपये लिखित स्टाम्प लिखकर दिया था। आरोप है कि बैनामा करने के बाद उसने शेष 3 लाख रुपये मांगे तो उक्त लोगों ने उसे घर बुलाकर उक्त स्टाम्प ले लिया और रुपये देने में हीला-हवाली करने लगे। जब उसने रुपये देने की बात बार-बार कहीं तो उक्त लोगों ने उसे हड़काते हुये भगा दिया। आरोप है कि 26 जनवरी को वह उक्त व्यक्ति के घर रुपये मांगने पहुंचा तो उक्त लोगों ने मौके पर पुलिस बुलाकर प्रताड़ित कराया। यह भी आरोप है कि 1 फरवरी को जब वह अपनी पत्नी के साथ उक्त खेत पर गया तो उक्त लोगों ने रुपये मांगने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। पीड़िता ने डीएम-एसपी से मामले में जांच कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

# ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज के छात्र ने झारखंड कौशल उत्कर्ष 2026 (इंडिया स्कीम 2025- 26) में सफलता प्राप्त किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची, झारखंडः-** झारखंड कौशल उत्कर्ष 2026 इंडिया स्किल 2025 26 का भव्य आयोजन 30 जनवरी 2026 दिन शुक्रवार को होटल चाणक्य बी एन आर, रांची में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग तथा उद्योग विभाग संजय प्रसाद यादव द्वारा झारखंड राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इंडिया स्किल क्षेत्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए चयनित उम्मीदवारों को मंत्री ने शुभकामनाओं के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पतरातू स्थित ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज के व्यवसाय वेल्डर के छात्र कुणाल कुमार को वेल्डिंग सेक्टर में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कुणाल कुमार को मंत्री संजय प्रसाद यादव ने प्रशस्ति पत्र एवं 3000 का प्रोत्साहन पुरस्कार दिया। इस भव्य समारोह में विभागीय सचिव श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखंड सरकार, श्रम आयुक्त झारखंड सरकार, मिशन निदेशक सह सीईओ (झारखंड स्किल डेवलपमेंट मिशन सोसाइटी) एवं और संबंधित पदाधिकारी लोग उपस्थित थे। मुख्य अतिथि संजय प्रसाद यादव ने उपस्थित लोगों एवं छात्रों को अपने संबोधन में इंडिया स्किल के सफल छात्रों को उनकी सफलता की बधाई दी, उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगे की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में सफल होने की शुभकामनाएं दी। संस्थान के प्राचार्य सबित कुमार साहू ने बताया इंडिया स्किल प्रतियोगिता देश की सबसे बड़ी कौशल आधारित प्रतियोगिता परीक्षा है जिसका आयोजन भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाता है। इसका कार्यानवाई राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा किया जाता है जो भारत में कौशल विकास के सर्वोच्च संगठन है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य कौशल उत्कृष्ट के कुछ मानको को प्रदर्शित करना है और यह युवा युवतियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता राज्य सरकारों, उद्योग भागीदारों, सेक्टर स्किल, राज्य के कौशल विकास मिशनों, कॉरपोरेट और भागीदार संस्थाओं क़े सहयोग से संचालित किया जाता है। हमारा संस्थान, संस्थान स्तर पर इस प्रकार क़ी प्रतियोगिता परीक्षाएं विगत वर्षों से करते आ रहा है जिससे छात्रों में कुछ नवीन करने की जागरूकता आती है।

## बदलते भारत की वैश्विक धाक, मोदी-ट्रंप व्यापार समझौता : रंजन चौधरी



**हजारीबाग, झारखंडः-** हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुआ यह ऐतिहासिक व्यापार समझौता केवल व्यापार नहीं, बल्कि दुनिया का भारत पर बढ़ते भरोसे की जीत है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने कहा कि एक युवा नागरिक के रूप में यह देखना गर्व की बात है कि कैसे हमारा देश अब वैश्विक नीतियों का अनुगामी नहीं, बल्कि नेतृत्वकर्ता बन रहा है। इस समझौते से नवाचार, नई तकनीक और स्टार्टअप्स के लिए ग्लोबल मार्केट के द्वार खुलेंगे, जिससे देश के युवाओं के लिए रोजगार और तरक्की के अनंत अवसर पैदा होंगे।

## सदर अस्पताल, लातेहार में 'पलाश दीदी कैफे' का हुआ शुभारंभ, महिला सशक्तिकरण को मिली नई मजबूती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लातेहार, झारखंडः-** सदर अस्पताल, लातेहार परिसर में बीते मंगलवार को 'पलाश दीदी कैफे' का विधिवत शुभारंभ उप विकास आयुक्त (DDC) लातेहार, सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक (DPM) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन समारोह में जिला प्रशासन के कई वरीय पदाधिकारी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) से जुड़े प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह की दीदियाँ एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि 'पलाश दीदी कैफे' महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक पहल है। उन्होंने बताया कि इस कैफे के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि अस्पताल परिसर में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को इस कैफे के माध्यम से स्वच्छ, पौष्टिक एवंके किफायती भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। यह कैफे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित किया जाएगा, जिससे न केवल उनकी आय में वृद्धि होगी बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उद्घाटन समारोह के दौरान जिला प्रशासन ने भविष्य में भी इस प्रकार की आजीविका आधारित पहलों को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता दोहराई। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती धमक और भरोसे का प्रतीक : मनीष जायसवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, हजारीबागः-** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने भारत और अमेरिका के बीच हुए ऐतिहासिक व्यापार समझौते का पुरजोर स्वागत करते हुए इसे द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों में एक स्वर्णिम अध्याय करार दिया है। उन्होंने इस मील के पत्थर के समान उपलब्धि के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनके दूरदर्शी नेतृत्व के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह समझौता आपसी विश्वास और दीर्घकालिक रणनीतिक सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। सांसद मनीष जायसवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त और निर्णायक नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि आज भारत ने वैश्विक पटल पर एक अत्यंत भरोसेमंद और मजबूत आर्थिक साझेदार के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपनाई गई सुधारोन्मुख नीतियों और स्पष्ट विजन का ही परिणाम है कि आज भारत निवेश, नवाचार और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का मुख्य केंद्र बन गया है। सांसद मनीष जायसवाल ने इस समझौते के दूरगामी प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे भारतीय उत्पादों और यहां की उद्यमशीलता के प्रति अंतरराष्ट्रीय बाजार में भरोसा और अधिक सुदृढ़ होगा। यह पहल मेक इन इंडिया अभियान को गति देने के साथ-साथ वैश्विक व्यवस्था में भारत की बढ़ती भूमिका को भी स्पष्ट रूप से रेखांकित करती है। उनके अनुसार इस ऐतिहासिक सहयोग से न केवल तकनीक और निवेश के नए द्वार खुलेंगे, बल्कि देश के एमएसएमई, स्टार्टअप्स और ग्रामीण आधारित उद्योगों को भी वैश्विक बाजारों से सीधे जुड़ने का अवसर मिलेगा। इससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था में जान आएगी और बड़े स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। सांसद मनीष जायसवाल ने पूर्ण विश्वास व्यक्त किया कि भारत और अमेरिका की यह प्रगाढ़ आर्थिक साझेदारी भविष्य में समावेशी विकास, वैश्विक आर्थिक स्थिरता और साझा समृद्धि की दिशा में एक निर्णायक मील का पत्थर साबित होगी।

# बेला में हनुमान एवं शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के जल यात्रा कार्यक्रम का भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हूआकला पंचायत के बेला में आयोजित श्री श्री 1008 हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के तहत जल यात्रा कार्यक्रम का भव्य और श्रद्धापूर्ण आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने को मिला और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। जल यात्रा कार्यक्रम में बतौर अतिथि कई जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला परिषद के उपाध्यक्ष किशुन यादव, सांसद प्रतिनिधि मनीलाल यादव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि गणेश यादव, जिला परिषद सदस्य गुरुदेव गुप्ता, तथा पंचायत के मुखिया मंगलदेव यादव शामिल हुए। इसके अलावा मंडल अध्यक्ष विजय यादव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि टेकलाल, भाजपा नेता डीलो पासवान, केदार यादव, किशोर जी, रघुबीर यादव, सुधाकर यादव, युवा नेता सनी यादव, मुकेश यादव, नेता कृष्ण यादव, कांग्रेस नेत्री पूनम यादव, स्थानीय पंचायत समिति सदस्य प्रभु यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विनोद यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों द्वारा विधिवत कलश प्रदान कर की गई। इसके पश्चात यज्ञ समिति की ओर से सभी अतिथियों को वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन के दौरान पूरे गांव में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। यज्ञ समिति के अध्यक्ष दिनेश राम एवं गोविंद राम सहित समिति के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन को सफल बनाने के लिए अतिथियों एवं ग्रामीणों ने यज्ञ समिति का आभार व्यक्त करते हुए बहुत-बहुत धन्यवाद एवं कोटि-कोटि प्रणाम किया। यह धार्मिक आयोजन न केवल आस्था का केंद्र बना, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को भी मजबूती प्रदान करता नजर आया।

# देवघर नगर निगम चुनाव में आजसू पार्टी ने महापौर प्रत्याशी कुंदन शर्मा को दिया नैतिक समर्थन, नामांकन में दिखी अभूतपूर्व एकजुटता

**● देवघर नगर निगम चुनाव में आजसू पार्टी देवघर इकाई ने कुंदन शर्मा को दिया नैतिक समर्थन**

**भव्य जुलूस के साथ दाखिल किया नामांकन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवघर, झारखंडः-** देवघर नगर निगम चुनाव को लेकर आजसू पार्टी ने आज एक महत्वपूर्ण राजनीतिक संदेश देते हुए महापौर पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी कुंदन शर्मा को अपना नैतिक समर्थन देने की घोषणा की। यह निर्णय आज देवघर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 18 स्थित गोपाल पैलेस में आयोजित रणनीतिक बैठक में लिया गया। बैठक में नगर निगम चुनाव में पार्टी की भूमिका, जनता की आकांक्षाओं तथा संगठनात्मक स्थिति पर व्यापक चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से कहा कि देवघर के विकास के लिए कर्मठ, जुझारू और जनहित से जुड़े उम्मीदवार को आगे बढ़ाना आवश्यक है। इसी आधार पर कुंदन शर्मा को महापौर पद हेतु पार्टी का नैतिक समर्थन देने का फैसला किया गया। जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने संबोधन में कहा कि 'कुंदन शर्मा हमेशा से देवघर के विकास के लिए समर्पित रहे हैं। उनकी कार्यशैली, व्यवहार और जुझारूपन उन्हें जनता का प्रिय बनाता है। आजसू पार्टी पूरी मजबूती से उनके साथ खड़ी है।

**जनसंपर्क अभियान में उमड़ा जनसैलाब**

नैतिक समर्थन की घोषणा के तुरंत बाद कुंदन शर्मा ने वार्ड संख्या 18, 17 और 15 में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने स्थानीय निवासियों से संवाद स्थापित करते हुए शहर की मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता, सड़क व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़े अपने विजन को लोगों के सामने रखा और भारी समर्थन प्राप्त किया। इस दौरान बिजली पासी चौक, रांगा मोड़ और सावित्री बाई फुले चौक स्थित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर अपने अभियान की शुरुआत की गई। जगह-जगह समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

**भव्य जुलूस के साथ किया नामांकन**

जनसंपर्क के बाद सैकड़ों समर्थकों, कार्यकर्ताओं और नागरिकों के साथ एक विशाल जुलूस रांगा मोड़ से देवघर समाहरणालय की ओर रवाना हुआ। पूरे मार्ग में माहौल उत्साहपूर्ण रहा और समर्थकों के नारेबाजी ने पूरे रास्ते का वातावरण जीवंत बना दिया। देवघर समाहरणालय पहुंचकर कुंदन शर्मा ने भारी भीड़ की उपस्थिति में विधिवत रूप से नामांकन दाखिल किया। नामांकन प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण, उत्साहपूर्ण और लोकतांत्रिक आस्था से ओतप्रोत रही।

**एकजुट होकर जीत सुनिश्चित करने का संकल्प**

नामांकन के दौरान आजसू पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, समाजसेवी, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एकजुटता का परिचय देते हुए यह विश्वास व्यक्त किया कि इस बार देवघर नगर निगम में आजसू समर्थित प्रत्याशी की भारी जीत सुनिश्चित है। पार्टी नेताओं ने कहा कि देवघर की जनता विकास चाहती है और कुंदन शर्मा इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए पार्टी और जनता दोनों मिलकर नगर निगम चुनाव को ऐतिहासिक बनाने के लिए संकल्पित हैं।

## जन शिकायत निवारण में उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएँ, त्वरित समाधान के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंडः-** लातेहार उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। जन शिकायत निवारण के क्रम में उपायुक्त ने उपस्थित नागरिकों की समस्याएं एक-एक कर गंभीरता से सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि सभी शिकायतों की जांच कराते हुए समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से पेंशन स्वीकृति, म्यूटेशन रोके जाने, वेतन भुगतान, आवास निर्माण तथा बिजली आपूर्ति बाधित होने से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। सभी मामलों को सुनने के उपरांत उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक आवेदन का भौतिक सत्यापन कर शीघ्र समाधान करें, ताकि आमजनों को अनावश्यक परेशानी न हो।

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जन समस्याओं का त्वरित निष्पादन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से उनके निर्देशानुसार जिले के जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर के सभी कार्यालयों में प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को नियमित रूप से जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है। जन शिकायत निवारण कार्यक्रम से लोगों में प्रशासन के प्रति भरोसा बढ़ा है और आमजन को अपनी बात सीधे प्रशासन तक पहुंचाने का सशक्त मंच मिल रहा है।

## 16 फरवरी से चलेगा एमआर टीकाकरण अभियान, सभी बच्चों को लगेगा टीका

**देवरिया।** जिले में बच्चों को खसरा-रूबेला (एमआर) से सुरक्षित रखने के लिए 16 से 27 फरवरी 2026 तक विशेष एमआर टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एस.के. सिन्हा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भलुनी में आयोजित ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक में दी। उन्होंने अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के निर्देश दिए। डॉ. सिन्हा ने बताया कि अभियान के तहत कक्षा 1 से 5 तक के सभी सरकारी, निजी विद्यालयों एवं मदरसों में पढ़ने वाले 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को एमआर टीके की अतिरिक्त खुराक दी जाएगी, भले ही उन्हें पहले टीका लगाया जा चुका हो। उन्होंने माइक्रो प्लान पर विस्तार से चर्चा कर विभागीय समन्वय मजबूत करने पर जोर दिया। टीकाकरण से पूर्व विद्यालय स्तर पर स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग की बैठक कर अभिभावकों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा व आईसीडीएस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उदयपुरा घाटी में सड़क हादसा, दो युवक घायल

**● झामुमो जिला प्रवक्ता सुशील कुमार यादव की तत्परता से सदर अस्पताल भेजे गए घायल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा, लातेहार, झारखंडः-** उदयपुरा घाटी में बीते दिन हुए सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के जिला प्रवक्ता सुशील कुमार यादव मौके पर पहुंचे और मानवीय संवेदना दिखाते हुए दोनों घायलों को तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार भिजवाया। घायलों की पहचान कुरु निवासी एक युवक एवं चंदवा प्रखंड अंतर्गत आनभरीला गांव निवासी दूसरे युवक के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घाटी क्षेत्र में अचानक संतुलन बिगड़ने से दुर्घटना हुई, जिससे दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि समय पर मदद नहीं मिलती तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी। सुशील कुमार यादव की तत्परता से घायलों को समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सकी, जिससे उनकी स्थिति में सुधार बताया जा रहा है। घटना के बाद घाटी क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता बढ़ाने की मांग की है।

## यातायात पुलिस का सख्त अभियान, 109 वाहनों का ई-चालान

**देवरिया।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सघन जांच की गई। अभियान के दौरान कोतवाली क्षेत्र में ई-रिक्शा वाहनों की जांच की गई, जिसमें वैध कागजात वाले वाहनों पर नंबरिंग कराई गई, जबकि बिना कागजात वाले ई-रिक्शा के विरुद्ध चालान एवं सीज की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही यातायात पुलिस एवं नगर पालिका परिषद द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर जलकल रोड से अतिक्रमण हटाया गया। न्यू कॉलोनी स्थित अस्पतालों के सामने नो-पार्किंग में खड़े वाहनों तथा सोनूघाट सलेमपुर रोड पर सड़क किनारे खड़े भारी वाहनों का चालान किया गया।

# चौपारण थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती पर बड़ी कार्रवाई, 10 एकड़ फसल नष्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** चौपारण थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती पर प्रशासन ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए नशे के कारोबारियों पर करारा प्रहार किया है। शनिवार, 03 फरवरी 2026 को मिली गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग और चौपारण पुलिस की संयुक्त टीम ने अंजन क्षेत्र के दुर्गम इलाकों में व्यापक अभियान चलाकर करीब 10 एकड़ में फैली अवैध अफीम की फसल को मौके पर ही नष्ट कर दिया। अभियान के दौरान ड्रोन कैमरों की मदद से दुर्गम व घने जंगलों वाले क्षेत्रों की पहचान की गई, जिसके बाद टीम ने खेतों तक पहुंचकर पूरी फसल को उखाड़कर जलाया। प्रशासन के अनुसार, यह कार्रवाई मादक पदार्थों की अवैध खेती पर लगाम कसने के उद्देश्य से की गई है।

**बरामद सामग्री**

अभियान के दौरान मौके से 4 डिलीवरी पाइप बरामद किए गए, जिन्हें भी जब्त कर नष्ट कर दिया गया। प्रशासन ने बताया कि अवैध खेती में संलिप्त लोगों के नाम-पते की जांच की जा रही है। दोषियों की पुष्टि के बाद उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**अभियान में शामिल अधिकारी एवं कर्मी**

अभियान में SDPO बरही अजित कुमार बिमल, पु0नि0 बरही अंचल चंद्रशेखर, चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, SI सुबिन्दर राम, SI सरवन कुमार पासवान, ASI बदल महतो, ASI कमरुद्दीन, सशस्त्र बल के जवान और बनपाल कुलदीप कुमार शामिल थे।

**प्रशासन का संदेश**

प्रशासन ने साफ कहा है कि क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने के लिए ऐसी सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अवैध मादक पदार्थों की खेती व तस्करी में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## केंद्रीय कमेटी सदस्य उपासना मरांडी के पहल से राजबाड़ी में लगा 25 केवीए ट्रांसफार्मर ग्रामीणों में खुशी, हर्ष




**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड :-** प्रखंड के तेतुलिया पंचायत अंतर्गत राजबाड़ी हटिया टोला में मंगलवार को केंद्रीय कमेटी सदस्य उपासना मरांडी के पहल से 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया। कुछ दिन पहले तेतुलिया हटिया टोला का ट्रांसफार्मर जल गया था। ग्रामीण अंधेरे में ही रह रहे थे जैसे ही इसकी सूचना झारखंड मुक्ति मोर्चा के सक्रिय कार्यकर्ता को हुआ उन्होंने तुरंत इसकी सूचना उपासना मरांडी को दिया। उपासना ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अपनी ओर से बिजली विभाग को अधिकारियों से संपर्क कर तेतुलिया में ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करवाई गई। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा की कार्यकर्ता और ग्रामीणों ने, उपासना मरांडी के प्रति आभार व्यक्त की।

## जिला पुस्तकालय समिति की बैठक सम्पन्न, सुविधाओं के विस्तार पर मंथन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** राजकीय जिला पुस्तकालय देवरिया की वर्ष 2026 की जिला पुस्तकालय समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पुस्तकालय सेवाओं को सुदृढ़ करने, पाठकों की संख्या बढ़ाने तथा आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक शिव नारायण सिंह ने विद्यार्थियों व पाठकों को मोबाइल स्क्रीन से हटाकर पुस्तकों की ओर आकर्षित करने के लिए प्रचार-प्रसार बढ़ाने पर जोर दिया। एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा के दौरान पुस्तकालय में अतिरिक्त सीट, रीडिंग टेबल, खिड़कियों की मरम्मत, रंगाई-पुताई, वायरिंग सुधार सहित अन्य सुविधाओं के लिए धनराशि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। धनाभाव की स्थिति में शासन को पत्र भेजा जाएगा। नगर पालिका से साफ-सफाई कर्मी की तैनाती व एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रचार-प्रसार का प्रस्ताव रखा गया। साथ ही सीएसआर के तहत एसी, प्रोजेक्टर व सौंदर्यीकरण हेतु कंपनियों से सहयोग लेने का निर्णय लिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### बहला फुसलाकर ले गया किशोरी को, रिपोर्ट दर्ज

**कोंच(जालौन)-** कोतवाली क्षेत्र से एक नाबालिग किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर अज्ञात व्यक्ति पर बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका जताई है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। कोंच नगर निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री जो नगर के एक विद्यालय में कक्षा 9 की छात्रा है, 31 जनवरी की सुबह स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकली थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। उसने आसपास के इलाकों और सभी रिश्तेदारियों में काफी खोजबीन की लेकिन बेटी का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित पिता ने आशंका जताई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति बेटी को बहला-फुसलाकर कहीं ले गया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाल ब्रजेश बहादुर सिंह का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, किशोरी को बरामद करने के लिए पुलिस की टीमें लगी हुई हैं।

### ईश्वरी गांव में प्रतिमा स्थापना मामले में 49 ग्रामीणों पर हुई निरोधात्मक कार्यवाही

**कोंच(जालौन)-** नदीगांव विकास खंड की ग्राम पंचायत घिलौर के मजरा गांव ईश्वरी में विगत दिनों पूर्व ग्राम प्रधान सहित कुछ ग्रामीणों ने ग्राम सभा की भूमि पर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी गई थी। प्रतिमा स्थापना के बाद इस प्रतिमा के अनावरण और शोभायात्रा को लेकर विवाद सामने आया था। कुछ ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की गई थी जिसके बाद स्थानीय प्रशासन ने बगैर किसी अनुमति के किए जा रहे अनावरण और शोभायात्रा कार्यक्रम पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी। रोक लगाए जाने के बाद भी आयोजक ग्रामीण कार्यक्रम करने पर अड़े रहे थे जिसके चलते एसडीएम ज्योति सिंह, सीओ परमेश्वर प्रसाद थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे थे। प्रशासन द्वारा उसी रात प्रतिमा चबूतरे से उठवा कर नदीगांव थाने में रखवा दी गई थी। वहीं पूरे मामले में गांव में व्याप्त तनाव और शांति भंग के अंदेशा को देखते हुए थाना पुलिस की रिपोर्ट पर न्यायालय उप जिला मजिस्ट्रेट कोंच द्वारा कुल 49 लोगों पर निरोधात्मक कार्यवाही कर दी गई है। इन लोगों में पुरुषों के साथ ही महिलाएं भी शामिल हैं। कार्यवाही में शामिल संबंधित ग्रामीण अब बारी बारी से न्यायालय उप जिला मजिस्ट्रेट कोंच में आकर अपनी अपनी जमानत कराने लगे हैं।

### पति पर लगाया मारपीट कर चेहरा जलाने का आरोप

**आशा कार्यकत्री की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम सैदपुर में रहने वाली मालती कुशवाहा पत्नी एक पाल कुशवाहा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी शादी को 12 वर्ष हो गये हैं और वह आशा पद पर भी तैनात है। आरोप है कि उसके पति एकपाल पुत्र स्व.मुलायम द्वारा विगत कई वर्षों से कभी-कभी उसे परेशान किया जा रहा है। आरोप है कि उसका पति शराब का सेवन कर उसे गालियां देते हुए मारपीट करता है। पति पर महिला ने कई गंभीर आरोप लगाये हैं। बताया कि 31 जनवरी की सुबह 5 बजे उसके साथ मारपीट करते हुये उसे आग से जलाया गया, जिससे उसका चेहरा जल गया। पीड़िता ने बताया कि उसके दो पुत्री व एक पुत्र है। इसके अलावा महिला ने अपने जेठ ईश्वर, देवर राघवेन्द्र पर भी प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति, जेठ व देवर के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 118 (1), 352, 115 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जाखलौन ग्राम पंचायत क्षेत्र में 32 निराश्रित गोवंश सुरक्षित स्थान पर भेजे गए

**बिरधा (ललितपुर)।** विकासखंड बिरधा की ग्राम पंचायत जाखलौन क्षेत्र में मुख्य सड़कों पर विचरण करने वाले निराश्रित गोवंशों को लेकर ग्राम पंचायत द्वारा कार्रवाई की गई है। सड़क दुर्घटनाओं तथा जन-धन की संभावित हानि से बचाव के उद्देश्य से ग्राम पंचायत कार्यालय जाखलौन द्वारा पूर्व में गो-पालकों को अपने पशु सुरक्षित रखने हेतु मुनादी एवं नोटिस के माध्यम से जागरूक किया गया था। इसके बावजूद सड़कों पर निराश्रित गोवंश पाए जाने पर पंचायत स्तर पर कार्रवाई करते हुए कुल -32 गोवंशों को पकड़कर निकटतम जीरौन गो-आश्रय स्थल में सुरक्षित रूप से संरक्षित कराया गया है। यह कदम आमजन की सुरक्षा तथा पशुओं के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए उठाया गया। ग्राम पंचायत प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इसके उपरांत यदि किसी निजी गो-पालक द्वारा अपने गोवंश को खुला छोड़ा जाता है और उससे किसी प्रकार की जनहानि होती है, तो उसकी -पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित गो-पालक की होगी। ग्राम पंचायत की इस पहल से क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और पशु संरक्षण को लेकर सकारात्मक संदेश गया है।

# देशी व अंग्रेजी शराब की दुकान में घुसकर शराब की पेटियां सड़क पर फेंकी

**●अनियंत्रित भीड़ ने जमकर किया प्रदर्शन, शराब की दुकानें हटाये जाने की उठायी मांग**

**घंटाघर पर भी जीरोंन गांव की महिलाओं ने लगाया जाम**





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना महरौनी की रिपोर्टिंग पुलिस चौकी खितवांस में लंबे समय से चल रहा देशी और अंग्रेजी शराब के खिलाफ विरोध ने आज उग्र रूप ले लिया। खितवांस और आस पास के ग्रामीण अंचलों से आये महिलाओं और पुरुषों ने देशी शराब की दुकान का ताला तोड़ा और फिर दुकान में रखी करीब आधा सैकड़ा से अधिक शराब की पेटियों को ललितपुर - महरौनी मुख्य मार्ग पर फेंक कर नष्ट कर दीं। काफी देर हंगामे के बाद महरौनी, खितवांस और मुख्यालय से भी भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई और स्थिति को संभालने का प्रयास किया गया, समाचार लिखे जाने तक सूचना मिल रही है कि उग्र लोगों ने खितवांस की अंग्रेजी शराब की दुकान पर भी प्रदर्शन शुरू हो गया था।

गौरतलब है कि ग्रामीण अंचलों में देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानें बहुतायत संख्या में खोली गई हैं। इन दुकानों को या तो घनी आबादी के बीच, गांव के समीप और स्कूलों के पास खोल दिया गया है। इनमें मानकों की अनदेखी किये जाने का बड़ा आरोप पूर्व से भी लगता रहा है। शराब की दुकानों पर नशे के शौकीन लोगों का जमघट लगा रहना गांव में अशांति का माहौल बनाये रखता है। वहीं आये दिन महिलाओं को होने वाली समस्याओं, बच्चों, बुजुर्गों व बालिकाओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर कई ग्रामीण अंचलों में लोगों ने खासकर महिलाओं ने प्रदर्शन करते हुए दुकानों को तत्काल बंद करने या फिर अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग उठायी है, जिससे कि गांव में किसी प्रकार की अनहोनी घटना न हो। महिलाओं ने कई ग्रामीण अंचलों की समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय पहुंच कर आलाधिकारियों को ज्ञापन दिया, शिकायतें की। लेकिन कार्यवाही न होने से क्षुब्ध महिलाओं के सब्र का बांध आज टूट गया, जिसके चलते महरौनी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम खितवांस में महिलाओं -पुरुषों की भारी भीड़ ने देशी शराब की दुकान का ताला तोड़ा और अंदर रखी शराब की पेटियों को उठाकर बीच सड़क पर डालकर शराब नष्ट कर दीं। वहीं अंग्रेजी शराब की दुकान में भी रखी शराब को सड़क पर फेंकते हुये नष्ट कर दिया गया। उग्र होते प्रदर्शन को देख महरौनी कोतवाली समेत मुख्यालय से भी भारी पुलिस फोर्स ने मौके पर पहुंच कर लोगों को समझाने का प्रयास किया।

वहीं मुख्यालय स्थित घंटाघर पर थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम जीरोंन में रहने वाली महिलाओं ने जाम लगाकर भारी प्रदर्शन किया। मौके पर कोतवाली से पहुंचे निरीक्षक व उपनिरीक्षक के अलावा सदर चौकी इंचार्ज प्रशान्त राणा ने मौके पर पहुंचकर महिलाओं को समझाया और कड़ी मशक्कत कर जाम खुलवाया। महिलाओं का आरोप है कि गांव में शराब की बिक्री हो रही है, जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। यहां शराबियों का जमघट लगा रहता है, जिससे महिलाओं, बालिकाओं को आने-जाने में भारी परेशानियां उठानी पड़ती हैं। वहीं बच्चों को विद्यालय जाने में भी असुविधा होती है। महिलाओं ने उक्त दुकान को बंद कर अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग उठायी।

**इनका कहना है**

खितवांस में देशी व अंग्रेजी शराब की दुकान पर लोगों ने प्रदर्शन किया है। मामले की सूचना मिलने पर तत्काल थाना पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर मामले को शांत कराया गया। प्रकरण में वादी की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत किया जा रहा है। जिसके अनुसार वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। मौके पर शांति व कानून व्यवस्था बनी हुयी है। रक्षपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी महरौनी

## एसआईआरः विधायक ने घर-घर जाकर नए मतदाताओं के नामों की ली जानकारी

**●फॉर्म वितरित कर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए किया प्रेरित**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देशन में जारी एसआईआर प्रक्रिया को लेकर सभी राजनैतिक दलों की धड़कन बढ़ी हुई नजर आ रही है। आगामी चुनावों के दृष्टिगत समर्थक मतदाताओं के नाम किन्हीं कारणों से मतदाता सूची से न कट पाए, इसके लिए सभी दलों के स्थानीय नेता व कार्यकर्ता सजगता के साथ संपर्क अभियान में जुटे हुए हैं। मंगलवार को क्षेत्रीय भाजपा विधायक मूलचंद्र निरंजन ने पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं संग मिलकर गांधीनगर एवं पटेल नगर में घर-घर जाकर मतदाताओं खासकर हाल ही में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नए मतदाताओं से संपर्क स्थापित किया। विधायक ने नए मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए संबंधित फॉर्म वितरित किए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती और विकास परख सरकार के गठन के लिए एक-एक वोट महत्वपूर्ण है इसलिए अपने वोट की ताकत को पहचानें और मतदाता सूची में अपना नाम समय रहते जरूर दर्ज कराएं। इस मौके पर नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, बादाम कुशवाहा, महेंद्र सोनी, ओपी कुशवाहा, मिरकू महाराज, नरेंद्र विश्वकर्मा, अनिल पटेल, विपिन पटेल, दंगल यादव, शिवसिंह कुशवाहा, रविकांत कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### प्लाट देखने गये युवक पर हमला, महिला ने तोड़ा फोन

**ललितपुर।** नई बस्ती जाखलौन रोड में रहने वाले सुमित कुमार तिवारी पुत्र राकेश कुमार ने थाना पाली पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उसका एक प्लाट बस स्टैंड रोड के पास ग्राम बंगरिया में है, जिसे लेकर उसका पड़ोसियों से विवाद चल रहा है। बताया कि 30 जनवरी को अपराह्न करीब 3.40 बजे वह अपने प्लाट को देखने गया हुआ था, जहां प्लाट के सामने संतोष पुत्र हल्काई कुशवाहा, काशीराम पुत्र मनके कुशवाहा, चरण पुत्र मनके कुशवाहा एवं सुषमा पत्नी काशीराम कुशवाहा एक राय होकर आये और उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लात-घूसों से मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि सुषमा ने उसका मोबाइल फोन तोड़कर फेंक दिया। वह किसी प्रकार अपनी जान बचाकर मौके से भाग कर घर पहुंचा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 324 (2), 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## आउटसोर्सिंग- संविदा कर्मियों को स्थाई करे सरकार : मंजीत करौसिया

**●बेरोजगारी को समाप्त करने की दिशा में अहम कदम होगा नियमितीकरण : महेश काजू**

**ताज नगरी आगरा में उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ का 73 वां अधिवेशन सम्पन्न**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** ताज नगरी आगरा में उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के 73वें अधिवेशन में शामिल होकर ललितपुर के नेताओं ने कार्यवाहक प्रांतीय अध्यक्ष मंजीत करौसिया के नेतृत्व में प्रदेशीय नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। अधिवेशन में ललितपुर के सफाई मजदूर संघ नेताओं ने पूरे उत्तर प्रदेश में आउटसोर्सिंग व संविदा व्यवस्था को समाप्त कर सफाई कर्मियों की नौकरी को स्थाई किये जाने की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया। आगरा अधिवेशन से लौटकर जिला मुख्यालय पहुंचे कार्यवाहक प्रान्तीय अध्यक्ष मंजीत करौसिया ने बताया कि संघ का 73 वां अधिवेशन आगरा उ.प्र. में सम्पन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि संघ प्रांतीय अध्यक्ष महेश काजू एवं अध्यक्षता पूर्व महापौर इंद्रजीत आर्या ने की। अधिवेशन में प्रदेश के जिलों से आए जिलाध्यक्षों व प्रदेश पदाधिकारी ने कर्मचारी हित में अपने-अपने विचार व्यक्त किए। संघ प्रांतीय अध्यक्ष महेश काजू ने प्रदेश सरकार से आह्वान किया कि प्रदेश में आउटसोर्सिंग व्यवस्था को बंद कर स्थाई नौकरी निकली जाए व पूर्व से संविदा आउटसोर्सिंग मे तैनात सभी कर्मचारियों को नियमित करने की नीति अपनायी जाये, जिससे बेरोजगारी भी दूर होगी और व्यवस्थाएं और चौकस हो सकेंगीं। संघ के कार्यवाहक प्रांतीय अध्यक्ष मंजीत करौसिया ने प्रदेश में तैनात समस्त संविदा सफाई कर्मचारी एवं आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को नियमित करने एवं स्थाई भर्ती किए जाने की मांग रखी। उन्होंने कहा की प्रदेश की निकायों में तैनात समस्त संविदा सफाई कर्मचारियों एवं आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को यदि सरकार स्थाई/नियमित करती है तो कर्मचारियों शोषण से बचाव होगा। साथ ही प्रदेश की प्रत्येक निकायों में स्थाई सफाई कर्मचारियों की भर्ती से बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त होगा। अधिवेशन में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेशीय सफाई मजबूत संघ के प्रांतीय अध्यक्ष महेश काजू, पूर्व महापौर इंद्रजीत वाल्मीकि, प्रांतीय महामंत्री अश्वनी कुमार, कार्यवाहक प्रांतीय अध्यक्ष मंजीत करौसिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गणेश प्रसाद, जिलाध्यक्ष आगरा बीरजू नरवार, ललितपुर जिलाध्यक्ष राजकुमार नाहार, बृजेश वाल्मीकि, संघ के प्रदेश पदाधिकारियों सहित कई जिलों के जिलाध्यक्ष मौजूद रहे।

### सीएससी से संचालित आधार सेवा केंद्र पर कराए आधार से संबंधित समस्याओं का समाधान

**ललितपुर।** इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार की अधिकृत संस्था सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लि. द्वारा जनपद स्तर पर नई तहसील परिसर में सदन शाह रोड सिविल लाइन ललितपुर स्थापित आधार सेवा केन्द्र के माध्यम से आप बच्चों के नए आधार बनवाने के अलावा अपने आधार में बायोमेट्रिक अपडेट, नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर अपडेट इत्यादि करा सकते है। यह आधार सेवा केंद्र सप्ताह के सातों दिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुलता है। नए आधार निशुल्क बनाने के साथ साथ डेमोग्राफिक और बायोमेट्रिक अपडेट का भी शुल्क द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार ही लिया जाता है द्ध इस प्रकार इस आधार सेवा केंद्र के माध्यम से लोग अपनी आधार से संबंधित समस्याओं के समाधान सुविधाजनक तरीके से करा सकते है।

## एनसीसी का वार्षिक निरीक्षण सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच (जालौन)-** 58 उत्तर प्रदेश वहिनी एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एसके सिंह ने मथुरा प्रसाद महाविद्यालय में मंगलवार को एनसीसी का वार्षिक निरीक्षण किया। कर्नल ने एनसीसी कैडेट्स को अनुशासन, नेतृत्व एवं राष्ट्रसेवा के प्रति उनके दायित्वों को बताया। उन्होंने महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. हरिश्चंद्र तिवारी के कार्यों की सराहना की। कैडेट साक्षी एवं दीपाली ने पायलट के रूप में कमांडिंग ऑफिसर को एस्कॉर्ट करते हुए परेड ग्राउंड तक ले जाने का दायित्व निभाया। परेड ग्राउंड में सीनियर कैडेट दर्श द्विवेदी द्वारा रिपोर्टिंग करते हुए कैडेट्स का परिचय प्रस्तुत किया गया। निरीक्षण के दौरान एनसीसी कैडेट्स द्वारा तैयार किए गए फील्ड सिग्नल, वेपन, फाइल फॉर्मेशन, कंपास एवं सर्विस प्रोटेक्टर के मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। कमांडिंग ऑफिसर द्वारा फ्लैग होस्टिंग पॉइंट, एनसीसी प्रतीक संरचना, एनसीसी ध्वज चित्र आदि का भी निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने एनसीसी कार्यालय, एनसीसी स्टोर रूम तथा कैडेट्स द्वारा विकसित इंद्रप्रस्थ वाटिका का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। इससे पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय विक्रम सिंह, रोवर प्रभारी डॉ. भूपेंद्र कुमार त्रिपाठी, हिंदी विभाग के प्रभारी डॉ. सुधीर कुमार अवस्थी, कार्यालय अधीक्षक सुनील कुमार, दीपक कुमार आदि ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य एवं एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. हरिश्चंद्र तिवारी द्वारा कमांडिंग ऑफिसर को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सूबेदार मेजर दुर्गाराम, सूबेदार नरेंद्र सिंह, जीसीआई सुश्रिता टी थोडकर, हवलदार ओम बहादुर, हवलदार होम बहादुर थापा भी मौजूद रहे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर महरौनी में बीएलओ का प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महरौनी।** विधानसभा क्षेत्र संख्या 227 महरौनी अंतर्गत तहसील महरौनी में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2026 के तहत बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। तहसील सभागार में हुए इस प्रशिक्षण में मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान पोर्टल पर आने वाली तार्किक त्रुटियों के समाधान पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी महरौनी रजनीश बाजपेई ने किया। उन्होंने बीएलओ को डाटा प्रविष्टि के समय होने वाली सामान्य त्रुटियों, उनके कारणों और व्यावहारिक समाधान की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित मतदाता सूची निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव की मजबूत आधारशिला है।

उन्होंने निर्देशित किया कि बीएलओ मतदाताओं के दस्तावेजों का विधिवत सत्यापन करें, दोहरी प्रविष्टियों को हटाएं, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपित करें तथा नए पात्र मतदाताओं का पंजीकरण समयबद्ध और निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों की शंकाओं का समाधान किया गया और अभियान को अधिक प्रभावी व पारदर्शी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में संबंधित अधिकारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। अंत में बीएलओ को निर्वाचन कार्य को पूर्ण निष्ठा, निष्पक्षता एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित करने के लिए प्रेरित किया।

### दरगाह जाने हेतु स्कूल का गेट खुलवाने की मांग की

**कोंच(जालौन)-** सुबरात त्योहार पर इबादत करने के लिए दरगाह पर पहुंचने हेतु स्कूल का गेट खुलवाए जाने की मांग करते हुए प्रभारी एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपा गया। मोहल्ला मालवीय नगर निवासी इमरान खान, इरफान, रिजवान, समीर आदि ने प्रभारी एसडीएम वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता को शिकायती पत्र देकर बताया कि सुबरात त्योहार पर हर वर्ष मुस्लिम धर्म के लोग मुहल्ले में स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में कॉलेज निर्माण के पहले से बनी दरगाह पर इबादत करने जाते रहे हैं। इस बार भी त्योहार पर मुस्लिम लोग इबादत करने पहुंचे लेकिन स्कूल के गेट में ताला पड़ा हुआ है। दरगाह तक पहुंचने के लिए स्कूल निर्माण के समय कोई रास्ते की व्यवस्था नहीं की गई थी और स्कूल के मेन गेट से ही दरगाह तक पहुंचा जा सकता है। उक्त लोगों ने प्रभारी एसडीएम से कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## ईंट-पत्थर व लाठियों से घर में घुसकर हमला

**●पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, जांच-पड़ताल शुरू**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी क्षेत्रांतर्गत ग्राम भैंरा में रहने वाले चन्दन सिंह पुत्र पुनू ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 28 जनवरी की शाम करीब साढ़े सात बजे वह घर के पास बैठा था, तभी गांव के रंधीर सिंह, केहर सिंह, जाहर सिंह पुत्रगण थान सिंह, हरजीत सिंह, रामअवतार पुत्रगण रंधीर व रूकमन पत्नी रामअवतार एक राय होकर हाथों में लाठी-डंडा, ईंट-पत्थर लेकर आये और जबरन घर में घुस आये। आरोप है कि उक्त लोगों ने कहा कि उसकी बहू भूत बन गयी है, जिस पर पीड़ित ने बताया कि उसकी बहू तो 20 साल पहले मर गयी थी, तब से कुछ नहीं हुआ। इसी बात को लेकर उक्त लोगों ने उसके पुत्र जगदीश सिंह को मारपीट करने लगे, जब उसने विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि बचाने आयी बहू सुनीता व पुत्र राजेन्द्र के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गयी। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 333, 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पुरानी रंजिश के चलते फर्जी बदनाम करने का आरोप

**पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम नुनावली में रहने वाले सुरेंद्र सिंह पुत्र धर्म सिंह ठाकुर ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि गांव में उसकी पुरानी रंजिश चल रही है। इसी रंजिश के चलते गांव के अभिषेक पुत्र भगत सिंह ठाकुर व अनुज पुत्र हनुमत सिंह ठाकुर अपने दो अज्ञात साथियों के साथ उसे बदनाम कर रहे है। आरोप है कि गांव में ही दीवारों पर पर्चे आदि चस्पा कर उसे फर्जी बदनाम कर अफवाह फैलाई जा रही है। आरोप है कि पूर्व में अनुज के पिता हनुमत सिंह पर उसके भाई ने मुकदमा दर्ज कराया था, जिस पर हनुमत सिंह को सजा हुयी थी, इसी के चलते उक्त लोग रंजिश रखते हैं। विरोध करने पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। आरोप है कि सोशल मीडिया के माध्यम से भी झूठी अफवाह फैलाई जा रही है और उसे व उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 351 (3) व 351 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# संगठित भारत समर्थ भारत : क्षेत्र प्रचार प्रमुख

**●माताएं अपनी बेटियों को सहेलियां बनाएं ताकि वे लव जिहाद का शिकार न हों :**

**बिरधा खण्ड के पाली नगर में विराट हिन्दू सम्मेलन का हुआ आयोजित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जाखजौन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मंगलवार को पाली नगर में विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संघ के क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष जी ने हिंदुओं को परिभाषित करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति को बचाने के लिए सकल हिन्दू समाज को मिया-बीबी,वाइफ-हसबेंड व हब्बी और बब्बी की संस्कृति से बाहर निकल कर आना होगा। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश दाश महाराज बछलापुर व ब्रहम्कुमारी प्रियंका वहिन ने मातृ शक्ति को अपनी बेटियों को सहेलियां बनाने की अपील की ताकि वे लव जिहाद का शिकार न हों।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां भारती की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर किया। तो वहीं सरस्वती शिशु मन्दिर पाली की बहनों ने नुक्कड़ नाटक एवं देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया नाटक की प्रस्तुति से सभी का मन मोहा।

मुख्य वक्ता क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष जी ने कहा कि कई बार कहा जाता है हिन्दू शब्द तो कहीं मिलता नहीं है। जो हिंदुस्तान में जन्मा है वह हिन्दू है। हिन्दू भूमि की हम संतान गीत भी सुनाया। जब फ्रांस में जन्मा फ्रांसिस और जर्मनी में जन्मा जर्मन कहलाता है इसलिए हिन्दुस्थान में जन्मा हिन्दू है। अटल जी ने कहा कि हमारे लिए भारत सामान्य भूमि का टुकड़ा नहीं है। हम इसकी संतान हैं इसलिए हम हिन्दू हैं। हम हिन्दू पुरखों की संतान हैं। उन्होंने औरंगजेब की क्रूरता और गुरु तेगबहादुर महाराज के त्याग की गाथा को सुनाया। उन्होंने कहा था कि धर्म बचाने के लिए एक नहीं एक लाख बलिदान दिए जा सकते हैं। इसलिए उन्हें हिन्द की चादर कहा जाता है। छोटे बच्चों ने देश को बचाया इसलिए हम हिन्दू हैं। उन्होंने महाराणा प्रताप और छावा फिल्म की कहानी सुनाई। डॉ. हेडगेवार जी गुरु जी और अन्य इस मार्ग पर क्यों चले क्योंकि पुरखों की विरासत के लिए लड़ना सीखो। पंडित दीनदयाल उपाध्याय कहते थे भूख लगना प्रकृति है। छीन कर खाना राक्षसी प्रवृति है और सभी में बांटकर खाना यही सनातन संस्कृति है। भारत के लक्ष्य चार है - धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो,प्राणियों में सद्भावना हो और विश्व का कल्याण हो। सत्य बोलना धर्म,मिलकर रहना धर्म,पड़ोसी के साथ अच्छा व्यवहार करना धर्म है। सभी का सम्मान करना धर्म है। उन्होंने चारों चरणों की विस्तृत व्याख्या करते हुए धर्म और अधर्म को स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि श्रीरामचरितमानस में सुमति और कुमति से भी इसका स्पष्टीकरण दिया। जहां संकल्प वहां विकल्प नहीं होता। अटल जी ने कहा- अच्छे कार्य करने के लिए बाधाएं भी आएं तो उन पर पैर रखकर आगे चलना होगा। हमारे तमाम पूर्वजों के जन्मस्थल हमारे पास नहीं है। हमने हिंदुत्व को छोड़ दिया। इसलिए बहुत सारी समस्याओं से घिरे, कई स्थल चले गए। जहां पैदा हुए भगत सिंह वह लाहौर हमारा है। आगे बढ़ने के लिए 5 बातों को ध्यान में रखें। पहला - हम सब समान है, कोई छोटा बड़ा नहीं है। तुलसीदास जी ने कहा सियाराम मय सब जग जानी। कबीर ने कहा कि जो रामहि को सुमिरै सो रामहि कौन निहोरा। हिन्दू के नाम पर 1 अरब 40 करोड़ हिन्दुओं से आप जुड़ जाइए। समरसता भोज कम करिये और समानता भोज करिए। तो कोई चादर वाला या कोई फादर वाला हमारे बीच में नहीं घुस पाएगा। परिवार की भावना में आपस का स्नेह,नारी का सम्मान,बूढ़े सम्मान हैं। परिवार मजबूत होगा तो भारत मजबूत होगा। सनातन में डोली आती थी और अर्थी निकलती है। तलाक सनातन संस्कृति में कभी नहीं हो सकता। सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए पति-पत्नी को मिया बीबी,वाइफ हसबेंड,हब्बी और बब्बी से बाहर निकलना पड़ेगा। हमारे पुरखे स्व के रास्ते पर बढ़े। स्व के 6 आयाम हैं। स्नैक्स के लिए उन्होंने बताया कि इसे खाकर 1 करोड़ लोग मर जाते हैं। हमारी संस्कृति में कहा जाता है- दाल रोटी खाओ प्रभु के गुण गाओ। निज भाषा उन्नति लहैं सब भाषन कों मूल। खान पान,वेशभूषा, स्वदेशी अपनाएं, हमारे चारों ओर के आवरण भी स्वस्थ रहे। पर्यावरण को भी सुरक्षित रखना आवश्यक है। जल को बचाना है, पेड़ लगाना है। सुजलाम सुफलाम मलयज शीतलाम। देश हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें। शक्ति के लिए भक्ति की आवश्यकता है। उन्होंने स्वामी रामतीर्थ के देश भक्ति के उदाहरण को प्रस्तुत करते हुए बताया कि उन्होंने सारे कपड़े पहने लेकिन टोपी पहनने से मना करते हुए कहा कि इस अंग्रेजियत को सिर पर नहीं रखा जा सकता। यहां केवल भारत ही बिराजता है। आज भारत में लव जिहाद की व मतांतरण जैसी आग लगी है उसे बुझाने की जरूरत है।

अंत में नगर पंचायत के अध्यक्ष मनीष तिवारीने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विभाग प्रचार प्रमुख मनोज टाटा,विभाग प्रचारक मनोज, विभाग सम्पर्क प्रमुख अमर सिंह गौर, विभाग शारीरिक शिक्षण प्रमुख अरविन्द सोनी जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख भरत, सुरेश प्रकाश कौते,खण्ड कार्यवाह रामअवतार सिंह, प्राचार्य शिवशरण शुक्ला, शिवराज सिंह ,मुकेश नायक, अजय चौबे, रबि साहु, शिवांश, समिति संयोजक सुनील नामदेव, व्यस्था प्रमुख सुरेन्द्र राय, महेश ताम्रकार, रानू दुबे, पूर्व अध्यक्ष राम चौरसिया ,जय कुमार जैन, आशीष सुहानी, शैलेन्द्र सेन, हर्ष पटैरिया, राज सेन, पीयूष, बाँबी पाण्डे, राजद्वीप राजा, हेमन्त सोनी, ज्ञानेन्द्र सेंगर, अमित राय, नमन बाल्मीकि, राजीव उपस्थिति रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### चालू वित्तीय वर्ष में आवंटित बजट के विषय में अपर पुलिस महानिदेशक ने विस्तार से चर्चा की



**कानपुर।** पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में आवंटित बजट एवं उसके सापेक्ष की गई क्रय कार्यवाहियों की प्रगति, साथ ही चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में आवंटित बजट के सापेक्ष शेष बचे अनुदान के समयबद्ध एवं प्रभावी व्यय हेतु कार्ययोजना तथा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं के संबंध में एक समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। उक्त समीक्षा गोष्ठी में आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा जोन के अंतर्गत की गई कार्यवाही से पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश को विस्तार से समझाया गया। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन आलोक सिंह द्वारा बजट के संबंध में कानपुर जोन के अंतर्गत जनपदों की वर्तमान वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता एवं समयबद्ध व्यय सुनिश्चित किए जाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। इस पर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश ने संतोष व्यक्त किया व सराहना की।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर एएनएम सेंटर में चोरी



**घाटमपुर।** कानपुर नगर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना सजेती क्षेत्र के गांव सिधौल में आयुष्मान आरोग्य मंदिर एएनएम सेंटर में बीती रात चोरों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोहे का दरवाजा तोड कर की चोरी,,चोर यहां से फ्रिज,बैटरी, इन्वर्टर समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए हैं, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी निखिल कुमार ने थाने पहुंच कर पुलिस से की शिकायत, मौके पर पहुंची निवेली चौकी प्रभारी अनुराग सिंह अपने हमराह के साथ, चौकी पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल में जुटी है, स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य उपकेंद्र का मेन गेट तोड़ कर अज्ञात चोर सेंटर में रखें, फ्रिज, बैटरी, इन्वर्टर, जांच किट समेत अन्य सामान अपने साथ ले गए हैं,जब वह सुबह केंद्र पहुंचे तो उन्हें चोरी की घटना की जानकारी हुई, उन्होंने सजेती थाने पहुंच कर पुलिस को तहरीर देकर घटना की जानकारी दी जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल में जुटी है, सजेती थाना प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार भारती ने बताया कि सूचना मिली थी घटना की जांच पड़ताल की जा रही है, जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत मुसहर बस्ती में जागरूकता कार्यक्रम



**ढिढुई में बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता, ग्रामीणों ने लिया संकल्प**

**प्रतापगढ़।** तरुण चेतना एवं ए.एच.टी. थाना के संयुक्त तत्वावधान में तथा पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में पट्टी तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत ढिढुई स्थित मुसहर बस्ती में सरकार द्वारा संचालित बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बाल विवाह को लेकर समुदाय को जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ए.एच.टी. थाना के उप निरीक्षक राम चन्द्र राम गुप्ता ने कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है और इसमें संलिप्त पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। समाज की जिम्मेदारी है कि वह बाल विवाह जैसी कुरीति को रोकने में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करे। वहीं तरुण चेतना के सह निदेशक हकीम अंसारी ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय है।इस अवसर पर दीवान फिरोज सिद्दीकी, कांस्टेबल तौसीफ रज़ा, आलोक सिंह, प्रदीप कुमार, ग्राम ढिढुई के पूर्व प्रधान आजाद आल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने बाल विवाह न करने एवं रोकने का संकल्प लिया।

# विराम नहीं... सफलता की ओर एक नई शुरुआत - डॉ आशुतोष मिश्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर कानपुर नगर।** डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य,सुव्यवस्थित एवं भावनात्मक फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अवसर स्मृतियों, संस्कारों और सुनहरे भविष्य की कामनाओं से परिपूर्ण था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय में विद्यार्थियों के आगमन एवं हवन-पूजन के साथ हुआ। हवन में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य, सफलता और उत्तम चरित्र की कामना की गई। इसके पश्चात सभी विद्यार्थी एस्कॉर्ट शिक्षकों के साथ कम्युनिटी हॉल पहुँचे। कम्युनिटी हॉल में कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा स्नेहपूर्वक स्वागत किया गया। तिलक एवं वेलकम कार्ड के माध्यम से जूनियर्स ने सीनियर्स के प्रति सम्मान और अपनत्व व्यक्त किया। इसके बाद कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई।कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षणों में पीपीटी प्रस्तुति (क्लास11स्मृतियाँ), विषयवार इंटरैक्टिव सेगमेंट, मनमोहक नृत्य एवं गीत प्रस्तुतियाँ, गेम्स सेगमेंट, मिस्टर एंड मिस चयन तथा बैज वितरण समारोह शामिल थे।कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय, शिक्षकों और मित्रों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। शिक्षकों ने सामूहिक गीत गाकर विद्यार्थियों का खूब मनोरंजन किया ।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'डीएवी एनयूपीपीएल ने आपको केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों, अनुशासन और आत्मविश्वास से भी सुसज्जित किया है। आप जहाँ भी जाएँ, विद्यालय की गरिमा और संस्कारों को सदैव बनाए रखें। 'अंत में उपहार वितरण, धन्यवाद ज्ञापन, फोटो सत्र एवं लंच पैकेट वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह विदाई समारोह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के जीवन की एक अविस्मरणीय स्मृति बन गया—जहाँ आँखे नम थीं, पर सपने चमक रहे थे।

### दुकान पर महिला से मारपीट, घर जाते समय भी पीटा

**बचाने आये पुत्र को धमकाया, हमले के दौरान सोने की चैन गिरी**

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत वार्ड नं. 11 मोहल्ला सरफयाना में रहने वाली आशा लक्ष्यकार पत्नी सुरेश कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि एक फरवरी को पड़ौस में रहने वाले रजनीश पुत्र महेश लक्ष्यकार व अमन लक्ष्यकार पुत्र रजनीश उसकी दुकान पर गालियां देते हुये आये और उसके साथ मारपीट करने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। रात करीब 9 बजे जब वह अपनी दुकान से घर जा रही थी, तभी रास्ते में घर के पास रजनीश लक्ष्य कार व अमन लक्षकार ने एकराय होकर उसके घर के पास आकर गालियां दीं और डण्डा उठाकर उसके सिर पर हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आयीं हैं। पीड़िता ने बताया कि शोरगुल सुनकर उसका पुत्र घर से निकला तो उक्त लोगों ने उसके साथ भी मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। महिला ने अपनी व अपने परिवार की जानमाल को खतरा बताया है। यह भी आरोप है कि इस हमले के दौरान उसके पुत्र अमन के गले से एक सोने की चैन भी गिर गयी, जो कि नहीं मिली। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# पात्र परिवारों को योजनाओं से लाभान्वित कराएं - सीडीओ



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** सीडीओ डॉ. दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता मे विकास भवन सभागार मे मंगलवार को सीएम डैश बोर्ड एवं शासन की प्राथमिकता योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक मे मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को समस्त एसडीएम से समन्वय स्थापित कर गौशाला व चारागाह की भूमि से संबंधित मामलों का निस्तारण कराने तथा विभागीय योजनाओं मे लक्ष्यानुसार प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिला आपूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी को जीरो पावर्टी अभियान फेज दो के अंतर्गत चयनित परिवारों का सात दिवस के भीतर शत प्रतिशत सत्यापन कराते हुए पात्र परिवारों के योजना आवेदन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। इसी क्रम मे अधिशाषी अभियंता जल निगम डीपीआरओ डीपीओ एवं समस्त विभागीय अधिकारियों को जीरो पावर्टी अभियान अंतर्गत पात्र परिवारों को योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया।मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य को कुंडा तहसील क्षेत्र में तालाबों के पट्टे की नीलामी 15 फरवरी 26 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक मे पीडी डीआरडीए दयाराम यादव डीसी मनरेगा संतोष सिंह डीपीआरओ श्रीकांत दर्वे अधिशाषी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सुजीत कुमार रॉय बीएसए भूपेन्द्र सिंह समेत जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रभु राम के जन्म की कथा सुन भावविभोर हुए श्रोता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** जिले के भनवापुर क्षेत्र के बुढ़ऊ चौराहे पर आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के चौथे दिन सोमवार रात कथावाचिका कनकेश्वरी देवी ने भगवान श्रीराम जन्म के कारणों का अत्यंत भावपूर्ण एवं मार्मिक वर्णन किया। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, और भगवान राम के दिव्य अवतरण की कथा सुनकर भक्तजन भावविभोर हो उठे। कथावाचिका कनकेश्वरी देवी ने बताया कि जब धरती पर अधर्म, अन्याय और अत्याचार बढ़ने लगा तथा राक्षसों का आतंक चारों ओर फैल गया, तब देवताओं और ऋषि-मुनियों ने भगवान विष्णु से प्रार्थना की। रावण और उसके अत्याचारी सहयोगियों के अत्याचार से समस्त लोक पीड़ित हो गए थे। तब भगवान विष्णु ने धर्म की स्थापना और अधर्म के नाश के लिए त्रेता युग में अयोध्या नगरी में राजा दशरथ के यहां भगवान श्रीराम के रूप में अवतार लेने का संकल्प लिया।

उन्होंने बताया कि राजा दशरथ संतान प्राप्ति के लिए अत्यंत चिंतित थे। गुरु वशिष्ठ के मार्गदर्शन में उन्होंने पुत्रेष्ठि यज्ञ का आयोजन कराया। यज्ञ पूर्ण होने पर अग्निदेव ने दिव्य खीर प्रदान की, जिसे राजा दशरथ ने अपनी तीनों रानियों कौशल्या, कैकेयी और सुमित्रा को दिया। इसी दिव्य प्रसाद के प्रभाव से भगवान श्रीराम सहित चारों भाइयों का जन्म हुआ। भगवान श्रीराम का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ, जिसे आज रामनवमी के रूप में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। कनकेश्वरी देवी ने कहा कि भगवान श्रीराम का जन्म केवल रावण वध के लिए ही नहीं, बल्कि मानव समाज को आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देने के लिए हुआ था। श्रीराम ने अपने जीवन में सत्य, धर्म, मर्यादा, कर्तव्य और आदर्शों का पालन कर पूरे संसार को जीवन जीने की दिशा दिखाई। कथा के दौरान भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भगवान श्रीराम के जयकारों से पंडाल को गुंजायमान करते रहे। आयोजन समिति द्वारा कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर इन्द्रजीत उपाध्याय, अमित श्रीवास्तव, मस्तराम वर्मा, अखिलेश श्रीवास्तव, अन्नू त्रिपाठी,विजय उपाध्याय आदि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## 9 लोग हुए 6 माह के लिए जिला बदर घोषित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** जिलाधिकारी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 के तहत जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 9 लोगों को छह महीने के लिए जिले से बाहर जिला बदर कर दिया गया है। प्रशासन का साफ कहना है कि इन लोगों की वजह से इलाके में लगातार डर और अशांति का माहौल बन रहा था। प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक इन सभी लोगों के खिलाफ पहले से आपराधिक गतिविधियों से जुड़े रिकॉर्ड मौजूद हैं। कई बार समझाने और चेतावनी देने के बावजूद इनके व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया। ऐसे में शांति बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी को सख्त कार्रवाई करनी पड़ी। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के बिस्कोहर निवासी पंकज गुप्ता पुत्र झिनकू,सिद्धार्थनगर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर खुर्द निवासी रामकृपाल पुत्र स्व. जगरूपन,बॉसी थाना क्षेत्र के रमवापुर मिश्र निवासी अकबर अली पुत्र अकरम अली,खेसरहा थाना क्षेत्र के पुरनजोत निवासी सोनू पुत्र डेबा,इटवा थाना क्षेत्र के बरगदवा निवासी छोटू उर्फ गोपाल पुत्र जोगा यादव, डुमरियागंज थाना क्षेत्र के जबजौवा निवासी हमीदुल्लाह पुत्र कल्लू,भवानीगंज थाना क्षेत्र के चकचई निवासी मनोज कुमार वर्मा पुत्र बेचनराम वर्मा,इटवा थाना क्षेत्र के खानकोट सेमरी निवासी अर्जुन यादव उर्फ प्रमोद कुमार यादव पुत्र ओम प्रकाश यादव उर्फ तहसीलदार यादव,पथरा बाजार थाना क्षेत्र के तुर्कोलिया तिवारी निवासी समीर उर्फ ऐश मोहम्मद पुत्र दोस मोहम्मद इन सभी को छह महीने तक सिद्धार्थनगर जिले की सीमा से बाहर रहने का आदेश दिया गया है।जिलाधिकारी ने पुलिस को साफ निर्देश दिए हैं कि जिला बदर किए गए सभी लोगों पर कड़ी नजर रखी जाए। अगर आदेश की अवधि में कोई भी व्यक्ति जिले की सीमा में पाया गया, तो उसके खिलाफ तुरंत सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

### लिप्टिस का पेड़ काटने से मना करने पर मारपीट

**ललितपुर।** कल्यानपुरा गांव के मजरा ढंगा में रहने वाले दयाराम पुत्र मानसिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसके घर के पास लिप्टिस का पेड़ लगाहुआ है। 31 जनवरी को 10 बजे गांव के वीरेन्द्र पुत्र हीरालाल, रामसिंह व सुनील पुत्रगण वीरन उक्त पेड़ को काटने लगे, जब उसने पेड़ काटने का विरोध किया तो उक्त लोगों ने गालियां दीं और मारपीट कर दी। शोरगुल होने पर बचाने आयी पत्नी रामदेवी बचाने आयी तो उक्त रामसिंह की पत्नी विनीता भी मौके पर आ पहुंची, जिसने पत्नी के सिर में पत्थर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। ससुर जब बचाने आये तो उक्त लोगों ने उसके साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### हादसों पर अंकुश के लगाने के लिये एडीएम ने जारी किए सख्त सुरक्षा निर्देश

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति ने जनपद में बढ़ती दुर्घटनाओं और जनहानि को रोकने के उद्देश्य से जनसुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने तहसील स्तर पर संचालित सभी सरकारी एवं निजी निर्माण स्थलों पर विधिवत बैरिकेडिंग, रिफ्लेक्टिव चेतावनी बोर्ड तथा समुचित सुरक्षा संसाधनों की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जिले के समस्त तालाबों, पोखरों एवं जलाशयों के पास चेतावनी बोर्ड लगाए जाने तथा मिट्टी खनन के उपरांत समतलीकरण कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने को कहा गया है, ताकि वर्षा ऋतु में डूबने से होने वाली घटनाओं को रोका जा सके। एडीएम ने उपयोग में आने वाले कुओं को ढकने, निष्प्रयोज्य कुओं को स्थायी रूप से बंद कराने एवं नालों को सुरक्षित ढकने के निर्देश भी दिए हैं। सभी संबंधित विभागों व कार्यदायी संस्थाओं को एक सप्ताह के भीतर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनसुरक्षा से जुड़े इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सेन में मजदूर का शव संदिग्ध हालत में मिला, हत्या की आंशका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर।** घाटमपुर सर्किल क्षेत्र के सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के सेन में एक मजदूर का शव मैदान में संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला हैं, सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम ने पहुंच कर साक्ष्य जुटाए, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैं, परिजनों ने पुलिस से मज़दूर की हत्या की आंशका जताई है, पुलिस घटना की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है, घाटमपुर थाना क्षेत्र के रामसारी गांव निवासी 45 वर्षीय मोहर अली पुत्र मासूम अली प्रतिदिन की तरह सोमवार सुबह मजदूरी करने के लिए घर से निकले थे,देर रात तक घर वापस नहीं लौटे,तब परिजनों के फोन पर एक आटो चालक का फोन आया कि यह बेहोशी की हालत में है, इन्हें रमईपुर चौराहे पर आने को कहा है ,जिस पर तत्काल रमईपुर चौराहे पहुंचे, उसके बाद मोहर अली को फ़ोन लगाते रहे लेकिन उनका फोन नहीं लगा,जिस पर परिजन सेन पश्चिम पारा थाने पहुंच कर पुलिस को घटना की सूचना दी, पुलिस रमईपुर चौराहा बिधनू थाना क्षेत्र अंतर्गत आने की जानकारी दी,परिजन बिधनू थाने पहुंचे, मामले की जानकारी दी, तो बिधनू पुलिस ने घाटमपुर थाने की बात कह कर घाटमपुर भेज दिया, परिवार वाले देर रात तक तीनों थाने में चक्कर लगाते रहे, लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकला, मंगलवार सुबह मजदूर का शव सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र अंतर्गत न्योरी गांव के पास स्थित कैटल कालोनी के पास मजदूर का शव पड़ा मिला, मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुलाकर घटना स्थल की जांच पड़ताल शुरू कर दी, जांच करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, मौके पर पहुंचे मजदूर के भाई उमराव अली समेत परिजनों ने पुलिस से मज़दूर की हत्या कर शव फेंके जाने की आंशका जताई है, सेन पश्चिम पारा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मजदूर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के बर्डपुर ब्लॉक संसाधन केन्द्र के सभागार में मंगलवार को दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रशिक्षक विनोद कुमार मिश्र, सतीश चंद्र, एवं पूर्णिमा पाण्डेय के नेतृत्व में शुरू हुआ। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा करुणापति त्रिपाठी ने प्रशिक्षण के उद्घाटन के अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालयों में दिव्यांग बच्चों के समतापूर्ण समावेशी शिक्षा के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण अत्यन्त ही महत्वपूर्ण है। इसलिए यह प्रशिक्षण को पूरे मनोयोग से हासिल करें। प्रशिक्षक के तौर पर काफी अनुभवी स्पेशल एजुकेटर हैं। मॉड्यूल और स्टेशनरी दिया जा रहा है। समय-समय पर जिलास्तरीय अधिकारी प्रशिक्षण का अनुश्रवण करेंगे, इसलिए सभी शिक्षकों को पूरे समय तक प्रशिक्षण में उपस्थित अवश्य रहें। इस दौरान पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने कहा कि दिव्यांग बच्चों का ख्याल और उनकी शिक्षा हम सब एक पुनीत कार्य समझ कर करें। और स्पेशल एजुकेटर का समय समय पर सहयोग लेकर उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा में यथा सम्भव अवश्य शामिल करें। प्रशिक्षण में क्षेत्र के कुल 60 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के दौरान ब्लॉक समन्वयक गुणवत्ता आशीष सिंह, संगीता सोनी, अनीता सिंह, बैतुल्लाह, इश्तियाक अहमद, अभिनव श्रीवास्तव, कामिनी गुप्ता, रश्मि वर्मा, अभिनव मालवीय, ममता गुप्ता, अभिमन्यु गुप्ता सहित सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहें।

### जखौरा थाना पुलिस ने पकड़े तीन वारंटी




**ललितपुर।** एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह, सीओ सदर सुनील भारद्वाज के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान में थाना जखौरा पुलिस ने ग्राम गुरसौरा निवासी जगदीश व पुष्पेंद्र लोधी पुत्रगण हल्के लोधी एवं सीताराम पुत्र जाहर सिंह को धारा 323, 504, 506 आईपीसी में हिरासत में लिया है। वांछितों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार बैस, उ.नि.राय सिंह, हे.का.अरविन्द कुमार, का.उदय प्रताप सिंह, हे.का.चा.राम प्रकाश शामिल रहे।

# जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह द्वारा पिछली बैठक की कार्यवृत्ति की समीक्षा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि जिनका एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किये गये है उनसे सम्पर्क करके उनकी समस्याओं का समाधान करायें तथा ज्यादा से ज्यादा निवेश करने के लिए प्रेरित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को उसके निस्तारण के लिए निर्देश दिया गया। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सिद्धार्थनगर को साफ-सफाई व्यवस्था व कूड़ा निस्तारण ठीक कराने का निर्देश दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को रोजगार सृजन योजना के लिए शासन से प्राप्त लक्ष्य को पूर्ण करने तथा कैंप लगाकर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, सीएम युवा आदि के लाभार्थियों के आवेदन को अधिक से अधिक कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि व्यापारियों की समस्याओं को सम्बंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर निस्तारण करायें। व्यापारियों का कोई भी प्रकरण लम्बित न रहे। निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरण का संबधित विभाग को समय से निस्तारित कराने का निर्देश दिया गया। उद्यामियों द्वारा जो भी प्रोजेक्ट लिया जाता है उसकी सब्सिडी समय से उसके बैंक खाते में प्रेषित करायें। पशुपालन विभाग, एमएसएमई, उद्यान विभाग, पर्यटन विभाग, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद आदि के संबध में व्यापारियों की समस्याओ को सुनकर उसके शीघ्र निस्तारण के संबधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस बैठक में उपायुक्त उद्योग उदय प्रकाश, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा, लीड बैक अधिकारी आर के सिन्हा, अधिशासी अभियन्ता विद्युत ज्ञान प्रकाश, उप कृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत व अन्य सम्बंधित अधिकारी तथा व्यापारियों आदि की उपस्थित रही।

## सड़क सुरक्षा में कमी लाने के लिए ओवर स्पीड वाहनों पर हो रही कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (एनएच-34) पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 08 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 03 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। आज प्रवर्तनात्मक कार्यवाही के तहत 51 ट्रक, 9 बस, 129 चार पहिया / दो पहिया कुल 189 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया । गंगा बैराज पर कुल 71 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर ने आमजनमानस से अपील है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें- रॉन्ग साइड वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करें । सड़क पर गति सीमा को निर्धारित रखें। ओवरटेक हमेशा दाहिनें से करें । यातायात के संकेतो का पालन अवश्य करें। शराब पीकर वाहन न चलायें । नियमों का पालन न केवल आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि दूसरों की जान की हिफाजत भी करता है।

### छेडख़ानी के दो अभियुक्तों को एक-एक वर्ष का कारावास

**04-04 हजार रूपये के अर्थदण्ड से कराया गया दण्डित**

**ललितपुर।** डीजीपी लखनऊ के निर्देशन, एसपी ललितपुर मो.मुश्ताक द्वारा जिले में चिह्नित अभियोगों में अपराधियों को शीघ्र अधिक से अधिक सजा दिलाये जाने के लिए प्रभावी पैरवी करने का प्रत्येक थाना प्रभारी व पैरोकारों को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में महरौनी के ग्राम करौंदा निवासी शोभा पुत्र खुमान अहिरवार व मूसा पुत्र याकूब के खिलाफ दर्ज एफआईआर धारा 452 व 354 आईपीसी के तहत डेडीकेटिड टीम गठित कर वैज्ञानिक व तथ्य परख साक्ष्यों के आधार पर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विवेचना संपादित कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। एसपी के निर्देशन में प्रभावी निरंतर पैरवी होने से महरौनी पुलिस, कोर्ट पैरोकार व अभियोजन पक्ष द्वारा अथक प्रयास व प्रभावी पैरवी करते हुये 3 फरवरी को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महरौनी ने दोनों को दोषी पाते हुये एक-एक वर्ष के कारावास व 4-4 हजार रुपये की धनराशि से दण्डित किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### चिचिबरगांव में स्थित बिटुमेन प्लांट में लगी भीषण आग

जलकर राख में तब्दील प्लांट।
सरकार से लगाई मदद की गुहार।



**सिलापथार।** सोमवार रात चिचिबरगांव के पास पुकिया तिनाली के पास अलकतारा प्रोजेक्ट में बिजली में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। आग तब लगी जब बिटुमेन प्लांट में काम चल रहा था। आग टार और तेल के टैंकों में लगी और आग पूरे इलाके में फैल गई। संपूर्ण इलाके में बहुत काला धुवाओं में छा गई । सिलापथार से आए दो अग्निशामन गाड़ी के मदद से आग बुझाई लेकिन प्लांट पूरी तरह से जल गया। प्लांट के मालिक प्रशांत शाइकिया ने बताया कि आग से प्लांट को 18 लाख रुपये से ज़्यादा का नुकसान हुआ है। यह प्लांट दो भाइयों, प्रशांत शाइकिया और इंडियन आर्मी के जवान जितेंद्र शाइकिया ने चार महीने पहले खरीदा था। अचानक लगी आग में प्लांट जलकर खाक हो गया और दोनों भाई बहुत मुश्किल में हैं। दोनों भाइयों ने सरकार से प्लांट को फिर से बनाने में मदद करने की अपील की है।

### अनपरा अज्ञात वाहन की टक्कर से 10 वर्षीय मासूम की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर लगाया जाम

**अनपरा (सोनभद्र)।** औद्योगिक क्षेत्र अनपरा में मंगलवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 10 वर्षीय बालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार होने में सफल रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान टोनी (10 वर्ष) पुत्र बबलू साहनी, निवासी ग्राम सिदहवा के रूप में हुई है। घटना मंगलवार सुबह करीब 10:15 बजे की है। मासूम टोनी सड़क किनारे था, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टोनी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की खबर मिलते ही ग्रामीण और स्थानीय रहवासी आक्रोशित हो उठे। पुलिस और प्रशासन की कार्यप्रणाली के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ग्रामीणों ने बालक के शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया। सड़क जाम होने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। ग्रामीणों की मांग थी कि आरोपी चालक की तत्काल गिरफ्तारी हो और पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाए। सूचना मिलते ही अनपरा पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची। आक्रोशित भीड़ को समझाने और जाम खुलवाने में पुलिस को करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और उचित कानूनी कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार वाहन की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### नोएडा में साइबर ठगों ने पूर्व ह्रूट को बनाया शिकार, चालान का मैसेज भेजकर ठगे 1.91 लाख रुपये

**नोएडा।** नोएडा में साइबर ठगों ने सेक्टर-15ए में रहने वाले पूर्व आईएएस को चालान का मैसेज भेजकर 1.91 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि ठग उनसे जून 2022 में भी बिजली बिल बकाया होने के नाम पर 99 हजार रुपये की ठगी कर चुके हैं। नोएडा सेक्टर-15ए में रहने वाले जगमोहन लाल बजाज सेवानिवृत्त आईएएस हैं। पीड़ित पूर्व आईएएस के अनुसार, उनके मोबाइल पर 29 दिसंबर को अनजान नंबर से एक मैसेज आया। उसमें निर्धारित गति से वाहन चलाने पर चालान काटे जाने संबंधी जानकारी थी। अतिरिक्त जुर्माने से बचने के लिए तत्काल भुगतान करने की चेतावनी दी हुई थी। उन्होंने मैसेज को नजरअंदाज कर दिया, लेकिन पांच जनवरी को परिवहन मंत्रालय अलर्ट के नाम से एक और मैसेज प्राप्त हुआ। उन्होंने मैसेज को वास्तविक समझते हुए ऑनलाइन ही प्रक्रिया पूरी करने लगे। ठगों ने कार नंबर की जानकारी लेते हुए फार्म भरवाया।

# ट्रंप के आगे खामनेई का सरेंडर! न्यूक्लियर प्रोग्राम रोकने पर ग्रीन सिग्नल?US से डील के लिए तेहरान ने बदला अपना रुख

● अधिकारियों ने न्यूयॉर्क टाइम्स (एनवाईटी) को बताया कि ट्रंप द्वारा हमले की धमकियों के मद्देनजर अमेरिका के साथ तनाव कम करने के लिए तेहरान अपने मौजूदा रुख से पीछे हटने को तैयार है।

हालांकि, उन्होंने कहा कि पिछले साल अमेरिका द्वारा इजरायल के साथ 12 दिनों के युद्ध और वाशिंगटन द्वारा उसके परमाणु संयंत्रों पर हमले से पहले पेश किया गया वैकल्पिक प्रस्ताव कहीं अधिक व्यवहार्य विकल्प होगा। इस प्रस्ताव के अनुसार, परमाणु ऊर्जा का उपयोग करके बिजली उत्पादन के लिए एक संघ बनाया जाएगा, जिसमें यूरेनियम संवर्धन ईरान के बाहर किया जाएगा।



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

ईरान और अमेरिका के बीच तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत के लिए सहमति की खबरों के बीच, ईरानी अधिकारियों का कहना है कि दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के लिए तेहरान अपना परमाणु कार्यक्रम निलंबित या बंद कर सकता है। यह वाशिंगटन के साथ किसी भी समझौते में यूरेनियम संवर्धन को रोकने से इनकार करने के ईरान के निरंतर रुख के बिल्कुल विपरीत है। अधिकारियों ने न्यूयॉर्क टाइम्स (एनवाईटी) को बताया कि ट्रंप द्वारा हमले की धमकियों के मद्देनजर अमेरिका के साथ तनाव कम करने के लिए तेहरान अपने मौजूदा रुख से पीछे हटने को तैयार है। हालांकि, उन्होंने कहा कि पिछले साल अमेरिका द्वारा इजरायल के साथ 12 दिनों के युद्ध और वाशिंगटन द्वारा उसके परमाणु संयंत्रों पर हमले से पहले पेश किया गया वैकल्पिक प्रस्ताव कहीं अधिक व्यवहार्य विकल्प होगा। इस प्रस्ताव के अनुसार, परमाणु ऊर्जा का उपयोग करके बिजली उत्पादन के लिए एक संघ बनाया जाएगा, जिसमें यूरेनियम संवर्धन ईरान के बाहर किया जाएगा।

बीते कुछ हफ्तों से वह ईरानी जनता को चेतावनी दे रहे थे कि देश में हालात उनके नियंत्रण से बाहर हो चुके हैं। यह बयान इस बात का भी संकेत देता है कि उन्हें अमेरिका के साथ बातचीत के लिए ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खोमेनेई का समर्थन मिला है, जिन्होंने पहले ऐसे किसी भी संवाद को खारिज कर दिया था। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि ईरान और अमेरिका किसी समझौते तक पहुंच पाएंगे या नहीं, खासकर इसलिए क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बातचीत की किसी भी प्रक्रिया में ईरान के परमाणु कार्यक्रम को अपनी प्रमुख मांगों में शामिल कर रखा है।

ट्रंप ने जून में इजराइल द्वारा शुरू किए गए 12 दिवसीय युद्ध के दौरान ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर बमबारी के आदेश दिए थे। पेजेशकियान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अंग्रेजी और फ़ारसी में लिखा कि यह फैसला ''क्षेत्र के मित्र देशों की ओर से अमेरिका के राष्ट्रपति के बातचीत के प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने के अनुरोध'' पर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मैंने अपने विदेश मंत्री को निर्देश दिया है कि यदि उपयुक्त माहौल हो यानी धमकियों और अनुचित अपेक्षाओं से मुक्त वातावरण, तो वह गरिमा, विवेक और दूरदर्शिता के सिद्धांतों के अनुरूप तर्कसंगत और न्यायसंगत बातचीत को आगे बढ़ाएं।' अमेरिका ने अभी यह स्वीकार नहीं किया है कि इस तरह की कोई बातचीत होने जा रही है।

## 10 फरवरी से शुरू होगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान, घर-घर खिलाई जाएगी ट्रिपल ड्रग थेरेपी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बलिया।** जनपद को फाइलेरिया मुक्त बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 10 फरवरी से 28 फरवरी तक ट्रिपल ड्रग थेरेपी (आईडीए) अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान पात्र लोगों को आइवर्मेक्टिन, डीईसी और अल्बेंडाजॉल दवाएं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर अपने सामने खिलाई जाएंगी। अभियान की तैयारियों को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की दूसरी बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने फाइलेरिया उन्मूलन को अत्यंत महत्वपूर्ण जनस्वास्थ्य अभियान बताते हुए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध कार्ययोजना पर काम करने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि अभियान की सफलता के लिए जनजागरूकता बेहद आवश्यक है। उन्होंने स्कूलों और कॉलेजों में प्रार्थना सभाओं के माध्यम से बच्चों को जागरूक करने, ग्राम प्रधानों और कोटेदारों से जागरूकता गतिविधियां संचालित कराने तथा अभियान के दिन समुदाय के समक्ष स्वयं दवा सेवन कर उदाहरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय यादव ने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर लेकिन रोकी जा सकने वाली बीमारी है, जिसके लक्षण 5 से 15 वर्षों बाद सामने आते हैं। यह मच्छरों के काटने से फैलती है और हाथ, पैर, स्तन व अंडकोष में सूजन जैसी समस्याएं उत्पन्न कर व्यक्ति को दिव्यांग बना सकती है। उन्होंने कहा कि इससे बचाव के लिए वर्ष में एक बार दवा का सेवन अनिवार्य है।

वेक्टर जनित रोगों के नोडल अधिकारी डॉ. अभिषेक मिश्रा ने बताया कि आईडीए अभियान के तहत एक वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी को दवा खिलाई जाएगी। किसी भी स्थिति में दवा का वितरण नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलने वाला संक्रामक रोग है, जिसे आम भाषा में हाथीपांव कहा जाता है।

जिला मलेरिया अधिकारी राजीव त्रिपाठी ने जानकारी दी कि जनपद में अब तक फाइलेरिया के 4264 मरीज चिन्हित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत दी जाने वाली दवाएं पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी हैं। दवा सेवन के बाद चक्कर आना, उल्टी या खुजली जैसे हल्के दुष्प्रभाव इस बात का संकेत हो सकते हैं कि शरीर में मौजूद कीटाणु नष्ट हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगातार पांच वर्षों तक वर्ष में एक बार दवा सेवन करने से फाइलेरिया संक्रमण से पूरी तरह बचाव संभव है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ पंचायती राज, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, अल्पसंख्यक कल्याण, आपूर्ति विभाग के अधिकारी तथा डब्ल्यूएचओ, पाथ, पीसीआई और सीफार संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## महिला अधिवक्ता से मारपीट पर भड़के दुद्धी के वकील, लोढ़ी टोल प्लाजा पर कार्रवाई की उठी मांग

● दो टोल प्लाजा के संचालन को बताया नियमों के विरुद्ध, बार एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन




**दुद्धी (सोनभद्र)।** लोढ़ी टोल प्लाजा पर एक महिला अधिवक्ता के साथ टोल कर्मियों द्वारा कथित तौर पर की गई मारपीट और अभद्रता की घटना ने तूल पकड़ लिया है। इस मामले को लेकर दुद्धी के अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। बुधवार को सिविल बार एसोसिएशन और दुद्धी बार एसोसिएशन के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने सोनभद्र बार एसोसिएशन के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ताओं ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे पूरे अधिवक्ता समाज के सम्मान से जुड़ा विषय बताया। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि लोढ़ी टोल प्लाजा पर तैनात कर्मचारी न केवल आम जनता के साथ दुर्व्यवहार करते हैं, बल्कि आए दिन मनमानी वसूली की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। अधिवक्ताओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोषी कर्मियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए। सौंपे गए ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने एक गंभीर तकनीकी मुद्दा भी उठाया। उनका कहना है कि बहुत कम दूरी के भीतर दो टोल प्लाजा का संचालन किया जा रहा है, जो सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मानकों और नियमों के पूरी तरह विपरीत है। अधिवक्ताओं ने इन अवैध टोल प्लाजा को तत्काल बंद कराने की मांग उठाई है ताकि जनता को इस अनावश्यक आर्थिक बोझ और कर्मियों की बदसलूकी से निजात मिल सके। प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान युवा अधिवक्ताओं ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर मुख्य रूप से रजनीश कुमार, अभिनव जयसवाल, आदर्श जायसवाल, कार्तिक यादव, मनोज यादव, आशुतोष मिश्रा सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जिला प्रशासन और पुलिस ने जल्द ही ठोस कार्रवाई नहीं की, तो अधिवक्ता समाज व्यापक आंदोलन के लिए विवश होगा।

### चेक बाउंस केस में बढ़ीं एक्टर राजपाल यादव की मुश्किलें, दिल्ली HC ने सरेंडर का दिया आदेश

» दिल्ली हाई कोर्ट ने अभिनेता राजपाल यादव को लगाई फटकार।

» चेक बाउंस मामलों में आत्मसमर्पण का दिया निर्देश।

» समझौते की रकम भुगतान से बार-बार मुकरे थे अभिनेता।

नई दिल्ली। चेक बाउंस के मामलों में समझौता की रकम के भुगतान के संबंध में अदालत के समक्ष दिए गए बयान से बार-बार मुकरने से नाराज दिल्ली हाई कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाते हुए बालीवुड अभिनेता राजपाल यादव को जेल अधीक्षक के सामने आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने कहा कि अभिनेता का बर्ताव निंदनीय है। पीठ ने रिकार्ड पर लिया कि अदालत द्वारा कई मौके और काफी नरमी दिखाने के बावजूद राजपाल यादव ने शिकायतकर्ता कंपनी मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को किए गए पेमेंट के वादों को पूरा नहीं किया। सोमवार को सुनाए गए निर्णय की प्रति मंगलवार को उपलब्ध हुई।

### विधायक विषेश रवि ने क्षेत्र में 39 नई एलेडी लाइटों का उद्घाटन किया किशनगंज आजाद मार्केट रौशनी से गुलजार




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

बादल हुसैन

**नई दिल्ली,** दिल्ली में उर्जा बचत और बेहतर रोशनी के लिए बड़े पैमाने पर एलेडी लाइटें लगाई जा रही है।आम आदमी पार्टी के विधायक विषेश रवि ने 39 नई एलेडी लाइटों का उद्घाटन किया। जिससे सदियों से अंधेरे में डूबा मुख्य मार्ग अब दूधिया रोशनी से गुलजार हो गया है,इस पहल से विधानसभा क्षेत्र में गौशाला रोड,मानक पुरा,डोरी वाला, रत्न नगर, एवं गौशाला रोड से किशनगंज फाटक की ओर आजाद मार्केट चौक मार्ग पर लाखों निवासियों, राहगीरों और रात्रियो को सुरक्षा व बेहतर सुविधा मिलेगी।इस अवसर पर विधायक विषेश रवि ने बताया कि इस प्रकाश से असामाजिक गतिविधियों पर भी अंकुश लगेगा, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा और भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित होगा। यह पहल नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखकर की गई है। उन्होंने बताया कि इस स्थान पर लंबे समय से बेहतर प्रकाश व्यवस्था की महसूस की जा रही थी । लेकिन अब अंधेरों को उजाला में परिवर्तन कर दिया है। विधायक के इस पहल से स्थानीय लोगों ने सराहना की। इस मौके पर जन प्रतिनिधि विभागीय अधिकारी स्थानीय निवासी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## असम के उत्तर करीमगंज में अल्पसंख्यक मतदाताओं के मजबूत जनसमर्थन के साथ महिला उम्मीदवार के रूप में मुन्नी छेत्री आगे बढ़ रही हैं

● विपक्षी दल नहीं चाहता कि मुनन्नी छेत्री उत्तर करिमगंज में बीजेपी पार्टी का टिकट पाए।







**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीभूमि** उल्लेखनीय है कि 2026 के चुनाव जैसे-जैसे नज़दीक आ रहे हैं, पूरा राज्य के साथ तालमेल बनाते हुए बराक घाटी में भी राजनीतिक उत्साह बढ़ रहा है। विपक्षी दल के साथ-साथ शासक दल के नेताओं की ओर से भी विभिन्न जगहों पर जनसंपर्क जारी है। राज्य के मुख्यमंत्री के एक के बाद एक कठोर भाषणों में, अल्पसंख्यक मुस्लिम मतदाताओं की अधिकता वाले केंद्रों में शासक दल के नामचीन नेता संकट में हैं। जिसमें उत्तर करिमगंज सीट को लेकर भी शासक और विपक्षी दल के नेताओं में काफी हलचल है। एक ओर विपक्षी दल कांग्रेस/द्वष्ठस्न में पिछले दिनों वोट देकर पीड़ित जनता नए चेहरे की तलाश कर रही है, ठीक दूसरी ओर शासक दल के स्थानीय नेताओं की उदासीनता से जर्जर अल्पसंख्यक मुस्लिम मतदाता भी चाहते हैं कि शासक दल से ऐसा भरोसेमंद व्यक्तित्व आये जो युवा पीढ़ी से हो और जिसमें दोनों प्रकार की क्षमताएं हों। समुदाय के प्रति स्वीकार्यता और जिम्मेदारी हों। इस मामले में स्थानीय नेताओं को काफी गति प्राप्त करनी पड़ रही है। क्योंकि कई ऐसे लोग हैं पुराने व्यक्तित्व जिनकी मानसिकता और काम में युवाओं की सक्रियता का प्रभाव नहीं है, वहीं कई ऐसे हैं जो उम्र में युवा और नए चेहरा हैं लेकिन समुदाय के दोनों पक्षों के मतदाताओं में स्वीकार्यता नहीं रखते। फिर कई ऐसे हैं कि पहले विभिन्न राजनीतिक जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल में कार्य करने पर जनता संतुष्ट नहीं थी, इसलिए उन्हें दूसरा या तीसरा अवसर देने के लिए मतदाता नाराज हैं। लेकिन इन सभी राजनीतिक उथल-पुथल के बीच लंबे समय से समाज सेवा में लगे समाजसेवी मुन्नी चेत्री को एक महिला टिकट प्रत्याशी के रूप में संभावनाशील माना जा रहा है और हिंदू-मुस्लिम दोनों समुदायों में से यह नाम चुनावी परिदृश्य में उभर रहा है। पूरे बराक घाटी में समाजसेवी मुन्नी चेत्री अब तक राजनीतिक क्षेत्र में आम जनता की पहली पसंद के रूप में हैं, जिन्हें भाजपा पार्टी या निर्दलीय रूप में हिंदू-मुस्लिम दोनों समुदायों के लोग भारी मत देने के लिए उत्साहित होते देख रहे हैं। यहां तक कि मुन्नी चेत्री के जनसमर्थन में पार्टी के नीतिगत निर्देशों की अनदेखी भी कर कई कांग्रेस के मतदाताओं ने भी खुलकर कहा कि अगर मुन्नी छेत्री को बीजेपी का टिकट मिलता है तो हमें बीजेपी को भी वोट देना पड़ेगा ताकि मुन्नी छेत्री के आदर्श और समाज सेवा के प्रति उनकी जिम्मेदारी का सम्मान किया जा सके। दूसरी ओर, विशेष सूत्रों की खबर है कि विपक्षी दल भी नहीं चाहता कि दोनों समुदायों में स्वीकृति रखने वाले समाज कार्यकर्ता मुन्नी छेत्री को बीजेपी से टिकट मिले। क्योंकि लंबे समय से की जा रही समाज सेवा के माध्यम से उन्हें अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय में विशेष स्वीकृति और प्रभाव प्राप्त है। अब देखने वाली बात है कि उत्तर करीमगंज से हाईकमान किस पर मेहरबान होता है और टिकट किसे मिलता है।

## राज्यसभा में कांग्रेसने सरकार पर लगाया कथनी और करनी में अंतर का आरोप, पूछा- कौन सा वादा पूरा किया गया?

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज** राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर पेश किए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा ले रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि 2014 में नरेन्द्र मोदी सरकार ने 'सबका साथ सबका विकास' कहा, 2019 में इसमें 'सबका विश्वास' विश्वास जोड़ दिया और अब इसमें 'सबका प्रयास' जोड़ा गया है। उन्होंने कहा ''मैं जानना चाहता हूं कि क्या सबका साथ, सबका विकास में मुस्लिम, इसाई, दलित, आदिवासी शामिल हैं? आप जो कह रहे हैं, उससे आपकी नीतियां बिल्कुल अलग हैं।'' दिग्विजय सिंह ने दावा किया कि न प्रधानमंत्री को सबका साथ मिला, न उन्होंने सबका विकास किया। उन्होंने सवाल किया ''देश में सामाजिक सौहार्द की जरूरत है लेकिन सामाजिक सौहार्द कहां है? क्या सबको साथ में लेकर चला जा रहा है? धर्म देख कर बुलडोजर से घर गिराया जा रहा है। दोषी का कसूर होता है, लेकिन उसके परिवार का क्या कसूर होता है?'' उन्होंने सोनम वांगचुक का नाम लिए बिना उनके मामले का जिक्र किया और कहा कि क्या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता आज है क्योंकि आवाज उठाने पर सजा मिलती है।

दिग्विजय सिंह ने कहा कि चीन के साथ भारत के सैन्य तनाव का जो विषय कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दूसरे सदन में उठाने का प्रयास किया था, प्रधानमंत्री को उसका जवाब देना चाहिए। देश में आर्थिक असमानता बढ़ने का दावा करते हुए सिंह ने कहा कि भारत में दस व्यक्ति 58 फीसदी संपत्ति पर हक रखते हैं और यह वाक्य ही अपने आप में बहुत कुछ कहता है। उन्होंने कहा कि कारपोरेट जगत के लोग जितना कर देते हैं, उससे कहीं अधिक कर आम आदमी भर रहा है, लेकिन फायदा आम आदमी को नहीं बल्कि कारपोरेट जगत के लोगों को हो रहा है।

दिग्विजय सिंह ने कहा कि आज अनुसूचित जाति जनजाति के लोग परेशान हैं, उनकी रिक्तियां लंबित हैं, उन्हें भरा नहीं गया है। ''संवैधानिक अधिकारों को कम किया जा रहा है लेकिन हमारे मूलभूत अधिकारों को हल्का नहीं करना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि काला धन वापस लाने, नकली नोटों का चलन बंद होने, आतंकवाद समाप्त होने के वादे धरे रह गए। उन्होंने पूछा कि रोजगार कहां हैं, रोजगार लगातार घट रहे हैं और बेरोजगारी बढ़ रही है। ''भ्रष्टाचार खत्म करने का वादा भी केवल वादा ही रहा। किसानों की आमदनी बढ़ाने का वादा था, आमदनी नहीं बढ़ी। किसानों के एमएसपी की गारंटी का वादा भी अधूरा है। सत्ता पक्ष बताए कि क्या सरकार ने अपना एक भी वादा पूरा किया है, अगर किया है तो वह कौन सा वादा है?''

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि देश के लोकतंत्र पर खतरा है क्योंकि आजादी के बाद देश में जो सौहार्दपूर्ण माहौल बनाया गया था वह धीरे धीरे खत्म किया जा रहा है और कट्टरपंथी ताकतें धीरे धीरे हावी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि कारपोरेट जगत जहां फलफूल रहा है वहीं गांवों में मजदूरों की मजदूरी ही नहीं बढ़ पाई। यहां तक कि मनरेगा में उनके लिए राहत थी जो आज खत्म कर दी गई है।

## THAR ड्राइवर ने फुटपाथ पर खड़ी कार-बाइक को रौंदा, ग्रेटर नोएडा में टला बड़ा हादसा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** शीशे पर काली फिल्म चढ़ाए नशे में थार के चालक ने सड़क किनारे फुटपाथ पर कार और उसके पीछे खड़ी बाइक में टक्कर मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया। गनीमत रही की कार और बाइक पर कोई सवार नहीं था, इससे बड़ा हादसा टल गया। घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर थार वाहन कब्जे में लेकर सीज की है।

घटना बीटा दो कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर अल्फा वन की है। ई-238 निवासी शिवम मिश्र के मकान के सामने रोड की दूसरी तरफ फुटपाथ है। फुटपाथ पर उन्होंने अपनी कार और उसके पीछे बाइक खड़ी की थी। सोमवार दोपहर करीब 1.40 बजे तेज रफ्तार कार चालक ने कार में टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर से कार पीछे खड़ी बाइक से टकरा गई। इससे उनके दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद आरोपी थार चालक वाहन समेत मौके से भाग निकला। शिवम ने बताया कि कुछ देर पहले ही वह गाड़ी से निकल कर घर पहुंचे थे। यदि गाड़ी में होते तो हादसे का शिकार होने की आशंका थी। बताया कि चालक नशे में था। उसने कार के शीशे पर प्रतिबंधित काली फिल्म चढ़ा रखी थी। गाड़ी नंबर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया घटना स्थल की जांच कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले थे। आरोपी की पहचान युवराज निवासी ग्राम सपनावत, जनपद हापुड़ के रूप में हुई। आरोपी को गिरफ्तार कर थार वाहन भी कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## राबर्ट्सगंज नैनो उर्वरकों के प्रयोग से बढ़ेगी पैदावार और घटेगी लागत, कृषि कार्यशाला में विशेषज्ञों ने दिए टिप्स

● विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रगतिशील किसानों को किया गया सम्मानित

**राबर्ट्सगंज (सोनभद्र)।** खेती-किसानी में आधुनिक तकनीक और उन्नत उर्वरकों के महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से मंगलवार को राबर्ट्सगंज ब्लॉक सभागार में एक दिवसीय कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। विश्व आर्द्रभूमि दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यशाला में कृषि विशेषज्ञों ने नैनो यूरिया और नैनो डीएपी जैसी क्रांतिकारी तकनीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इफको (IFFCO) मुख्यालय के क्षेत्रीय प्रबंधक अक्षय कुमार पाण्डेय ने बताया कि नैनो यूरिया और नैनो डीएपी न केवल फसल की गुणवत्ता बढ़ाते हैं, बल्कि ये पर्यावरण के अनुकूल भी हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में इनकी कम मात्रा अधिक प्रभावी होती है, जिससे किसानों की लागत में भारी कमी आती है। इफको क्षेत्राधिकारी अभिजीत मौर्य ने सागरिका और NPK कंसोर्टिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ये उत्पाद मृदा (मिट्टी) के स्वास्थ्य को सुधारने में सहायक हैं। सहायक आयुक्त सहकारिता देवेन्द्र कुमार सिंह ने कृषि में सहकारी प्रणाली की उपयोगिता पर बल देते हुए किसानों को आधुनिक तकनीकों को अपनाने हेतु प्रेरित किया। कार्यशाला के दौरान उन प्रगतिशील किसानों को माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपनी फसलों में नैनो यूरिया का सफल प्रयोग किया है और सकारात्मक परिणाम प्राप्त किए हैं। अंत में, जिला कृषि अधिकारी कमलेश कुमार सिंह ने अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर आभार व्यक्त किया।

